RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 194
नई दिल्ली, सोमवार, 23 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



भारतीय फिल्म उद्योग अधिक समावेशी बने

राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# बिहार में फिर चौंका सकते हैं नीतीश

- आरसीपी सिंह को तीसरी बार राज्यसभा टिकट नहीं दिए जाने की अटकलें
- राजद के साथ फिर गठबंधन करने जैसा बड़ा फैसला ले सकते हैं मुख्यमंत्री

**नवीन उपाध्याय**। नई दिल्ली



पटना में पत्रकारों से बातचीत करते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

**भारतीय** जनता पार्टी और जनता दल (यू) के संबंधों में तनाव की खबरों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने विधायकों को संकेत दिया है कि वे राष्ट्रहित में कुछ बड़ा निर्णय लेंगे। इससे यह संभावना बन रही है कि जदयू केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिंह को राज्यसभा का टिकट देने से इनकार कर सकती है।

उन्हें तीसरी बार राज्यसभा टिकट मिलेगा या नहीं, इस पर रहस्य बना हुआ है। जदयू के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि आखिरी मिनटों में कुछ हो तो हो, लेकिन ऐसा लगता है कि जदयू आरसीपी सिंह को तीसरी बार राज्यसभा नहीं भेजेगी। राज्यसभा में सिंह का कार्यकाल सात जुलाई को खत्म हो रहा है। जदयू के विधायकों और मंत्रियों ने इस मुद्दे पर अंतिम फैसला लेने के लिए नीतीश कुमार को अधिकृत किया है। नीतीश कुमार के हवाले से कहा गया है कि उन्होंने विधायकों और मंत्रियों के साथ अपनी बैठक में कहा था कि वह देश हित में कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। यह जानकारी शनिवार को इस बैठक में मौजूद रहे एक विधायक ने दी। आरसीपी को राज्यसभा टिकट नहीं देने का मतलब होगा, उन्हें पैदल करना। हालांकि भाजपा अपने कोटे से उन्हें उच्च सदन में भेज दे तो कहा नहीं जा सकता। बताया जाता है कि सिंह ने (शेष पेज 8)

## बंगाल में भाजपा को झटका, सांसद अर्जुन टीएमसी में गए

**सौगर सेनगुप्ता**। कोलकाता



**बंगाल** में भाजपा को रविवार को एक और झटका लगा। पार्टी के बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह ने आज तृणमूल कांग्रेस में शामिल होकर घर वापसी की। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र उत्तरी 24 परगना के कई नेताओं की मौजूदगी में अर्जुन सिंह ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा। अर्जुन सिंह बंगाल के जूट बेल्ट के कद्दावर नेता हैं और वे आम चुनावों से ठीक पहले मार्च 2019 में भाजपा में शामिल हो गए थे। लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांटे की टक्कर में टीएमसी सांसद दिनेश त्रिवेदी को हराकर बैरकपुर संसदीय सीट जीती थी। संयोग से त्रिवेदी भी इस समय (शेष पेज 8)

## केजरीवाल-केसीआर की 24 घंटे में दो बैठकें, गरमायी राजनीति

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली/चंडीगढ़



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और तेलंगाना के सीएम चंद्रशेखर राव की रविवार को दिल्ली में मुलाकात कर मौजूदा राजनीति सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। बीते 24 घंटे में दोनों मुख्यमंत्रियों की यह दूसरी बैठक हुई, इससे राजनीतिक कयासबाजी तेज हो गई।

दोनों क्षेत्रीय राजनीतिक दलों, आप और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का नेतृत्व करने वाले दो मुख्यमंत्रियों के बीच 24 घंटे में दूसरी बैठक, गैर-भाजपा गैर-कांग्रेसी राजनीतिक गठन के प्रयासों के मद्देनजर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी दल भाजपा से भिड़ेंगे। दिल्ली स्थित केजरीवाल के आवास पर लंच मीटिंग के बाद दोनों पंजाब के सीएम भगवंत मान की मौजूदगी में एक समारोह का हिस्सा बनने के लिए चंडीगढ़ पहुंचे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए दिल्ली के एक सप्ताह के दौरे पर हैं। केसीआर ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात की और आगामी राष्ट्रपति चुनावों सहित कई राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

उनका कई अन्य नेताओं से भी मिलने का कार्यक्रम है। सूत्रों ने कहा कि केसीआर और केजरीवाल ने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की। अप्रैल में पार्टी के स्थापना दिवस पर केसीआर ने पार्टी के राष्ट्रीय होने की घोषणा करते हुए प्रस्ताव पारित (शेष पेज 8)

# क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए मोदी जापान रवाना

- अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन जापानी प्रधानमंत्री किशिदा और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीस के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर करेंगे अहम चर्चा

**भाषा**। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रविवार की शाम दो दिवसीय यात्रा पर जापान के लिए रवाना हो गए, जहां वह क्वाड नेताओं के एक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे जो प्रभावशाली समूह के सदस्य देशों के बीच सहयोग को और मजबूत बनाने तथा हिन्द-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित घटनाक्रम पर चर्चा करने पर केंद्रित है। मोदी ने एक बयान में कहा कि शिखर सम्मेलन चार सदस्य देशों के नेताओं को क्वाड पहल की प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगा।

तोक्यो में 24 मई को होने वाले शिखर सम्मेलन में मोदी के अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, विश्व कल्याण शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए एक यात्रा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तोक्यो के लिए रवाना। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीस, जापान के प्रधानमंत्री किशिदा और अमेरिका के राष्ट्रपति जो. बाइडन के साथ क्वाड नेताओं का शिखर सम्मेलन। शिखर सम्मेलन से इतर मोदी बाइडन, किशिदा और अल्बनीज के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। मोदी ने कहा, जापान में, मैं क्वाड नेताओं की आमने-सामने की दूसरी शिखर वार्ता में भी हिस्सा लूंगा, जिससे चार क्वाड देशों के नेताओं को क्वाड के कदमों की प्रगति की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, हम हिन्द-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित घटनाक्रम और पारस्परिक हित के वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का अदान-प्रदान करेंगे। मोदी ने कहा कि जापान में (शेष पेज 8)

## परेशान चीन बोला, हिंद-प्रशांत रणनीति का विफल होना तय

**बीजिंग (भाषा)**। चीन ने जापान में क्वाड नेताओं के सम्मेलन से पूर्व चिंतित चीन ने अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति पर यह कहते हुए निशाना साधा कि इसका विफल होना तय है क्योंकि इसे अमेरिका ने उसे (चीन को) काबू में रखने के लिए आगे बढ़ाया है। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने दक्षिणी चीनी शहर गुआंगझाऊ में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में हिंद-प्रशांत रणनीति के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह हिंद प्रशांत रणनीति अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अधिकाधिक सतर्कता एवं चिंता पैदा कर रही है। विदेश मंत्री बनने के बाद बिलावल की यह पहली चीन यात्रा है। पिछले महीने इमरान खान सरकार के गिर जाने के बाद पाकिस्तान में नई सरकार बनी थी। वांग ने कहा कि अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति विफल रणनीति ही बनने जा रही है। वांग की यह टिप्पणी चीन (शेष पेज 8)

# राहुल गांधी इतालवी चश्मा उतारें: शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, भारतीय चश्मा पहन कर ही मोदी द्वारा किए गए विकास को देख पाएंगे राहुल गांधी

**भाषा**। नामसई




अरुणाचल प्रदेश के नामसई में एक रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पूर्वोत्तर भारत में भ्रष्टाचार की संस्कृति को समाप्त किया है और विकास कार्यों के लिए निर्धारित धन अब आखिरी व्यक्ति तक पहुंचता है, जबकि कांग्रेस के शासन में अधिकतर राशि बिचौलिए हड़प जाते थे। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन के 50 साल में इस क्षेत्र को नजरअंदाज किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद ही इस क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ। उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री से यह सवाल करने पर कांग्रेस पर निशाना साधा कि उन्होंने क्षेत्र के लिए किया क्या है। शाह ने कहा कि यदि कांग्रेस आंखें बंद रखेगी, तो वह विकास को देख नहीं पाएगी। शाह ने कहा, राहुल गांधी, आंखें खोलिए और इतालवी चश्मे उतारकर भारतीय चश्मे पहनिए। तभी आप क्षेत्र में मोदी द्वारा किए गए विकास को देख पाएंगे, जो आपकी पार्टी 50 साल में करने में नाकाम रही। उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासन के दौरान इस क्षेत्र के लिए दी गई विकास निधि को बिचौलियों ने हड़प लिया, लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के केंद्र की सत्ता में आने के साथ ही भ्रष्टाचार की संस्कृति समाप्त हो गई है और एक-एक पैसे का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया है कि विकास का पैसा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

शाह ने दावा किया कि पूर्ववर्ती सरकारों की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण पूर्वोत्तर को पहले उग्रवाद के लिए जाना जाता था, लेकिन अब शांति स्थापित हो गई है, क्योंकि केंद्र ने अधिकतर उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा, क्षेत्र में पिछले आठ साल में कम से कम 9,600 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है और वे मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। पूर्वोत्तर के युवा अब बंदूक संस्कृति में रुचि नहीं लेते और स्टार्ट-अप शुरू कर रहे हैं। केंद्र क्षेत्र में शांति एवं विकास लाने के (शेष पेज 8)

# दो बेटियों के साथ महिला ने की खौफनाक तरीके से आत्महत्या

- कमरे को गैस चैंबर बनाने के लिए ऑनलाइन मंगवाया सामान, 10 पेज का सुसाइड नोट मिला
- आर्थिक तंगी, बीमारी, रिश्तेदारों से दूरी और समाज से अलग-थलग हो जाने को बताया मौत का कारण

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**वसंत** विहार इलाके में एक महिला ने अपनी दो बेटियों के साथ आत्महत्या कर ली। परिवार गहरे डिप्रेशन में था, क्योंकि महिला के पति की कोविड-19 से मौत हो गई थी। महिला ने दस पेज के सुसाइड नोट में पूरे परिवार को खौफनाक तरीके से मौत देने का कारण बताया है।

वसंत विहार थाना पुलिस ने तीनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस मामले में परिवार वालों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया शनिवार रात करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली की वसंत अपार्टमेंट में एक फ्लैट का गेट अंदर से बंद है। अंदर रहने वाले दरवाजा नहीं खोल रहे हैं। इसके बाद एसएचओ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा घर का दरवाजा और सभी खिड़कियां अंदर से बंद थी। गेट तोड़ कर पुलिस कर्मी अंदर गए तो उनके होश उड़ गए। कमरे में अंगीठी जली हुई थी और गैस सिलेंडर का नॉब खुला हुआ था।

एक ही कमरे में तीन महिलाओं के शव पड़े थे। मरने वालों की पहचान मां मंजू और बेटी अंशिका और अंकू के रूप के हुई। जांच में पता चला कि आत्महत्या से दो दिन पहले घर को गैस चैंबर में तब्दील करने के लिए कोयला, अंगीठी, सेलो टेप और एल्यूमिनियम फव्याइल ऑनलाइन मंगवाया था। दीवार पर लिखा था, यहां जहरीली गैस है, लाइटर न जलाएं। मंजू के पति की कोरोना के चलते 2021 में मौत हो गई थी। इसके बाद से पूरा परिवार डिप्रेशन में था। मंजू की तबियत भी खराब रहने (शेष पेज 8)

# सिद्धार्थनगर में सड़क हादसे में आठ की मौत

- प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**भाषा**। सिद्धार्थनगर



सिद्धार्थनगर में ट्रक से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त गाड़ी

**सिद्धार्थनगर** जिले के जोगिया उदयपुर में बारातियों को लेजा रही एक गाड़ी के ट्रक से टकरा जाने से आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना शनिवार रात करीब एक बजे की है। जानकारी के अनुसार कुछ बाराती विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गाड़ी से लौट रहे थे, तभी जिले के जोगिया उदयपुर के ग्राम कटया में सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी गाड़ी टकरा गई और गाड़ी में सवार सात लोगों की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि गाड़ी में चालक समेत कुल 11 लोग सवार थे। इस हादसे में सचिन पाल (16), मुकेश पाल (35), लालाराम पासवान (26), शिवसागर यादव (18), रवि पासवान (19), राम बरन (35), पिंटू गुप्ता (25) तथा चालक गौरव मौर्य (22) की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर शोक जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी के हवाले से ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कार्यालय ने एक अन्य ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में एक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी घटना पर शोक व्यक्त किया है और अधिकारियों को घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,326 | |
| निफ्टी | 16,266 | |
| सोना | 50,608 | /10g |
| चांदी | 61,657 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बिहार में 40 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**लखीसराय, पटना**। पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) के मोकामा-किउल खंड पर बड़हिया रेलवे स्टेशन पर रविवार को धरना-प्रदर्शन के कारण बिहार में करीब 10 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और 30 का मार्ग बदल दिया गया या निर्धारित गंतव्य से पहले उसकी यात्रा पूरी कर दी गई। लखीसराय के डीएम संजय कुमार के मुताबिक पटना से करीब 120 किमी. दूर बड़हिया स्टेशन पर अपनी मांगो को लेकर बड़ी संख्या में लोग पटरियों पर बैठ गए। आंदोलनकारी स्थानीय यात्रियों की सुविधा के लिए कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करने की मांग कर रहे थे जिनका वहां कोई ठहराव नही था। डीएम और रेलवे पुलिस उपाधीक्षक इमरान परवेज द्वारा आंदोलनकारियों को अपना आंदोलन वापस लेने के लिए मनाने के प्रयासों का कोई नतीजा नही निकला।

# सपा विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं हुए आजम खान और शिवपाल



**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की 18वीं विधानसभा का सत्र शुरू होने से एक दिन पहले समाजवादी पार्टी के मुख्यालय में रविवार को बुलाई गई विधायक दल की बैठक में पार्टी विधायक आजम खान और शिवपाल सिंह यादव शामिल नहीं हुए। सपा मुख्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों से तथ्यों और तर्कों के साथ जनहित के मुद्दों को उठाने की सीहत दी। आजम के बैठक में शामिल न होने पर सपा नेताओं ने कहा कि हाल ही में सीतापुर जेल से जमानत पर रिहा हुए खान रामपुर में हैं और स्वास्थ्य कारणों से वह बैठक में शामिल नहीं हो सके। रामपुर से सपा विधायक खान के अलावा उनके बेटे एवं विधायक अब्दुल्ला आजम और प्रगतिशील (शेष पेज 8)

## अखिलेश को लग गई है एसी की हवा : राजभर



- सहयोगी दल ने ही सपा प्रमुख पर साधा निशाना

**मऊ (भाषा)**। समाजवादी पार्टी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को एयर कंडीशनर की हवा छोड़ घर से बाहर निकल कर लोगों तथा कार्यकर्ताओं से मिलने और अपने संगठन को मजबूत करने की सलाह दी है।

राजभर ने यहां अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में अखिलेश को नसीहत देते हुए कहा सपा अध्यक्ष को एयर कंडीशनर की हवा लग गई है। उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच आना चाहिए और उनसे मुलाकात करनी चाहिए। मैं जब उनसे मिलूंगा तो कहूंगा कि आप बाहर निकलिए और कार्यकर्ताओं से मिलिए। अपने इस बयान के बारे में पूछे जाने पर राजभर ने पीटीआई-भाषा से कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता उनसे शिकायत करते हैं कि अखिलेश किसी से भी नहीं मिलते, इसलिए उन्हें (शेष पेज 8)

# सिरे नहीं चढ़ीं योजनाएं, दिल्ली को कैसे मिले पानी

- उत्तर प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश ने पानी के आदान-प्रदान की योजना में नहीं दिखाई दिलचस्पी
- दिल्ली को लगभग 1200 एमजीडी पानी की आवश्यकता, जलबोर्ड की क्षमता केवल 950 एमजीडी आपूर्ति

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली




**भीषण** गर्मी से जूझ रही दिल्ली में आगामी कुछ दिनों के दौरान पानी का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। दिल्ली सरकार को पहाड़ी राज्य हिमाचल से अतिरिक्त पानी देने से मना कर दिया है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश भी पीछे हट गया है और हरियाणा ने भी राजधानी के साथ पानी के आदान-प्रदान के प्रस्ताव पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। दिल्ली को लगभग 1200 एमजीडी पानी की आवश्यकता होती है, जबकि दिल्ली जल बोर्ड लगभग 950 एमजीडी की ही आपूर्ति कर पाता है।

मामले के जानकार एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राजधानी को अतिरिक्त पानी देने की बातचीत साल 2019 से चल रही थी। प्रस्ताव के अनुसार दिल्ली ने उत्तर प्रदेश के पानी के बदले 14 करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) उपचारित अपशिष्ट जल प्रदान करने की योजना बनाई थी। इस समझौते में उत्तर प्रदेश ने कहा था कि वह मुराद नगर नियामक के जरिए गंगा से 270 क्यूसेक पानी दे सकता है। वहीं दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को सिंचाई के लिए ओखला से इतनी ही मात्रा में उपचारित अपशिष्ट जल प्रदान करने का वादा किया था। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार कई बैठकों और निरीक्षणों के बाद उत्तर प्रदेश ने लगभग छह महीने पहले पत्र लिखा कि वह योजना को आगे बढ़ाने का इच्छुक नहीं है। हालांकि केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार के प्रस्ताव के पक्ष में थी, लेकिन उत्तर प्रदेश ने इसे अस्वीकार कर दिया। उत्तर प्रदेश ने इसका कोई वाजिब कारण भी नहीं बताया है। दिल्ली ने हरियाणा के साथ भी एक प्रस्ताव पर विचार किया था, जिसके तहत सिंचाई के लिए 20 एमजीडी उपचारित अपशिष्ट जल के बदले हरियाणा से कैरियर लाइंड कैनाल (सीएलसी) और दिल्ली सब ब्रांच (डीएसबी) के माध्यम से पानी मांगा गया था।

अधिकारी ने बताया कि हरियाणा ने अभी तक इस प्रस्ताव पर सहमति नहीं जताई है। इस योजना पर कोई बात आगे बढ़ेगी, ऐसा होने की कम संभावना है। दिल्ली सरकार के जल बोर्ड ने दिसंबर 2019 में हिमाचल प्रदेश के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के अनुसार यमुना के अपने हिस्से के पानी को हिमाचल प्रदेश 21 करोड़ रुपए प्रति वर्ष के हिसाब से बेचता। इस पानी को हरियाणा के यमुना नगर जिले में स्थित ताजेवाला से दिल्ली तक पानी पहुंचाना था। इस समझौते का हरियाणा सरकार ने पुरजोर विरोध किया था। इस मामले में हरियाणा ने तर्क दिया (शेष पेज 8)

# रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ खोला मोर्चा

## निवासियों ने कहा, योजना से नहीं होगा कोई फायदा, वसुंधरा में निकाला पैदल मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एनसीआर का पहला रोपवे रूट बनाया जाएगा। इस रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ गाजियाबाद के निवासियों ने प्रदर्शन किया है। वसुंधरा में निवासियों ने रोपवे के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि इस रोपवे से कोई फायदा नहीं होगा। यह सिर्फ पिकनिक रोपवे बनकर रह जाएगा। गाजियाबाद के लोगों का कहना है कि बेफजूल के खर्चे हैं।

गाजियाबाद के वसुंधरा के निवासियों ने सेक्टर-5 से लेकर सेक्टर-6 तक पैदल मार्च निकाला। लोगों का कहना है कि गाजियाबाद और नोएडा को जोड़ने के लिए मेट्रो का विस्तार करना चाहिए। गाजियाबाद के हर हिस्से को जोड़ने के लिए मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम करना चाहिए, लेकिन उसके बावजूद भी प्राधिकरण इस पर ध्यान नहीं दे रहा है और बेफजूल के खर्चे कर रहा है। लोगों का कहना है कि नोएडा और गाजियाबाद समेत एनसीआर को जोड़ने के लिए गाजियाबाद से 4 रोपवे रूट बनाए जाएंगे। जिसपर करीब 450 करोड़ रुपए खर्च होंगे, लेकिन ये रोपवे ज्यादा से ज्यादा 10-15 साल ही चल पाएंगे।

वहीं, मेट्रो प्रोजेक्ट पर करीब 1800 करोड़ रुपए खर्च होंगे, लेकिन मेट्रो रूट 100 सालों तक चलेगा। इसके अलावा गाजियाबाद और नोएडा के निवासियों को कोई खास फायदा नहीं होगा। कुल मिलाकर गाजियाबाद के निवासियों ने रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध किया है।

गाजियाबाद मोहन नगर से वैशाली मेट्रो स्टेशन के बीच बनने वाले एनसीआर के पहले रोपवे की लंबाई 5.2 किलोमीटर होगी। इसका निर्माण एनएचएआई की विशेष परपज व्हीकल कंपनी राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड करेगी। पहले रोपवे मोहन नगर से वैशाली मेट्रो स्टेशन तक रोपवे चलाया जाएगा। उसके बाद 3 अन्य रूट पर चलाया जाएगा। इस 5.2 किलोमीटर रोपवे रूट को बनाने के लिए करीब 450 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके लिए 60 फीसदी खर्च निर्माण करने वाली कंपनी, 20 फीसदी जीडीए और 20 फीसदी खर्च केन्द्र सरकार वहन करेगा।


फाइल फोटो

**इन 4 रूटों पर बनेंगे रोपवे**

- गाजियाबाद मोहन नगर से वैशाली मेट्रो स्टेशन
- नया बस अड्डा से गाजियाबाद रेलवे स्टेशन
- वैशाली मेट्रो स्टेशन से सेक्टर.62 मेट्रो स्टेशन
- राजनगर एक्सटेंशन से हिंडन रिवर स्टेशन

## सोसाइटी में 5 दिन से नहीं आया पानी

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की केडब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी के 300 परिवारों को पिछले पांच दिन से पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे यहां के लोग परेशान हैं। पानी नहीं मिलने से परेशान लोगों ने रविवार को बिल्डर के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

राजनगर एक्सटेंशन की केडब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी में 11 टावर हैं, जिनमें करीब 1400 परिवार रह रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी के टावर ए और आई में पिछले पांच दिन से पानी नहीं आ रहा है, जिसको लेकर लोगों ने दिल्ली छह स्थित बिल्डर के कार्यालय पर जाकर प्रदर्शन किया। सोसाइटी निवासियों का कहना है कि पानी नहीं आने के कारण नहाने, कपड़े धोने समेत जरूरी कार्य नहीं कर पा रहे हैं।

पानी ना आने का कारण लगातार पूछा जा रहा है लेकिन बिल्डर या मेंटेनेंस कर्मचारी बताने को तैयार नहीं है। जब भी शिकायत लेकर जाते हैं दो तीन घंटे में पानी आने का आश्वासन देकर वापस किया जाता है। इसी तरह पांच दिन बीत गए हैं

# सीएजी ने प्राधिकरण की 26 फाइलों पर लगाईं आपत्तियां

## मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने 24 का दिया जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण की जांच में सीएजी ने 26 आपत्तियां लगाई थीं। इसमें से यमुना प्राधिकरण ने 24 आपत्तियों का जवाब दे दिया है। शेष 2 मामलों का भी जल्द जवाब दिया जाएगा। अब हर वर्ष सीएजी ऑडिट होता है, ताकि पारदर्शी तरीके से कामकाज हो सके।


अरुणवीर सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के दौरान प्राधिकरणों का सीएजी ऑडिट कराने की घोषणा की थी। उसके बाद से प्राधिकरणों का सीएजी ऑडिट शुरू हो गया है। यमुना प्राधिकरण का सीएजी ऑडिट किया गया। इसके लिए टीमें कई-कई दिन तक डेरा डाले रहती हैं। वह एक-एक फाइल को खंगालती हैं। नियमों के अनुसार ऑडिट किया जाता है। पिछले ऑडिट में यमुना प्राधिकरण की फाइलों में 26 आपत्तियां लगाई गई थीं। यमुना प्राधिकरण ने 24 आपत्तियों का जवाब दाखिल कर दिया। बचे हुए दो मामलों में भी जल्द जवाब दाखिल किया जाएगा ताकि मामले का निपटारा हो सके।

बताया जाता है कि सीएजी ने बिल्डरों, आवासीय परियोजनाओं और वित्त विभाग की फाइलों में आपत्तियां लगाई थीं। इन सभी का जवाब प्राधिरकण ने दिया है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि सीएजी ने जो आपत्तियां लगाई थीं, उनका जवाब दिया गया है। दो मामले अभी बचे हैं। उन पर भी जल्द ही जवाब दाखिल कर दिया जाएगा।

## घायलों को अब मौके पर मिलेगा इलाज

**नोएडा।** सड़क हादसों में घायलों को जल्द प्राथमिक उपचार मिले, इसके लिए दुर्घटना बहुल क्षेत्र (ब्लैक स्पाट) पर 14 एंबुलेंस तैनात की गई हैं। इससे हादसे में घायलों की जान बचाना आसान होगा।

102 व 108 एंबुलेंस के जिला प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि यदि इन स्थानों या इनके आसपास कहीं भी कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो निर्धारित स्थानों पर खड़ी एंबुलेंस तुरंत घायलों तक पहुंचेंगी और उन्हें प्राथमिक उपचार देकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाने का काम करेंगी। यह प्रयास यातायात पुलिस, परिवहन विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने जिला प्रशासन के तत्वावधान में संयुक्त रूप से किया है। हादसों के वक्त समय पर एंबुलेंस न मिलने या अस्पताल तक समय पर न पहुंच पाने के कारण भी बहुत से लोग दम तोड़ देते हैं। एंबुलेंस आने तक घायल सड़कों पर ही पड़े रहते हैं। यह भी एक कारण है कि जिससे सड़क हादसों में दम तोड़ने वालों की संख्या कम नहीं हो रही है।

# दो एसडीएम और एडीएम पर एफआईआर दर्ज

**● चिटहेरा भूमि घोटाला मामला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

चिटहेरा भूमि घोटाले में गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने दूसरी एफआईआर दर्ज करवाई है। इस बार दादरी तहसील के राजस्व निरीक्षक पंकज निरवाल की ओर से केस दर्ज करवाई गई है। इस एफआईआर में दादरी तहसील में तैनात रहे दो एसडीएम और हापुड़ के एडीएम पर गंभीर आरोप हैं।

पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जीवाड़ा और कूटरचना के आरोपों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आपको बता दें कि शनिवार को इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज की गई थी।

राजस्व निरीक्षक पंकज निरवाल ने अपनी शिकायत में लिखा है ग्राम चिटहेरा की भूमि प्रबंधक समिति ने 282 व्यक्तियों को कृषि भूमि के आवंटन का प्रस्ताव 3 जुलाई 1997 को पास किया था। जिसे तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने 20 अगस्त 1997 को स्वीकृति प्रदान की थी। इन पट्टों को लेकर अनेकों शिकायतें मिलीं। तमाम तरह की कमियां पाई गईं। भूमाफिया यशपाल ने अपने तीन नौकरों कर्मवीर, बेलू और कृष्णपाल को चिटहेरा का निवासी बनाकर उनके नाम सैकड़ों बीघा जमीन कराई। जबकि यह लोग बेहद गरीब हैं। इनकी आर्थिक दशा ऐसी नहीं है कि इतनी ज्यादा जमीन खरीद सकें। इन्हें पढ़ना.लिखना भी नहीं आता है। इसके बाद यशपाल तोमर ने इस जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी अपने नौकर मालू के नाम करवाई।

पंकज निरवाल ने आगे लिखा है, दादरी तहसील के अधिकारियों के साथ मिलकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया, क्योंकि सन 1997 के पट्टे जब तक यशपाल तोमर के आदमियों के नाम नहीं हुए, बहाल नहीं किए गए। यशपाल तोमर के नौकरों के नाम एग्रीमेंट होते ही इन पट्टों की पत्रावली एडीएम हापुड़ के यहां ट्रांसफर कर ली गई। एडीएम हापुड़ के न्यायालय से पट्टा बहाली का आदेश पारित किया गया।

# खुदकुशी मामले में पुलिस को इंजीनियर के कमरे से मिला पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौर सिटी सोसायटी के 14वें एवेन्यू की 21वीं मंजिल से कूदकर एक युवक और उसकी प्रेमिका ने सुसाइड कर लिया था। इस मामले में पुलिस के एक कागज मिला है। जिसमें एक शब्द सुसाइड और दोनों युवक.युवती के नंबर के अलावा परिजनों और कुछ दोस्तों के मोबाइल नंबर लिखे हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों एक दूसरे को पहले से जानते थे।

पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए। हालांकि इस मामले में पुलिस को अभी कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शुक्रवार दोपहर गाजियाबाद के रहने वाले इंजीनियर सचिन और एमबीए की पढ़ाई कर चुकी प्राची ने 21वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। जिस फ्लैट से युवक-युवती कूदे थे, वह सचिन के नाम है। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया। जिसके बाद दोनों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए।

# फ्लैट की रजिस्ट्री को लेकर किया प्रदर्शन

## बिल्डर के खिलाफ सोसायटी के लोगों ने की नारेबाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रजिस्ट्री का मुद्दा अब आम होता जा रहा है। शायद ही ऐसी कोई सोसाइटी बची होगी, जिस सोसाइटी में 100, 150 फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हुई हो। इसी को लेकर गौर सौंदर्यम सोसायटी के निवासियों ने रविवार को बिल्डर के खिलाफ खूब नारेबाजी की।

निवासियों का कहना है कि बिल्डर ने सारा पैसा ले लिया है, लेकिन फिर भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हुई है। निवासियों का कहना है कि गौरसन रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सामान्य निकाय बैठक निर्धारित की गई थी, बैठक का उद्देश्य गौर सौंदर्यम सोसाइटी में एओए प्रक्रिया को शुरू करना और 5 सदस्यों को चुनना था लेकिन बिल्डर द्वारा इस बैठक के लिए किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई। जिसकी वजह से बैठक को रद्द कर दिया गया। गौरतलब है कि गौर सौंदर्यम सोसाइटी के लगभग 390 फ्लैटों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई है।


फ्लैट की रजिस्ट्री को लेकर प्रदर्शन करते सोसायटीवासी।

## संक्षिप्त समाचार


बिल्डर के खिलाफ हाथों में लिखी तख्ती लेकर प्रदर्शन करते निवासी।

### बिल्डर के खिलाफ पचास दिन से धरना जारी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासियों ने बिल्डरों के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। हर रविवार को किसी न किसी सोसाइटी के निवासी बिल्डर के खिलाफ सड़क पर प्रदर्शन करने निकलते हैं और नारेबाजी करते हैं। रविवार को अजनारा ली गार्डन सोसायटी के निवासियों ने प्रदर्शन किया। अजनारा ली गार्डन सोसाइटी में पिछले 50 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा है। निवासी बिल्डर की नीतियों के खिलाफ धरने प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। सोसायटी के निवासियों ने बिल्डर की नीतियों के खिलाफ सोसाइटी से लेकर एक मूर्ति गोल चक्कर तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और बिल्डर की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। सोसाइटी के निवासी मुकेश गुप्ता ने बताया कि एनपीसीएल कनेक्शन, क्लब और रजिस्ट्री के मुद्दे को लेकर पिछले 50 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं।

### विवाहिता को घर से निकालने का आरोप

**गाजियाबाद।** ससुरालियों द्वारा विवाहिता को पीटकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। डबल स्टोरी निवासी प्रीति के मुताबिक, कुछ समय पहले उनकी शादी अरविंद कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि तभी से ससुराल के लोग उनपर दहेज लाने के लिए दबाव बना रहे थे। इसके लिए उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। लेकिन, घर बना रहे इसलिए वे सब सहन करती रही। आरोप है कि कुछ दिन पहले ससुराल के लोगों ने उन्हें घर से निकाल दिया और चेतावनी दी कि बिना दहेज लिए घर ना आए। परेशान पीड़िता अपने मायके पहुंची और पुलिस को सारी बात बताई।

**गुरुकुल में छात्रा की मौत का मामला**

# सीबीआई करेगी मामले की जांच : सुप्रीम कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा स्थित अर्श कन्या गुरुकुल में 2 साल पहले एक छात्रा की लाश फांसी पर लटकी मिली थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। सुनवाई करते समय सुप्रीम कोर्ट ने कहा अब इस पूरे मामले की जांच सीबीआई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने अर्श कन्या गुरुकुल के भीतर छात्रा की मौत के मामले में जांच सीबीआई को सौंप दी है। इससे पहले गुरुकुल के आचार्य और उनकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

दरअसल, नोएडा के सेक्टर 115 सोरखा में अर्श कन्या नामक एक गुरुकुल है। जिसमें हरियाणा की रहने वाली एक दसवीं क्लास की छात्रा की 3 जुलाई 2020 को मौत हो गई थी। छात्रा की मौत की जानकारी गुरुकुल के संचालकों ने परिजनों को फोन कर दी थी, लेकिन बिना पुलिस को सूचना दिए छात्रा का अंतिम संस्कार गुरुकुल में ही कर दिया गया था। बाद में छात्रा की मां ने गुरुकुल प्रबंधन पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से इसकी शिकायत की थी। छात्रा की मां ने गुरुकुल प्रबंधन पर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी की हत्या की गई है और सारे सबूत मिटाए गए हैं। इस मामले में छात्रा की मां ने 10 दिन बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर भी शिकायत की थी। जिसके बाद जांच में गुरुकुल की तरफ से एक सुसाइड नोट पुलिस को सौंपा गया था, लेकिन बाद में गुरुकल के आचार्य और उनकी पत्नी की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी।



जिसके बाद सेक्टर.49 कोतवाली में गुरुकुल के आचार्य जयेंद्र कुमार और उनकी पत्नी के खिलाफ धारा 302 सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। अब इस मामले में सुप्रीमकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंप दी है।

# पुलिस पर बाइक चोरी का केस दर्ज नहीं करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

राजमिस्त्री ने पुलिस पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि चोर उसकी बाइक लेकर घूम रहे हैं लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। बाइक चोरी होने के चार दिन बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आया जिसमें बाइक का चालान कासना में होने की सूचना है।

मेरठ निवासी यशवीर सिंह ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 37 में रहता है। वह राजमिस्त्री है। उसका आरोप है कि वह 16 मई को पौवारी गांव में काम पर गया था। वहां से किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ली। उसने पुलिस को मामले की सूचना दी। इसके बाद वह ईकोटेक 1 कोतवाली पहुंचा और पुलिस को लिखित शिकायत दी लेकिन पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया। उन्होंने बताया कि 20 मई को उसके मोबाइल पर मैसेज आया जिससे पता चला कि उसकी बाइक का कासना क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस ने तीन सवारी और बिना हेलेमट का चालान काटा है। उनका आरोप है कि पुलिस सही ढंग से छानबीन करती तो चोर पकड़े जाते और उनकी बाइक मिल जाती।

# युवक ने घर को बनाया जुए का अड्डा, 6 दबोचे

## हार-जीत को लेकर गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● नगदी, ताश की गड्डी और बीयर बरामद**

सेक्टर-51 में रहने वाला एक व्यक्ति अपने घर पर जुए का अड्डा चला रहा था। पैसे की हार जीत को लेकर बीती रात को मारपीट हो गई। पुलिस को सूचना मिली कि वहां पर गोलीबारी हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जुए के अड्डे संचालक समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने नगदी, ताश की गड्डी और बीयर की बोतल आदि बरामद किया है।

थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक यशपाल धामा ने बताया कि बीती रात को पुलिस को सूचना मिली कि होशियारपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट हो रही है और गोली चली है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि होशियारपुर गांव में रहने वाले संजय यादव नामक व्यक्ति अपने घर पर जुए का अड्डा चलाता है। वहां पर जुआ खेलने आए कुलदीप, सुंदर, प्रमोद, शकील, राजेंद्र आदि के बीच हार जीत को लेकर झगड़ा हुआ और मारपीट हुई। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी कि वहां पर गोली चली है। पुलिस ने संजय सहित छह लोगों को हिरासत में लिया है। इनके पास से करीब 41 हजार रुपए नगद, बीयर की बोतल, ताश की गड्डी, माचिस और मोमबत्ती आदि बरामद किया है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि संजय यादव अपने घर पर काफी दिनों से जुए का अड्डा चला रहा था।

## नोएडा में कोरोना के सक्रिय मरीज 300 से हुए कम

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मरीजों की संख्या अब 277 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को 38 नए मरीजों की पुष्टि की। नए मरीजों के मुकाबले स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या दोगुना रही।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक होम आइसोलेशन में 69 मरीज स्वस्थ हुए। एक सप्ताह से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या नए मरीजों के मुकाबले दोगुना है। जिससे सक्रिय मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है।


पुलिस द्वारा सीज किए वाहनों के साथ गिरफ्तार युवक।

# स्टंट करने वाला युवक धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● दो फॉर्चूनर कार और बाइक सीज**

नोएडा पुलिस ने अजय देवगन और सलमान खान के स्टाइल में स्टंट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है इसके अलावा उसकी दो फॉर्चूनर गाड़ी और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है। अब आरोपी पुलिस के सामने हाथ जोड़ कर बैठा है। इसका फोटो नोएडा पुलिस ने शेयर किया।

नोएडा और गाजियाबाद स्टंटबाजों का शहर बनता जा रहा है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस और गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस लगातार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है। उसके बावजूद भी कुछ लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला नोएडा से कल आया है, जहां पर एक युवक पहले 2 फॉर्च्यूनर गाड़ी पर खड़ा होकर स्टंट कर रहा है और फिर एक टायर पर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चला रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसके बाद पुलिस ने इस आरोपी की तलाश शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार किया। यह पूरा मामला नोएडा के सेक्टर 113 थाना क्षेत्र अंतर्गत सोरखा गांव का है।

वीडियो राजीव यादव के नाम से एक इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट की गई है। पहली वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक 2 फॉर्च्यूनर गाड़ी के बोनट पर पांव रखकर स्टंट कर रहा है। दूसरी वीडियो में दिख रहा है कि युवक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को एक टायर पर चला रहा है। दोनों वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने युवक की तलाश करना शुरू किया और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# डीएफसीसी और डीएमआईसी से प्रभावित किसानों का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● मांगे पूरी नहीं हुई तो लखनऊ करेंगे कूच**

डीएमआईसी और डीएफसीसी परियोजना से प्रभावित किसान पिछले लगभग साढ़े 5 महीने से ग्रेटर नोएडा के पल्ला गांव में धरना दे रहे हैं। किसानों ने फैसला लिया है कि आगामी 23 मई को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और जिला प्रशासन के अधिकारियों से नए भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ दिए जाने की मांग को लेकर वार्ता करेंगे।

किसानों का कहना है कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तो लखनऊ कूच करेंगे। इस जन जागरण अभियान में शनिवार को पल्ला, पाली और कठेड़ा आदि गांवों के किसान मौजूद रहे।

किसान अधिकार युवा रोजगार आंदोलन के आह्वान पर डीएमआइसी और डीएफसीसी परियोजनाओं से प्रभावित किसानों ने शनिवार को पंचायत की। किसानों का कहना है कि नए भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार बाजार दर का 4 गुना मुआवजा, 20 प्रतिशत प्लॉट एवं सभी भूमिधर और भूमिहीन परवारों के बच्चों को रोजगार दिए जाएं। इसको लेकर किसान पिछले 160 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं।

# फ्लैट बेचने के नाम पर 58.50 लाख की धोखाधड़ी

## आरोपियों के खिलाफ पीड़िता ने दर्ज कराया थाने में केस, जांच में जुटी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

राजस्थान के एक विश्वविद्यालय में डायरेक्टर बनाने और हिस्सेदारी दिलाने और फ्लैट देने के नाम पर एक महिला से 58.50 लाख की धोखाधड़ी कर ली। पीड़िता ने आरोपी सुनीता यादव समेत तीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता संतोष यादव ने शिकायत दी है कि उनके परिवार के मेरठ कैंट निवासी स्व विजयपाल यादव, उनकी पत्नी सुनीता यादव, पुत्री वर्षा यादव व पुत्र शुभम यादव से पारिवारिक संबंध थे। आरोपियों ने उन्हें बताया कि उनकी कंपनी मेरठ में एनएच 58 दिल्ली देहरादून बाईपास रोड पर द्वारिका हाट्र्स नाम से एक ग्रुप हाउसिंग बनाने जा रही है। जिसमें नगद भुगतान करने पर उन्हें फ्लैट बाजार भाव से सस्ता दे देंगे। पीड़िता उनकी बातों में आ गई और उन्हें 30 लाख देकर एक फ्लैट बुक कर लिया।



जिसका उन्हें 21 दिसंबर 2012 को अलाटमेंट लेटर देते हुए बायर एग्रीमेंट भी किया गया। फिर आरोपी वर्षा यादव ने उन्हें बताया कि उनका परिवार राजस्थान में श्रीधर नाम से यूनिवर्सिटी की योजना बना रहा है। जिसमें उन्हें 18.50 लाख देकर डायरेक्टर बनाने के साथ यूनिवर्सिटी में हिस्सेदारी भी मिल सकती है। पीड़िता आरोपियों की बात में आ गई और सात जुलाई 2014 को श्रीधर यूनिवर्सिटी के नाम पर 18.50 लाख रुपये का चेक दे दिए। पीड़िता ने आरोपियों से जब दी गई रकम की रसीद व अपनी हिस्सेदारी का प्रमाण पत्र मांगा तो उन्हें दस लाख रुपये और देने को कहा।

उन्होंने आठ जनवरी 2015 को दस लाख रुपये का चेक विजयपाल यादव को दे दिया, जो उनके खाते में कैश भी हुआ। इस तरह श्रीधर यूनिवर्सिटी में डायरेक्टरशिप व हिस्सेदारी देने के नाम पर विजयपाल यादव व उनके परिवार के लोगों उनसे 28.50 लाख रुपये ले लिए, लेकिन उन्हें सबूत के तौर पर कुछ नहीं दिया। पीड़िता ने बताया कि बाद में उन्हें पता चला कि विजयपाल यादव व उसके परिवार पर श्रीधर यूनिवर्सिटी के नाम से फर्जी डिग्री बेचने का आरोप है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आज से दिल्ली नगर निगम एक, बदलेगी पूरी व्यवस्था

## चुनाव होने तक केंद्र द्वारा नियुक्त नौकरशाहों के हाथों में होगी कमान, नहीं ले सकेंगे नीतिगत फैसले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में एक दशक बाद रविवार को एक बार फिर एकीकृत नगर निगम अस्तित्व में आ गया है। लोगों को घर के पास सुविधाएं मुहैया कराने के नाम पर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2011 में नगर निगम को तीन हिस्सों (उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी) में बांट दिया था। संसद के दोनों सदनों में पारित होने के बाद वर्ष 2012 से तीनों निगम काम कर रहे हैं। लेकिन प्रयोग असफल होने के बाद अब केंद्र सरकार ने इसे फिर से एक कर दिया है।

चुनाव होने तक केंद्र द्वारा नियुक्त विशेष अधिकारी अश्वनी कुमार और आयुक्त ज्ञानेश भारती ने रविवार को अपना पदभार संभाल लिया है। एमसीडीलचुनाव संपन्न होने के बाद इसके सदस्यों की पहली बैठक होने तक निगम का सारा कामकाज नौकरशाह ही देखेंगे। इस दौरान निगम की ओर से नागरिकों को दी जाने वाली सारी सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहेंगी। नौकरशाहों की तरफ से केवल नीतिगत फैसले नहीं लिए जाएंगे। निगम अधिकारियों के अनुसार, नए सदन का चुनाव होने तक विशेष अधिकारी निगम के मामलों को संभालने वाला शीर्ष अधिकारी होंगे। जनता को सर्वोत्तम नागरिक सुविधाएं प्रदान करना और स्वच्छता सेवाओं में सुधार उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं होंगी। विशेष अधिकार अश्वनी कुमार से मीडिया से बातचीत में कहा, स्वच्छता किसी भी नगर निकाय का एक बुनियादी और अनिवार्य कार्य है तथा इसका प्रभाव हमेशा जमीन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसलिए उनकी प्राथमिकता शहर में साफ सफाई को और बेहतर करने की होगी। एजीएमयूटी कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी कुमार पुडुचेरी के मुख्य सचिव थे। केंद्र सरकार ने हाल में उनका स्थानांतरण दिल्ली किया था और वह नई तैनाती का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने रविवार को एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर में विशेष अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। वहीं, भारती एजीएमयूटी कैडर के 1998 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और फिलहाल दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त हैं। वह दिल्ली के तीन निगम आयुक्तों में सबसे वरिष्ठ थे। भारती ने कहा, उनकी प्राथमिकता दिल्ली के लोगों को पारदर्शी तरीके से एमसीडी की बेहतरीन सेवाएं मुहैया कराने की होगी।

निगम सूत्रों के अनुसार, निगम का एस्टेब्लिशमेंट शेडयूल बनाया जाएगा, जिसमें विभागों के अध्यक्ष और अन्य कर्मियों को अधिसूचित किया जाएगा। साथ ही तीनों निगम का मुख्यालय क्या होगा, यह भी अधिसूचित किया जाना है। कौन सा विभाग कहां होगा, अधिकारी कहां बैठेंगे, इसे भी अधिसूचित किया जाएगा। निगम के अधिकारियों ने बताया कि पहले अस्थायी तौर पर भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों की नियुक्ति की जा सकती है।

फिर धीरे-धीरे इसे स्थायी किया जाएगा। विशेष अधिकारी की मंजूरी से आयुक्त प्रमुख अभियंता, निगम सचिव, जनस्वास्थ्य अधिकारी की नियुक्ति की जा सकती है। केंद्र ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर कहा था कि दिल्ली के तीनों नगर निगमों का 22 मई को औपचारिक तौर पर विलय होगा। तीन नगर निकायों को एकजुट करने के लिए एक विधेयक को 30 मार्च को लोकसभा और पांच अप्रैल को राज्यसभा द्वारा अनुमोदित किया गया था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा 18 अप्रैल को सहमति दिए जाने के बाद यह विधेयक एक अधिनियम बन गया। अधिनियम वार्ड संख्या को मौजूदा 272 से घटाकर 250 करने की बात कहता है।



विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार और आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कार्यभार संभाला।

### पांच करोड़ तक की परियोजना मंजूर कर सकेंगे आयुक्त

महापौर और निगम सदन के बजाय अब विशेष अधिकारी काम करेंगे, जिनके पास सर्वाधिक अधिकार होंगे। हालांकि, पांच करोड़ रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं को निगमायुक्त खुद मंजूर कर सकेंगे, लेकिन इससे ज्यादा की लागत वाली परियोजना के लिए विशेष अधिकारी की मंजूरी जरूरी होगी। विशेष अधिकारी के पास वही अधिकार होंगे, जो निगम सदन के पास होते हैं। ऐसे में ज्यादातर आदेश विशेष अधिकारी की मंजूरी के बिना लागू नहीं हो पाएंगे। वहीं, प्रतिनियुक्ति पर आए कई अधिकारियों को अपने मूल विभाग में भी जाना होगा।

### जल्द हो सकता है कमेटी का गठन

*नियमित कार्यवाही चलाने के लिए जल्द ही कमेटी का गठन किया जा सकता है। इस कमेटी में निगम के आला अधिकारियों समेत कुछ जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे आम जनता के कार्यों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आसानी से किया जा सके। इस कमेटी में कुछ पूर्व महापौर और अन्य वरिष्ठ पार्षदों को शामिल किए जाने की उम्मीद है।*

# मानसून से पहले नालों की सफाई पर आप व भाजपा आमने-सामने

### नालों की सुध लेने को तैयार नहीं भाजपा : आप

**नई दिल्ली।** भाजपा शासित एमसीडी नालों की सफाई ना करके दिल्ली को इस वर्ष भी जलमग्न करना चाहती है। दिल्ली में मॉनसून कभी भी आ सकता है लेकिन भाजपा ने अपने अंतर्गत आने वाले नालों की सफाई अबतक शुरू नहीं की है। यह आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने लगाते हुए कहा कि नालों की सफाई के लिए जेसीबी की कमी के कारण बीजेपी एमसीडी को जेसीबी किराए पर लेना पड़ता है।



पाठक ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में 5 जून के बाद कभी भी मॉनसून आ सकता है। पिछले कई सालों से हम देख रहे हैं कि भाजपा की एमसीडी के कारण दिल्ली बारिश के पानी से सराबोर हो जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी को अबतक जेसीबी की व्यवस्था कर लेनी चाहिए थी लेकिन उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया की शुरुआत तक नहीं की है।

### आप बताए कहां-कहां सफाई कराई : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दुर्गेश पाठक को दिल्ली के विषय में सामान्य जानकारी तक नहीं है। उनका यह कथन पूरी तरह झूठ है क्योंकि दिल्ली के बारापुला, नजफगढ़, ईस्टर्न नालों सहित सभी 30 फुट से अधिक चौड़ी सड़कों के नाले यानि की दिल्ली के 75 प्रतिशत नाले लोक निर्माण विभाग, जल बोर्ड एवं फलड विभाग के अंतर्गत आते हैं जबकि कालोनियों के छोटे पाले या नाली ही नगर निगम के आधीन हैं। उन्होंने दुर्गेश पाठक को चुनौती दी है की वह बतायें की दिल्ली में कहां-कहां लोक निर्माण विभाग, जल बोर्ड या फ्लड विभाग ने नालों की सफाई पूरी की है।

वहीं दिल्ली नगर निगम ने दावा किया है कि मानूसन से पहले अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी नालों की सफाई के लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। निगम द्वारा 15 जून से पहले सभी नालों से गाद निकालने का कार्य पूर्ण करने की योजना है।

# डिवाइडर से टकराकर फ्लाईओवर से गिरी कार, महिला की मौत

**नई दिल्ली।** सत्यवती फ्लाईओवर पर रविवार तड़के एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना में पूनम भाटिया की मौत हो गई जबकि उनके बेटे वत्स (21) का दीप चंद बंधु अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना उस समय हुई जब उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार निवासी भाटिया और उनका बेटा एक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि भाटिया का बेटा कार चला रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि महिला कार से नीचे गिरने के बाद फ्लाईओवर से गिर गई। कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) उषा रंगनानी ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे भारत नगर थाने में दुर्घटना के संबंध में सूचना मिली।

जब स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें दिल्ली के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक गाड़ी क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सत्यवती फ्लाईओवर पर कार के डिवाइडर से टकराने के बाद चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया।

# ई-साइकिल खरीद पर मिलेगी सब्सिडी



**नई दिल्ली।** ई-साइकिल खरीदने वालों को जल्द ही प्रोत्साहन राशि मिलेगी। केजरीवाल सरकार जल्द ही सब्सिडी भुगतान के लिए दिशा-निर्देश जारी कर सकती है। पिछले महीने राजधानी में बिकने वाली पहली 10 हजार ई-साइकिल के लिए प्रत्येक को साढ़े पांच हजार रुपए की सब्सिडी देने का ऐलान किया था। ई-साइकिल की खरीद पर सब्सिडी के भुगतान के लिए परिचालन दिशा-निर्देश अगले सप्ताह जारी किए जाएंगे। दिशा-निर्देशों में सब्सिडी योजना के तहत आने वाले ब्रांड और प्रोत्साहनों का लाभ उठाने के तौर तरीकों समेत अन्य विवरण होंगे। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा था कि ई-साइकिल के पहले 1000 खरीदारों को भी दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत 2,000 रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। व्यावसायिक उपयोग के लिए कार्गो ई-साइकिल और ई-कार्ट के पहले 5 हजार खरीदारों के लिए 15,000 रुपए की सब्सिडी को भी मंजूरी दी।

## वैट घटाकर सस्ता करे पेट्रोल-डीजल : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल के दाम करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा तीसरी बार उत्पाद शुल्क घटाने करने के बाद भाजपा ने केजरीवाल सरकार से भी दामों को कम करने के लिए वैट में कटौती की मांग की है।

बदरपुर में भाजपा के पोल-खोल अभियान के दौरान रविवार को दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार से वैट में कमी करके डीजल की कीमतों में 15 रुपए और पेट्रोल की कीमतों में 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती करने की मांग की। अगर केजरीवाल सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक सप्ताह में कटौती नहीं की तो भाजपा आन्दोलन चलाने के लिए मजबूर होगी।

## देश में वस्तुओं के दाम 10 फीसदी कम हों : कैट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीज़ल के दामों में उत्पाद शुल्क को कम करके महंगाई कम करने की दिशा में सरकार ने बड़ी राहत दी है। इस छूट से रोज़मर्रा की वस्तुओं की क़ीमतों में कम से कम 10 प्रतिशत की कमी हो। यह मांग

कैट ने लोगों के लिए केंद्र से की है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्र के इस कदम को प्रधानमंत्री मोदी की जनता के प्रति संवेदनशीलता बताते हुए कहा की उत्पाद शुल्क में कमी सरकार की जनता को महंगाई से राहत देने की मंशा को स्पष्ट करता है।

# जामिया में इस साल भी मिलेगी सिविल सेवा की नि:शुल्क कोचिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) इस सत्र में भी सिविल सेवा की तैयारी करने वाले छात्रों को निशुल्क कोचिंग देने जा रहा है।

इसके लिए आरसीए ने अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। अकादमी की स्थापना के बाद से इससे कोचिंग लेने वाले 245 से अधिक उम्मीदवार सिविल सेवा में चयनित हो चुके हैं, जबकि 376 उम्मीदवारों को अन्य केंद्रीय व राज्य सेवाओं में नौकरी मिली है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) ने वर्ष 2022-2023 की प्रारंभिक एवं मुख्य सिविल सेवा परीक्षा की नि:शुल्क कोचिंग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की आखिरी तारीख 15 जून दी। बयान के मुताबिक, विश्वविद्यालय उम्मीदवारों का चयन करने के लिए दो जुलाई को परीक्षा आयोजित करेगा।

- **अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन आमंत्रित**



# आध्यात्मिक शक्ति के बल पर भारत विश्व गुरु बनेगा : केंद्रीय मंत्री


बोहड़ाकलां गांव स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर से समाज परिवर्तन के लिए संस्था की ओर से ईश्वरीय योजना अभियान की शुरुआत के दौरान दीप प्रज्ज्वलित करते केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री प्रतिमा भौमिक व अन्य अतिथि।


कार्यक्रम में उपस्थित संस्था से जुड़े सदस्य व अन्य लोग।

### आध्यात्मिक शक्ति के बल पर भारत विश्व गुरु बनेगाः केंद्रीय मंत्री

### प्रतिमा भौमिक ने समाज परिवर्तन के लिए ईश्वरीय योजना अभियान का किया आगाज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**ब्रह्माकुमारीज** के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में समाज परिवर्तन के लिए ईश्वरीय योजना अभियान का भव्य आगाज हुआ। रविवार को दादी प्रकाशमणि ऑडिटोरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री प्रतिमा भौमिक, डॉ. रोजर गोपाल, उच्चायुक्त त्रिनिदाद और टोबैगो, संस्था के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन, ओआरसी की निदेशिका आशा दीदी एवं ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके प्रेम ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज इंसान को इंसान बनाने की फैक्ट्री है। जब भी मैं ब्रह्माकुमारीज संस्था में आती हूं तो आंतरिक शांति का अनुभव करती हूं। संस्था में माताओं और बहनों की सबसे अधिक संख्या है, क्योंकि मातृशक्ति ही समाज में परिवर्तन ला सकती हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ब्रह्माकुमारीज के साथ मिलकर नशामुक्ति अभियान चलाना चाहती है। सरकार बिना जन भागीदारी के कोई भी कार्य नहीं कर सकती। ब्रह्माकुमारी बहनें काफी समय से नशामुक्ति अभियान के द्वारा अनेक युवाओं का जीवन बदल रही हैं। मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि आध्यात्मिक शक्ति के बल से ही भारत विश्व गुरु बनेगा। दुनिया के सारे सुख, परमात्म सुख के सामने तुच्छ हैं। सारे विश्व में परमानन्द आनंद प्राप्त करने का ब्रह्माकुमारीज ही केवल एक मात्र स्थान है।

### हिंदी नहीं आती, दिल से भारतीय हूं : डा. रोजर

**त्रिनिदाद** एवं टोबैको के उच्चायुक्त डॉ. रोजर गोपाल ने कहा कि मुझे हिंदी नहीं आती है, लेकिन दिल से मैं भारतीय हूं। जीवन का स्तर विचारों के स्तर पर निर्भर करता है। जरूरत है तो स्वयं को जानने की क्योंकि शांति का असली शांति हमारे ही भीतर है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि त्रिनिदाद और टोबैगो में ब्रह्माकुमारीज संस्था है। संस्था के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन ने कहा कि आध्यात्मिकता के समावेश से ही समाज सुधार संभव है। गरीबी का मूल कारण भी वास्तव में चरित्र की गरीबी है। परमात्मा ने हमें यही संदेश दिया कि दिव्य गुणों को अपनाने से ही ये समाज सुखी और शांत होगा। उसके लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण की आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारी बहनें ईश्वरीय माध्यम बनकर ही समाज सुधार का कार्य कर रहीं हैं।

### जो कर्म मैं करूंगा, मुझे देखकर और करेंगेः आशा

**ओआरसी** की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि समाज परिवर्तन से पहले स्वयं का परिवर्तन जरूरी है। ब्रह्माकुमारीज का पहला सिद्धांत ही है कि जो कर्म मैं करूंगा, मुझे देखकर और करेंगे। समाज सेवा का मूलमंत्र समाज सुधार है। आज वैचारिक दृष्टिकोण में परिवर्तन की अति आवश्यकता है। जो सकारात्मक चिंतन से ही संभव हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मूक बधिक चैम्पियनशिप में चौथा रैंक लौटे विकास का स्वागत


गुरुग्राम के खिलाड़ी विकास सोलंकी का स्वागत करते साथी।

**गुरुग्राम।** ब्राजील में मूक-बधिर में चौथा स्थान हासिल करके लौटे खिलाड़ी विकास सोलंकी का गृह नगर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व विकास सोलंकी समेत अन्य खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुलाकात की। विकास सोलंकी ने कहा कि अब वर्ष 2025 में जापान में होने वाले डिप ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना ही उनका लक्ष्य है। इसके लिए वे अभी से खुद को तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि असफल होने पर रुकना नहीं है, बल्कि कड़ी मेहनत करके लक्ष्य प्राप्त करना है। दिल्ली के अशोका होटल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात करके उन्होंने अपनी भविष्य की योजना को भी साझा किया। विकास ने अपने गुरु एशियन जज सिहान राजू किडवाल, सिहान सुनील सैनी, रजनेश चौधरी का भी धन्यवाद किया है, जिनके मार्गदर्शन में उसने खेल प्रशिक्षण लिया। सभी कोच व खेल प्रेमियों ने विकास सोलंकी का स्वागत हुए उनके हौंसले को सराहा और भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो भाइयों में से एक की मौत

**सोहना।** सोहना से लगता गांव चहालका में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो सगे भाइयों में से एक की मौत हो गई। दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। शनिवार की शाम को गांव बाईखेड़ा निवासी दो सगे भाई कर्मबीर व धर्मबीर अपने मामा के गांव अकबरपुर तावडू से अपने गांव आ रहे थे। जब वे चहालका के पास पहुंचे। उसी समय पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया। दोनों ही भाई सड़क किनारे गिर गए। जिससे कर्मबीर को सिर में लगी गहरी चोटों के कारण बेहोश हो गया। उसके साथ उसका बड़ा धर्मबीर को चोटें लगीं। कर्मबीर को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने मृतक घोषित कर दिया। तावडू पुलिस ने रविवार की सुबह नागरिक अस्पताल में मृतक की पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

### समाज सेवी ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर


सोहना में लगे स्वास्थ्य शिविर का रिबन काटकर उद्घाटन करते मुख्यअतिथि।

**सोहना।** रविवार को साधु सुंदर सिंह चर्च सोहना में सवास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समाज सेवी उषारानी बागडी द्वारा आयोजित किया। शिविर में नि:शुल्क दवाइयां, थाइराइड, सी बीसी,एल एफ टी, केएफ टी, आरबीएस, एचबी, बीपी आदि खून की जांच नि:शुल्क की गई। सभी मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया गया। फादर राजेश कोनॉय, उषारानी और कार्तिक बागडी द्वारा रिबन काट कर कैम्प का आरंभ किया गया। बालाजी हॉस्पिटल, सहमति फाउंडेशन और कार्तिक बागडी के सहयोग से कैम्प का आयोजन किया गया। मास्टर विजय भगोरिया, सरदार रमेश सांवरिया, हरभगवन तंवर, ओमप्रकाश सेवानिवृत्त अधिकारी, राजवती, सविता, सुशील कुमार, राहुल फिरोजपुरिया, रवि लुहेरा, प्रवीण, अनिल कुमार आदि मौजूद थे। शिविर के बाद उषारानी बागडी ने बताया कि उनका यह सेविका का अभियान पिछले करीब दो वर्ष से चल रहा है। भविष्य में भी उनका यह कार्य ऐसे ही चलता रहेगा। ताकि बेसहारा और गरीब लोगों की सेवा हो सके।

### ऋणों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना शुरू

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना शुरू की है। इसके तहत यदि लाभार्थी मूल ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या 6 किस्तों में एक जून, 2022 तक लौटाता है तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि यह योजना उन ऋणियों को कवर करेगी जिनका ब्याज 31 मार्च 2019 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। योजना 31 मार्च 2019 को डिफॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। ऋण लेने वालो को 6 महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी। यदि ऋणी बकाया मूल राशि को एकमुश्त या किश्तों में छह महीने के भीतर चुका देता है तो वह लाभार्थी महिला ब्याज की 100 फीसदी छूट के लिए पात्र होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि छूट का लाभ ऋणी को बकाया मूलधन की अंतिम किश्त के भुगतान के समय दिया जाएगा। ब्याज में छूट केवल उन्हीं कर्जदारों को दी जाएगी जो 6 माह के भीतर पूरी बकाया मूल राशि का भुगतान कर देंगे।

# खिलाड़ियों ने नौकायन में फिर जीते कई पदक

**सोहना।** क्याकिंग एंड कनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के खिलाड़ियों ने नौकायान में रविवार को भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। एकल और टीम के सामूहिक प्रयासों से हासिल की गई जीत से खिलाड़ी काफी उत्साहित हो रहे हैं।

आज के खेल के बारे में जानकारी देते हुए जयदीप कोच ने बताया कि 32वीं राष्ट्रीय नौकायन प्रतियोगिता लोअर झील भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित चल रही है। आज के मुकाबलों में हरियाणा जूनियर महिला टीम ने 200 मीटर की ड्रैगन बोट दौड़ में भी अपना परचम लहराते हुए गोल्ड मेडल जीता। टीम में मोनिका पुत्री अनिल कुमार और संजना पुत्री विक्रम निवासी अभयपुर व प्रतिभा पुत्री मुकेश निवासी बालूदा (सोहना) ने टीम में अपना अदम्य साहस का परिचय देते हुए गोल्ड मेडल के मुकाम तक पहुंचाया। इसके अलावा लड़कों की प्रतिस्पर्धा हर्ष खटाना ने 500 मीटर नौकायान दौड़ में सिल्वर मेडल जीता। इस क्षेत्र के बच्चों के द्वारा इस तरह से लगातार पदकों पर कब्जा करना एक बहुत ही बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। एक बाद एक एकल और टीम को मिल रही जीत से युवाओं में भी जोश आ रहा है। होनहार बच्चों द्वारा इतनी अधिक संख्या में पदक जीतने पर ऋ षि राज डांगी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष क्याकिंग एंड कनोइंग एसोसिएशन हरियाणा, वर्तमान एसोसिएशन के अध्यक्ष श्योराज खटाना दमदमा बच्चों को मुबारकबाद दी है।


रविवार को हुए मुकाबलों में क्याकिंग एंड कनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के जीते मेडलों के साथ खड़े खिलाड़ी।

# एफडीआई में बढ़ोतरी मजबूत नीतियों का परिणाम

### गुरुग्राम है कम्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, सेवा क्षेत्र और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का हब

### वर्ष 2021-22 में प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी

### पर्यावरण संरक्षण विभाग के भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वर्ष** 2021-22 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश से साफ हो गया है कि विदेशों में भारत की साख मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत नीतियों का यह परिणाम है कि विदेशियों के लिए पूंजी निवेश को पहली पसंद भारत बना है।

यह जानकारी सांझा करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि सरकार की इस उपलब्धि ने विपक्षी नेताओं की जुबान बंद कर दी है, जो विदेशों में भारत की खराब छवि बताकर देश-प्रदेश में राजनीतिक रोटियां सेकते हैं। नवीन गोयल ने कहा कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से विपक्षी दलों को समझ जाना चाहिए कि वे जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, मोदी सरकार के पास उसका सारा तोड़ है। भारत ने वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश दर्ज किया है, जो कि साल 2020-21 में यह 81.97 फीसदी था। इससे साफ है कि भारत अब पूंजी निवेश के लिए विदेशियों की पहली पसंद बन गया है। कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में सबसे अधिक एफडीआई हुई है। सेवा क्षेत्र और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में भी सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दर्ज किया गया है। श्री गोयल ने कहा कि हरियाणा में सबसे अधिक राजस्व सरकार को देने वाला गुरुग्राम कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, सेवा क्षेत्र और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का हब है। यहां हजारों कंपनियां इस क्षेत्र में काम कर रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भविष्य में यहां पर और भी इन क्षेत्रों के उद्योगों में बढ़ोतरी होगी।


नवीन गोयल।

विदेशी पूंजी निवेश सिर्फ इंडस्ट्री लगाना ही नहीं, बल्कि देश-प्रदेश के युवाओं को रोजगार का भी बड़ा माध्यम बनेगा। हरियाणा के स्थानीय युवाओं को उद्योगों में 75 फीसदी रोजगार की गारंटी देकर हरियाणा में मनोहर सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है। नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जो ऐतिहासिक निर्णय हो रहे हैं, वे प्रदेश के विकास, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्रों के लिए लंबे समय तक याद किए जाएंगे। मारुति सुजूकी कार, सुजूकी बाइक के गुरुग्राम के बाद खरखौदा में उद्योग लगने की शुरुआत सीधे तौर पर उत्तर हरियाणा के विकास का मार्ग खोल दिया है। अब वहां के युवाओं को रोजगार के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं होगी। शिक्षा के क्षेत्र में पहले से वह क्षेत्र अग्रणी है, अब औद्योगिक नगरी भी बनने जा रहा है।

# युवा महोत्सव युगम-2022 में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

### मुख्यअतिथि संदीप सेजवाल ने युगम-222 की प्रबंधन टीम की सराहना की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**श्रीगुरु** गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव-युगम-2022 का समापन हो गया। कार्यक्रम के दौरान अर्जुन अवार्डी ओलंपियन तैराक संदीप सेजवाल मुख्य अतिथि थे।

युवा महोत्सव में बोलते हुए संदीप सेजवाल ने युगम-2022 की प्रबंधन टीम के जोश की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण दो साल के लंबे इंतजार के बाद इतने सारे युवाओं को अलग-अलग कार्यक्रमों में प्रतिभागी करते हुए देखना एक आनंद का आभार देता है खेल सहित विभिन्न श्रेणियों के तहत भाग लेते हुए देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई। श्रीसेजवाल ने कहा कि युवाओं को खुद को मर्यादा में लाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए।


गुरुग्राम के बुढेड़ा स्थित एसजीटी विश्वविद्यालय में अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव-युगम-2022 में फैशन शो में भाग लेती छात्र।

उन्होंने कहा कि यूथ फेस्टिवल युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच है। वीसी प्रो. विनोद कुमार ने युवा महोत्सव युगम-2022 की प्रबंध समिति को बधाई दी और काव्यात्मक अंदाज में कहा कि अगर युवा चाहते तो मरूभूमि में भी फूल खिला दे। उन्होंने कहा कि द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भविष्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) के डीन डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि इन तीन दिनों के दौरान, एसजीटी विश्वविद्यालय ने 33 विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया और 70 विभिन्न संस्थानों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के 1,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय, मानव रचना विश्वविद्यालय, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, अल-फलाह विश्वविद्यालय जैसे कई विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने कुकिंग, डिबेट, रंगोली, टैटू मेकिंग, क्विज, फेस मेकओवर जैसी कई कैटेगरी में हिस्सा लिया। इस अवसर पर दशमेश एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन मधुप्रीत कौर चावला और मैनेजिंग ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला के साथ-साथ कुलपति, प्रो. विनोद कुमार, डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर (डीएसडब्ल्यू) डॉ. विजय शर्मा, एसजीटी विश्वविद्यालय उपस्थित थे।

# नकली हथियार से ऑटो लूटने वाले तीन बदमाश दबोचे

### अदालत ने तीनों बदमाशों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने ऑटो की लूट करने वाले तीन लुटेरों को घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार पर्दाफाश कर दिया। बदमाशों ने ऑटो चालक की कनपटी पर लगाया अवैध हथियार नकली निकला। अदालत ने तीनों गिरफ्तार बदमाशों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

चार दिन पहले शहर के गुरुग्राम मार्ग पर रात दस बजे के करीब चालक की कनपटी पर अवैध हथियार लगाकर ऑटो व नकदी लूटने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान दिनेश, विक्रम व पवन को वजीराबाद गुरूग्राम के रूप में हुई है। जिन्हें पुलिस ने तीसरे आरोपी विक्रम की निशान देही पर उनके घर पर छापामारी करते हुए दबोचा। विक्रम को पुलिस ने सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर घूमते हुए शनिवार की शाम को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से लूटा गया ऑटो और जिस बाइक पर सवार होकर आए थे। वह ऑटो लूटने से पहले चोरी की गई थी। इसके अलावा जिस हथियार को आईटीआई कॉलोनी सोहना निवासी ऑटो मालिक आबिद की कनपटी पर लगाया था। वह भी बरामद कर लिया है। लेकिन जांच करने पर हथियार नकली पाया गया है। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि आबिद शुक्रवार की रात करीब दस बजे अपने ऑटों में सीएनजी लेने गुरुग्राम मार्ग पर जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी के पास गया था।

# छह माह पहले डाली सीवर लाइन नहीं हुई चालू


सोहना के नागरिक अस्पताल परिसर में बंद सीवर लाइन को खोलने का प्रयास करते हुए अस्पताल के कर्मचारी।

**सोहना।** नागरिक अस्पताल परिसर में पिछले छह माह से सीवर लाइन बंद होने के कारण गंदा पानी आम रास्ता व स्टाफ क्वार्टरों के परिसर में उबाल ले रहा है। जिससे यहां रहने वाले डॉक्टर समेत अन्य कर्मचारियों का जीवन नारकीय बना हुआ है। सोमवार को एसडीएम को नागरिक अस्पताल की तरफ से शिकायत की जाएगी।

नागरिक अस्पताल में करीब एक साल पहले 72 लाख रुपये में सीवर, पानी और बिजली की नई लाइनें डालने का ठेका छोड़ा गया था। ठेकेदार ने लाइनें बिछाने के कार्य में पूरी तरफ से लापरवाही बरती हुई है। यहां के कर्मचारी रेणु भाटी ने बताया कि नई सीवर लाइन डाले छह माह से अधिक का समय हो गया है। लेकिन ठेकेदार द्वारा चालू नहीं किया है। जयभगवान का कहना है कि पुराने सीवर लाइन जगह-जगह से टूट जाने के कारण बंद हो गई है। जिससे सीवरों के कट्टरों से निकलने वाला गंदा पानी क्वॉटर परिसर व आम रास्तों में खुला जमा हो रहा है। जिससे उठती बदबू ने डॉक्टर और कर्मचारियों के जीवन नरकीय बना दिया है।

> “**सोमवार** को ठेकेदार समेत लोक निर्माण विभाग के खिलाफ एसडीएम को लिखित में शिकायत दी जाएगी। संभव हुआ तो एसडीएम का अस्पताल परिसर में सीवर कनेक्शन चालू न होने से हो रही परेशानियों दिखाने के उद्देश्य से निरीक्षण भी किया का सकता है।
>
> **डॉ प्रवीण प्रकाश यादव (एसएमओ)**

# सोहना के कूड़ा-कचरा केन्द्र पर 24 घंटे से धधक रही आग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।

**शहर** के पुराना अलवर मार्ग के साथ बना नगर परिषद का अस्थाई कूड़ा निस्तारण केन्द्र में लगी 24 घंटा धधक रही है। आग से उठता हुआ धुआं नागरिकों सांसें लेना भी मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा धुएं से फेफडे से संबंधित जानलेवा बीमारियां होने की पूरी-पूरी संभावनाएं बनने लगी है।

नगर परिषद का शहर के वार्ड-13 की पीर कॉलोनी के साथ बना अस्थाई कूड़ा केन्द्र का कचरा शहर के पुराने अलवर मार्ग के दोनों तरफ 300 से 400 मीटर की लंबाई तथा 5 से 7 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है। जिसमें 24 घंटा आग लगी होने से उठता धुआं ने यहा की आवोहवा को दूषित कर रखा है। इस कूड़े केन्द्र के तीन तरफ आबादी वाला क्षेत्र लगता है। जहां आम नागरिकों को धुआं से नागरिकों के बीमार होने की पूरी-पूरी संभावनाएं बनी हुई है। इस कूड़ा केन्द्र से वार्ड 13 की पीर कॉलोनी, पहाड़ कॉलोनी, आईटीआई कॉलोनी, नट कॉलोनी, नूंह जाने वाले मार्ग पर बनी जावेद कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर आदि में रहने वाले नागरिकों के बीमार होने का खतरा मंडरा रहा है।


सोहना के पुराने अलवर मार्ग पर नगर परिषद का बना कूड़ा केन्द्र के कचरा में लगी आग।

**कूड़े से खाद बनाने की गति धीमी** : नगर परिषद की तरफसे कूड़ा केन्द्र पर कचरे से खाद बनाने का ठेका छोड़ा हुआ है, लेकिन कचरा की खाद बनाने की गति धीमी होने के कारण कूड़े का ढेर जितना एक दिन में समाप्त होता है। उससे दो गुणा बढ़ जाता है।

**आबादी क्षेत्र से बाहर बने कूड़ा केन्द्र** : कूड़ा केन्द्र पर जलती आग और उसे उठता धुएं से परेशान नागरिक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग वालों की आबादी 60 से 70 फीसदी है। आर्थिक अभाव के कारण स्थानीय नागरिक किसी अन्य स्थान पर भी पलायान नहीं कर सकते है। भजनलाल का कहना है कि कूड़ा केन्द्र को शहर की आबादी क्षेत्र से करीब पांच किलोमीटर दूर बनाया जाए। राजेश का कहन है कि कूड़ा केन्द्र के कचरा को आवारा घूमने वाले कुत्तों से लेकर पक्षी तक घर के आंगन में गिरा जाते हैं।

> “**कूड़ा** केन्द्र से उठता धुंआ फेफड़ों से संबंधित जानलेवा बीमारी नागरिकों को अपनी चपेट में ले सकती है। अस्थमा और टीबी जैसी जानलेवा बीमारियां है। इससे शरीर के अन्य भाग भी समाप्त होने की सभावना होती है।
>
> **डॉ. प्रवीण प्रकाश यादव (एसएमओ)**

# पश्चिमी यूपी के 17,000 डेयरी किसानों ने बनाई हरित प्रदेश दुग्ध उत्पादक कंपनी

### उद्घाटन केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान ने किया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**केंद्रीय** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान ने आज पश्चिमी यूपी के 17,000 से अधिक दूध उत्पादकों के स्वामित्व वाली इकाई हरित प्रदेश दुग्ध उत्पादक कंपनी (एचपीएमपीसी) का उद्घाटन करते हुए कहा की सरकार किसानों द्वारा खुद का संगठन बनाने की पहल में उनका समर्थन करेगी।

उन्होंने क्षेत्र के 7 जिलों के किसानों को सशक्तिकरण और उद्यमिता के अर्थ को सही मायने में प्रदर्शित करने के लिए बधाई दी। डॉ. बालियान ने कहा कि सरकार एचएमपीपीसी को इस प्रकार वर्णित करने वाली पहलों का समर्थन करेगी। सरकार 4500 पशु चिकित्सा एम्बुलेंस भी उपलब्ध कराएगी, जिनमें से एक बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश की होगी, डॉ. बालियान ने कहा, राज्य के किसानों के उत्थान के लिए उत्तर प्रदेश में ऐसी चार अन्य संस्थाएं संचालित हैं। वाराणसी, अमेठी, रायबरेली और बुंदेलखंड की सुविधा के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की सराहना करते हुए डॉ. बालियान ने कहा कि केंद्र सरकार का ध्यान कृषि क्षेत्रों के विकास पर है जहां बजटीय आवंटन 2014 में 22000 करोड़ रुपये से 132,000 करोड़ रुपये है। इस अवसर पर राजेन्द्र अग्रवाल, लोकसभा सदस्य, विजय पाल सिंह तोमर, राज्यसभा सदस्य, भोला सिंह, लोकसभा सदस्य, कान्ता कर्दम, राज्यसभा सदस्य और प्रदीप कुमार



चौधरी, लोकसभा सदस्य, साथ ही सुरेंद्र सिंह, मंडलायुक्त, मेरठ उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अवसर पर सराहनीय सामूहिकता और उद्यमी पहल के लिए क्षेत्र के दुग्ध किसानों की भरपूर प्रशंसा की। इस अवसर पर बात करते हुए, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मीनेश शाह ने कहा एनडीडीबी परिवार डेयरी किसानों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बनाने और उनके चेहरे पर एक स्थायी मुस्कान लाने के लिए हर दिन तत्पर है।

एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज (एनडीएस) के प्रबंध निदेशक, डॉ सौगत मित्रा ने बताया कि एमपीसी की पहल ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी केंद्रित है। कृत्रिम गर्भाधान और अन्य विकसित प्रौद्योगिकियों के अलावा पशु आहार और क्षेत्र विशिष्ट खनिज मिश्रण के लिए एक बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करके दूध उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए दूध किसानों की मदद करने के लिए एनडीएस 2009 में अस्तित्व में आया था। समारोह के शुरुआत में संगठन के अध्यक्ष कपिल भारद्वाज ने मंत्री, सांसदगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से क्षेत्र के हजारों दूध किसानों के आर्थिक उत्थान में निश्चित रूप से मदद मिलेगी।

# अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज हर्ष गिल ने बांग्लादेशी बॉक्सर को धूल चटाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## हर्ष गिल ने बांग्लादेश के मुक्केबाज हीरा मीया को नॉकआउट कर किया खिताब पर कब्जा



बांग्लादेश के ढाका में हुए मुकाबले का एक फाइल फोटो।

**द्रोणाचार्य** बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज हर्षगिल ने बांग्लादेश, ढाका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रोफेशनल बॉक्सिंग में बांग्लादेश के मुक्केबाज हीरा मियां को तीसरे राउंड में नॉकआउट कर खिताब पर कब्जा किया।

शुरू करें दोनों राउंड में भारत की के हर्ष गिल तथा बांग्लादेश के मुक्केबाज हिरा मिया का मुकाबला खींचकर दिखाई दे रहा था। दोनों तरफ मुक्के एक दूसरे पर लगातार चलाए जा रहे थे, लेकिन तीसरे राउंड में हर्ष गिल ने लगातार बांग्लादेशी मुक्केबाज पर हावी होते दिखाई दिए और हर्ष गिल ने अपने मुक्कों की बौछार तीसरे राउंड में धराशाई कर खिताब पर कब्जा किया, हर्ष गिल किसी परिचय के मोहताज नहीं है, क्योंकि उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है (वह सेक्टर 10 केएल दयानंद पब्लिक स्कूल में स्थित द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब मे प्रैक्टिस करते हैं तथा उनके कोच अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर डॉ.राजीव गोदारा जी हैं। उनके पिता लखविंदर गिल फरीदाबाद सेक्टर-11 में रहते हैं। इससे पहले हर्ष कई बार राष्ट्रीय स्तर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल कर चुके हैं। उन्होंने 19 जुलाई 2019 सर्बिया में आयोजित गोल्डन ग्लब्स ऑफ वोजवोदिना अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और जनवरी 2021 में नोएडा में आयोजित प्रोफेशन बॉक्सिंग में भी जीत हासिल की थी। वह अभी तक बिना कोई मैच हारे लगातार 6 प्रोफेशनल फाइट जीत चुके हैं राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने स्कूल नेशनल गेम्स 2018 असम में हुई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। ओपन नेशनल 2018 चंडीगढ़ में रजत पदक हासिल किया। ऑल इंडिया साई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2018 रोहतक में हुई प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। खेलो इंडिया गेम्स 2018 दिल्ली में रजत पदक हासिल किया। वह गवर्नर की तरफ से साल 2018 में पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। हर्ष गिल एक बिजनेसमैन का बेटा है लेकिन उन्होंने ऐसो आराम की जिंदगी छोड़ कर बॉक्सिंग में कदम रखा और देश के लिए ओलंपिक में मेडल जीतने का एक मकसद बना लिया। अब अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज हर्ष गिल एशियन टाइटल बाउट की तैयारी में जुट गए हैं अगला मुकाबला एशियन टाइटल के लिए होगा।

# वायरल और उल्टी दस्त से ग्रस्त मरीजों की बढ़ी संख्या

## एक माह में आठ मरीजों की मौत, बच्चों की संख्या अधिक

कविता। फरीदाबाद



**बदलते** मौसम और दूषित पेयजल की आपूर्ति के कारण शहर में वायरल और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। जिले के सिविल अस्पताल में करीब दो दर्जन से ज्यादा उल्टी दस्त व अन्य प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त मरीज अस्पताल के विभिन्न वार्डों में दाखिल हैं। वहीं सूत्रों की माने तो एक माह में उल्टीदस्त से ग्रस्त करीब आठ मरीजों की मौत हो चुकी है। जिसमें बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है। इन बीमारियों से पीड़ित मरीज रोज भारी संख्या में अस्पताल की ओपीडी में अपना इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक मौसम में परिवर्तन आने के कारण से जिले में वायरल के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बीके अस्पताल के अपातकालीन वार्ड में पिछले दो दिनो में करीब बीस से भी ज्यादा मरीज अपना इलाज करवाने के लिए आ चुके हैं। इसके साथ ही रविवार को अस्पताल के मेडिकल वार्ड समेत बच्चा वार्ड में वायरल और उल्टी दस्त से ग्रस्त दर्जनों की संख्या में मरीज दाखिल है। इसके अलावा अस्पताल के अपातकालीन वार्ड में अनेक मरीज वायरल और उल्टी दस्त से पीड़ित दाखिल है। इस बारे में जब बीके अस्पताल के डॉक्टर योगेश गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बदलते मौसम और दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण से जिले में वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के एक फिजिशियन के पास लगभग डेढ़ सौ से दो सौ की संख्या में मरीज अपना इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं। जिसमे से करीब सौ से भी अधिक मरीज बुखार से पीड़ित पाए जाते हैं।

**हो रही मौतें:** अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में आने वाले बच्चों की लगातार मौत भी हो रही हैं। पिछले एक माह में आठ डायरिया से ग्रस्त मरीजों की मौत हुई है। जिसमें बच्चों की संख्या अधिक थी, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान ही नहीं जा रहा है।

### ये हैं वायरल के लक्षण

**डॉ. गुप्ता** का कहना है, कि बुखार होने पर बदन दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी-दस्त जैसे लक्षण नजर आते हैं। अगर वायरल है तो तुरन्त डॉक्टर को दिखाएं। डॉ. योगेश गुप्ता का कहना है कि मामूली बुखार होने पर तुरन्त डॉक्टर से परामर्श लें। लापरवाही से समस्या बढ़ सकती है।

## कोविड के 18 पॉजिटिव मिलें, 57 संक्रमित हुए ठीक

**फरीदाबाद।** जिले में रविवार को कोरोना वायरस के 18 मामले पॉजिटिव आए हैं। जबकि अच्छी बात यह है की 57 लोगों को ठीक होने पर घर भेज दिया गया है। वहीं जिला में कोरोना का रिकवरी रेट भी 99.20 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव के 9 केस अस्पताल में भर्ती है। जबकि होम आइसोलेशन पर जिला में 249 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या 258 है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं।

जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए, टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में आज 1251 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि जिला फरीदाबाद में 1614201 लोगों द्वारा अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 129507 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1482873 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 1765 लोगों के रिजल्ट आने बाकी है। जिला में सैंपल पॉजिटिव रेट 8.02 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 99.20 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 0.20 प्रतिशत है। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राम भगत ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार फरीदाबाद जिला में 1744574 लोगों को अब तक सर्विलांस पर रखा गया है।

# एमआर बना टॉयकैथॉन का ग्रैंड फिनाले का नोडल सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित किया जा रहा टॉयकैथॉन

**मानव** रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद को 24 से 26 मई, 2022 तक टॉयकैथॉन (भौतिक संस्करण) के ग्रैंड फिनाले के आयोजन के लिए नोडल केंद्रों में से एक के रूप में चुना गया है। एमआरआईआईआरएस में भाग लेने वाली टीमें ट्रैक 1 से संबंधित हैं। जिसमें कक्षा 8-12 के छात्र शामिल हैं। हैकाथॉन के दौरान टीमें अपने खिलौने या डिजिटल एप्लिकेशन का निर्माण करेंगी और उन्हें अपने संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा लगातार सलाह दी जाएगी और मूल्यांकनकर्ताओं के पैनल के सामने अपने अंतिम उत्पाद पेश करेंगे।

भारत, शतरंज, लूडो, सांप और सीढ़ी जैसे कई विश्व स्तर पर लोकप्रिय खेलों का घर होने के बावजूद, खिलौनों के अग्रणी डेवलपर्स और निर्माताओं में से नहीं है। प्रधान मंत्री, नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत टॉयकैथॉन की कल्पना भारतीय सभ्यता, इतिहास, संस्कृति, पौराणिक कथाओं और लोकाचार पर आधारित उपन्यास टॉय एंड गेम्स की अवधारणा के लिए भारत के अभिनव दिमाग को चुनौती देने के लिए की गई है।

टॉयकैथॉन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक अंतर-मंत्रालयी पहल है।

वर्तमान में, भारत का खिलौना बाजार लगभग 1.5 बिलियन अमरीकी डालर का है, जो मुख्य रूप से आयातित खिलौनों का प्रभुत्व है। इसके अलावा, इनमें से अधिकांश खिलौने भारतीय विरासत, सभ्यता और मूल्य प्रणालियों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। टॉयकैथॉन भारत में छात्रों, शिक्षकों,स्टार्ट-अप और खिलौना विशेषज्ञों/पेशेवरों के लिए अपने नवीन खिलौने/खेल अवधारणाओं को प्रस्तुत करने और बड़ी संख्या में 50 लाख रुपये के पुरस्कार जीतने का एक अनूठा अवसर है। विजेता टीमों के प्रयास उद्योग और निवेशकों के समर्थन से असाधारण खिलौना अवधारणाओं का व्यावसायीकरण के लिए किए जाएंगे।

# कॉलेज में जागरुकता शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



छात्राओं को सड़क सुरक्षा और महिला सुरक्षा के प्रति जागरुक करती पुलिस अधिकारी।

**सुषमा** स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय बल्लभगढ़ में रोड सेफ्टी, लिगल लिटरेसी, रेड रिबन क्लब, एंटी टेबेकू (तम्बाकू) मिशन के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, लेक्चर एवं रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्या कृष्णा श्योरान के नेतृत्व में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दुर्गा शक्ति एएसआई बबीता, ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर भगिरथ, चावला कालोनी चौकी से एएसआई कमल, एसीई एम्बुलेन्स से अनिल, एवं रोड सेफ्टी कार्डसिल से देवेन्द्र सिंह और बलजीत सिंह ने महाविद्यालय की छात्राओं से रोड़ सुरक्षा,महिला सुरक्षा तम्बाकू निषेध एवं विभिन्न कानूनी सलाहों से सम्बन्धित परिचर्चा की। इसके पश्चात प्राचार्या कृष्णा श्योरान एवं रोड सेफ्टी इंचार्ज डॉ. सौरभ, लिगल लिटरेसी इंचार्ज रमनप्रीत, एंटी तम्बाकू एवं रेड रिबन इंचार्ज डॉ. धर्मवीर के नेतृत्व में छात्राओं की रैली निकाली गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों जिनमें डा. सपना सचदेवा, उषा दहिया, डॉ. ऋचा, डा. जगजीत, चन्द्रशेखर, भावना कौशिक ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# पूर्व छात्र-छात्राओं का हुआ मिलन समारोह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



अग्रवाल कॉलेज में पूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह में सीए प्रदीप बंसल को सम्मानित करते प्रिंसिपल डॉ.केके गुप्ता।

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ की पूर्व छात्र मिलन संगठन के द्वारा पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व छात्र (सीए) कैलाश चंद गुप्ता व पूर्व छात्र (सीए) प्रदीप बंसल रहे। पूर्व छात्र मिलन संगठन अध्यक्ष व मार्गदर्शक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

पूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह में महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया, जो कि समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी एलुमनाई को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वो सभी संस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है; और जिस प्रकार से आप अपने ज्ञान, विकास, विवेक, शिक्षा, कौशल से महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं; यह गर्व की बात है। जीवन में फेल होना बड़ी बात नहीं, अपनी कमजोरियों को अपनी ताकत बना कर जीवन पथ पर चलने की सलाह दी और गुरुदक्षिणा के रूप में सभी विद्यार्थी महाविद्यालय के साथ जुड़े रहें। इस बात पर बल दिया। इस अवसर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। डॉ. के.एल. कौशिक ने महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। कैलाश चंद गुप्ता ने अपने संबोधन से इस मिलन समारोह के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से यादें पुनर्जीवित हो गई। इस अवसर पर (सी.ए.) प्रदीप बंसल ने भी अपने विचारों से अवगत कराते हुए उपभोक्ता अधिनियम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी अपने जीवन की सभी कामयाबी का श्रेय महाविद्यालय को देते हुए आभार व्यक्त किया और छात्र-छात्राओं को स्वयं रोजगार करने के लिए प्रेरित किया।

## लावारिश किशोरी को परिजनों से मिलवाया

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सरजीत सिंह की टीम ने मुंबई से गुम हुई लड़की को परिजनों से मिलाने का कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 वर्षीय नाबालिग लड़की ट्रेन में बैठ कर आ रही थी। जिस पर संदेह होने पर बच्ची को फरीदाबाद रेलवे पुलिस ने अपने पास रख कर क्राइम ब्रांच कैट और चाइल्ड हेल्प सेंटर को सूचित किया। क्राइम ब्रांच कैट टीम और चाइल्ड हेल्प सेंटर केयर की तरफ से रविंदर पहुंचे। लड़की से काउंसलिंग करने पर पता चला कि लड़की मुंबई की रहने वाली है। लड़की के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं होने पर नजदीकी पुलिस थाना टिटवाला जिला ठाणे मुंबई से संपर्क किया गया।

# आतंक से लड़कर शहीद हुए देश के वीरों को दी श्रद्धांजलि




राष्ट्रीय आतंकवाद विरोध दिवस पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को पेंटिंग बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित करती एनएचतीन के सरकारी स्कूल की छात्राएं।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएच-तीन** स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर आतंक से लड़ कर प्राण न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि यह दिन शांति, सद्भाव और मानव जाति के संदेश को फैलाने और लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर करना है। उन्होंने बताया कि उनकी एक गलती किस प्रकार से राष्ट्रीय समस्या बन सकती है। आतंकवाद का लोगों और देश पर इसके प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। आतंकवाद विरोधी दिवस आतंकवाद के सभी पीड़ितों और उनके परिवारों को याद करने के लिए भी मनाया जाता है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि वर्ष 2001 के संसद हमलों के पीड़ितों को याद करने और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, फिर से प्रतिबद्ध होने के लिए भारत आतंकवाद विरोधी दिवस मनाता है। यह दिन सभी हितधारकों के बीच आतंकवाद विरोधी सहयोग और समन्वय के महत्व को दर्शाने का भी एक अवसर है। आतंकवाद विरोधी दिवस की स्थापना के पश्चात से ही यह दिवस आतंकवाद के खतरे के विरुद्ध निरंतर सतर्कता रखने को याद दिलाता है। गत कुछ वर्षों में भारत ने अपने आतंकवाद विरोधी प्रयासों को द्रुत गति दी है, परंतु आतंकवाद का खतरा निरंतर बना हुआ है। राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर हम इस संकट से लड़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करते हैं और उन सभी के साथ एकजुटता से खड़े होते हैं जो आतंकवादी हमलों से प्रभावित हुए हैं। प्राचार्य ने बताया कि यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के रूप में भी मनाया जाता है जिनकी 1991 में इसी दिन एक आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। विद्यालय की एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका ने और प्राध्यापिका शीतल ने छात्राओं की राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की जिस में प्राची दत्त को प्रथम, चंचल को द्वितीय और नताशा को तृतीय घोषित किया गया।

# गीता चन्द्रन के भावपूर्ण भरतनाट्यम ने मनमोहा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## नाट्य वृक्ष द्वारा दो साल बाद दिल्ली में प्रख्यात नृत्यांगना गीत चन्द्रन की एकल नृत्य प्रस्तुति का आयोजन

**प्रख्यात** नृत्यांगना (पद्मश्री) गीता चन्द्रन ने महामारी के दौरान अपने अनुभवों के आधार पर आंतरिक नृत्य यात्रा की अवधारणा रखी है। दो साल के दौरान के उनके नये कार्यों को कला-संगीत प्रेमियों के समक्ष लाने के लिए नाट्य वृक्ष द्वारा दिल्ली स्थित इंडिया हैबीटैट सेंटर के स्टाइन सभागार में 'इन सर्च ऑफ इन्फिनिटी' यानि अनंत की खोज, शीर्षक से एक नृत्य संध्या का आयोजन किया गया। इस नृत्य संध्या के माध्यम से (पद्मश्री) गीता चन्द्रन ने लगभग दो वर्ष बाद दिल्लीवासियों के समक्ष मंच पर अपनी पहली एकल भरतनाट्यम प्रस्तुति दी। मंच पर गीता चन्द्रन को उनके साथी कलाकार शरण्या चंद्रन, के. वेंकटेश, मनोहर बालाचन्द्रणे, वरुण राजशेखर, सुजीत नायक, एवं वीएसके अन्नादोराय ने संगत दी।

'इन सर्च ऑफ इन्फिनिटी' शीर्षक से आयोजित इस संध्या में अपने नृत्य की शुरुआत गीता चंद्रन ने हिंदी कवि जय शंकर प्रसाद-जी की 'बीती विभावरी जाग री' से की। जिसे उन्होंने उस काले महामारी के रूपक के तौर पर इस्तेमाल किया और बताया कि अत्यधिक सावधानी के साथ एक बेहतर कल को गले लगाने के लिए अपने दूरी बनाने की आवश्यकता है।

गीता चन्द्रन की प्रस्तुति में महामारी के दौरान उनके अनुभवों को नृत्य के माध्यम से देखने का यह बेहतरीन अवसर था, उन्होंने विविधता के साथ अपने अनुभव को मंच पर सशक्तता के साथ उतारा। उनकी एक प्रस्तुति में भगवान कृष्ण द्वारा मानवता की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाने का प्रसंग, नृत्य में विभिन्न नव-रस का संदर्भ बन जाता है। यहां नर्तकी का कहना है कि महामारी ने उसे दुख, आश्चर्य, घृणा और प्रेम की भावनाओं को समझने का गहरा अहसास कराया है।

# संक्षिप्त समाचार

## एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में मनीष ने जीता रजत पदक



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि नेशनल एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स 3 का 21 मई को एक दिवसीय आयोजन कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर (उडीसा) में किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 800 मीटर दौड़ में कृष्ण (भिवानी) ने 1 मिनट 47 सेकेण्ड 92 माइक्रोन का समय देकर पहला स्थान प्राप्त कर एथलेटिक्स हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। मनीष सिंह (फरीदाबाद) ने पोलवाल्ट इवेंट में 4 मीटर 40 सेंटीमीटर की ऊंची छलांग लगाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इंद्रजीत सिंह (भिवानी) ने 17 मीटर 99 सेंटीमीटर की थ्रो कर शाट पुट इवेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। रुबीना यादव (रेवाडी) ने हाई जंप इवेंट में 1 मीटर 75 सेंटीमीटर की ऊंची छलांग लगाकर पहला स्थान प्राप्त करते हुए हरियाणा राज्य का नाम रोशन किया। मनप्रीत कौर ने शाट पुट इवेंट में 16 मीटर 81 सेंटीमीटर की थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया। निधि रानी रोहतक ने डिस्कस थ्रो इवेंट में 52 मीटर 63 सेंटीमीटर की थ्रो कर तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए हरियाणा राज्य को पदक तालिका में उचित स्थान दिलाया। हैमर थ्रो इवेंट में स्नेहा ने 36 मीटर 83 सेंटीमीटर भाला फेंककर तीसरा स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

## धूमधाम से मनाई जाएगी महापुरुषों की जयंती

**फरीदाबाद।** रविवार को बल्लभगढ़ स्थित महाराणा प्रताप भवन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाने को लेकर एक बैठक बुलाई गई। जिसमें जिला पलवल और फरीदाबाद के राजपूत समाज के सभी संगठनों और वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में शामिल लोगों ने पलवल स्थित महाराणा प्रताप भवन में 2 जून को महाराणा प्रताप जयंती और 5 जून को सेक्टर 8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाने का फैसला लिया गया। बैठक में राजपूत समाज के विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित लोगों ने भी अपने विचार रखे और समाज का समर्थन मांगा। सभा में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने एडवोकेट ठाकुर कमल सिंह तंवर को सक्रिय राजनीति करने के लिए प्रेरित किया और समर्थन भी दिया। इस अवसर पर राजपूत समाज के अनेक गणमान्य लोग ठाकुर हरेंद्र पाल सिंह राणा, क्षत्रिय सभा बल्लभगढ़ के मौजूदा प्रधान प्रताप भाटी व पूर्व प्रधान राजेश रावत, विश्व क्षत्रिय परिषद के धनंजय सिंह भदौरिया, क्षत्रिय सभा अखिल के रत्नाकर, युवा राजपूताना संगठन के अनिल गौड़, दीपक भाटी, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वीरेंद्र गौड़, क्षत्रिय सभा के एस.एस तंवर, एडवोकेट के.एस भाटी, एडवोकेट जय प्रकाश भाटी, आम आदमी पार्टी से हरेंद्र भाटी, विनोद भाटी व कांग्रेस पार्टी से वंदना राजपूत, ठाकुर सूरजपाल भूरा, कुशल ठाकुर, धर्मपाल सरपंच असावटी इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## वर्षा अकादमी ने 236 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** छठां रविंद्र फागना अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी सोहना और वर्षा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। यह मुकाबला कृष्णा क्रिकेट अकादमी मैदान पर खेला गया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और यह मैच वर्षा क्रिकेट अकादमी ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी को 236 रन से हराया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वर्षा क्रिकेट अकादमी टीम की और बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 8 विकेट पर 312 रन बनाए टीम की और बल्लेबाजी करते हुए गौरव सिंह ने 92 रन, अभिनव ने 50 रन, अमरजीत ने 39 रन, कृष्णा ने 37 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की और से गेंदबाजी करते हुए नेगी और वरुण ने 2-2 विकेट, समर और शिवांश व् लक्ष्य और राजू ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने 34.4 ओवर में 10 विकेट पर 76 रन बनाकर हार का सामना पड़ा। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए गजेंद्र ने 24 रन, शिवांश ने 10 रन बनाए। वर्षा क्रिकेट अकादमी टीम की और से गेंदबाजी करते हुए आदित्य और गौरव व् श्लोक ने 2-2 विकेट, अभिषेक ने 1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गौरव सिंह को दिया गया।

## नवनिर्मित धर्मशाला के उद्घाटन में पूर्व मंत्री विपुल भी पहुंचे



**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद में पुलिस स्टेशन के सामने बनी बहुत पुरानी अग्रवाल धर्मशाला में एक नए भवन का निर्माण पुरा हुआ है जिसके उद्घाटन समारोह में पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने शिरकत की। इससे पहले जब धर्मशाला के निर्माण की शुरुआत हुई थी तब भी इसका शिलान्यास पूर्व मंत्री विपुल गोयल के हाथों से ही हुआ था। इस मौके पर समस्त अग्रवाल समाज व शहर के सैकड़ों ग्रामीणों ने अपने नेता का शाल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर स्वागत किया। प्रधान संत गोपाल गुप्ता ने कहा की शहर में उनके द्वारा जो विकास कार्य करवाए हैं। वह ऐसे हैं जो आज तक पहले किसी ने नहीं करवाए थे। अग्रवाल समाज के प्रधान संत गोपाल गुप्ता ने इस मौके पर बताया कि धर्मशाला सभी वर्गों के इस्तेमाल के लिए है, जब भी कभी किसी भी प्रोग्राम में धर्मशाला का इस्तेमाल शहर के किसी भी समाज के किसी भी कार्यक्रम के लिए किया जाएगा, उसे शहर में सबसे कम कीमतों पर धर्मशाला का इस्तेमाल करने के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा जो समाज और शहर के लोगों ने मुझे प्यार मान सम्मान दिया उसके लिए मैं सभी का आभार प्रकट करता हूं और कहा कि मैं इस शहर का बेटा हूं और मुझे यहां की सभी समस्याएं पता है अपने कार्यकाल के दौरान जितना काम मैं कर सका उसे पूरा करवाने का भी प्रयत्न हर समय करूंगा।

## सरेआम शराब पीने वालों पर होगी कार्रवाई : मंत्री मूलचंद

**बल्लभगढ़।** प्रदेश के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के पार्कों के आसपास खुले में शराब पीने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि शराबी हो या मनचला किसी को बख्शा जाएगा। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा रविवार को सेक्टर-2 कार्यालय पर विभिन्न सेक्टरों से आए लोगों की शिकायतों को सुनने के बाद पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने मेन बाजारों में अतिक्रमण पर भी कहा कि दुकानदार भाई अतिक्रमण ना करें। उन्होंने कहा कि मैं भी एक दुकानदार हूं और मुझे भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार ही नियमों का पालन करना है। इसलिए सभी दुकानदार नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के भागीदार बनकर अतिक्रमण को हटाने के लिए आगे आएं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अतिक्रमण को लेकर नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्य बाजार में अतिक्रमण की वजह से आपातकाल के दौरान निकलना नामुकिन है। इसलिए सभी दुकानदार भाई निगम द्वारा तय जगह के अंदर ही अपना सामान रखें।

## वन मजदूर यूनियन का धरना जारी

**फरीदाबाद।** वन विभाग मजदूर यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद का मांगों की प्राप्ति के लिए चलाया गया धरना तीसरे दिन भी लगातार जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान विजय कुमार ने की जबकि संचालन जिला सचिव सोनिया ने किया हरियाणा, आज के धरने को संबोधित करते हुए, सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद के नेता वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने डीएफओ पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया। क्योंकि पहले अधिकारी ने फैसले को लागू करने का आश्वासन दिया था। अब अपने वायदे से पीछे हट रहे हैं इस विभाग में मजदूरों की भविष्य निधि की की राशि को काट लिया जाता है। लेकिन ठेकेदार और वन विभाग की तरफ से मजदूर के हिस्से की राशि को उसके खाते में जमा ने किया जाता है।

## शीर्ष न्यायालय का फैसला

### दिव्यांगों की पुलिस में भर्ती

**सर्वोच्च** न्यायालय ने कहा है कि दिव्यांगों की पुलिस में भर्ती हो सकती है, पर उसे इस बारे में विस्तृत निर्देश देने चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की प्रशंसा की जानी चाहिए कि उसने भारतीय पुलिस बलों में दिव्यांग लोगों की नौकरियों का रास्ता खोला है। अदालत ने गुरुवार को केन्द्र सरकार से कहा कि वह इस मुद्दे पर अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करे। अदालत का तर्क है कि पुलिस में काम करने वाले लोगों के लिए 'फील्ड ड्यूटी' जरूरी नहीं है। ऐसे में दिव्यांग कार्यालय तथा नीति संबंधी कामों के लिए उपयुक्त हैं। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने केन्द्र से कहा, 'इसके साथ थोड़े समय प्रयोग करें और यदि यह कारगर नहीं होती है तो आप इसे समाप्त कर सकते हैं।' अदालत के इस दृष्टिकोण में संशोधन की आवश्यकता है। पुलिस में नौकरियों के लिए प्रार्थना करने वाले दिव्यांगों को अदालत से उम्मीद है कि वह भर्ती प्रक्रिया के लिए मूलभूत आयाम तय करेगी। न्यायपालिका को सरकार तथा भर्ती करने वालों को दिव्यांगों के संबंध में अपनी सोच बदलने के लिए समझाना चाहिए। लेकिन यदि अदालत इस प्रक्रिया को 'प्रयोग' की तरह लेती है तो ऐसे उम्मीदवारों की भर्ती के संबंध में अंतिम निर्णय सरकार का होगा। हमें अमेरिकन्स विध डिसेबिलिटीज़ एक्ट-एडीए से प्रेरणा लेनी चाहिए जिसके अनुसार हर शारीरिक विकृति कानून लागू करने वाले अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए तत्काल अयोग्यता नहीं होती है।



ब्रिटेन की डिसेबल्ड पुलिस असोसियेशन ने नौकरी के इच्छुक दिव्यांग उम्मीदवारों से कहा, 'पुलिसिंग के अनेक आयाम हैं जहां कोई खास स्थिति या दिव्यांगता आपके रास्ते में बाधा नहीं डालती है।' यूरोपीय सम्मेलन ने दिव्यांग लोगों के लिए समान अवसरों की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार है और इसमें उनके खिलाफ भेदभाव नहीं होना चाहिए।

इसका अर्थ यह नहीं कि कोई दिव्यांग व्यक्ति पुलिस में किसी भूमिका में सेवा कर सकता है। यह 'नौकरी की प्रकृति, व्यक्ति की क्षमता तथा उसकी दिव्यांगता की सीमा पर निर्भर करता है।' इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि पुलिस बल में दिव्यांग व्यक्ति को नौकरी देना उसके प्रति दान की भावना नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्ति का प्राकृतिक अधिकार है। सर्वोच्च न्यायालय को यह मामला अब तार्किक परिणति तक पहुंचाना तथा केन्द्र सरकार से दिव्यांग उम्मीदवारों की भर्ती प्रक्रिया निर्धारित करने को कहना चाहिए। समस्या यह है कि भर्ती करने वाले यह सोच नहीं पाते कि दिव्यांग लोग कोई काम नहीं कर पाएंगे। वे कल्पना नहीं कर पाते कि दिव्यांग यह काम कैसे कर सकते हैं। पुलिस बल में शामिल होने के लिए कठोर शारीरिक परीक्षण से गुजरना होता है। लेकिन कोई यह नहीं कहता कि दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए यह परीक्षा सरल की जानी चाहिए। पुलिस बल उचित ही ऐसे किसी उम्मीदवार की भर्ती से इनकार कर सकता है जिसकी दिव्यांगता उसे सेवायोजक द्वारा निर्धारित 'तार्किक समायोजनों' के साथ नौकरी के योग्य नहीं बनाती। लेकिन इस संबंध में पश्चिमी दिशानिर्देश बहुत उत्साहवर्धक हैं। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश पुलिस बल दिव्यांग उम्मीदवारों से प्रार्थनापत्र में किसी दिव्यांगता का उल्लेख करने के लिए नहीं कहती है। पुलिस विभाग भर्ती के पहले 'आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण' के पूर्व उम्मीदवार की नौकरी पर कोई शर्त नहीं लगाता है। परीक्षा का संबंध खास काम से होता है जिसके लिए प्रार्थी प्रार्थनापत्र देते हैं। इससे उम्मीदवारों को नौकरी की आवश्यकतानुसार अपने 'लचीलेपन, शक्ति तथा गतिशीलता की सीमा' प्रदर्शित करने का अवसर मिल जाता है। इस प्रकार ये उम्मीदवार केवल तार्किक अवसर देने की मांग करते हैं।

# उत्तर प्रदेश में भारी निवेश की उम्मीद

### अतीत में देखने पर यह असंभव लग सकता है, पर यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य है जिसके लिए सभी आर्थिक क्षेत्रों में समग्र कार्ययोजना जरूरी होगी।



**आलोक रंजन**
(लेखक पूर्व मुख्य सचिव हैं)



उत्तर प्रदेश में भारतीय जनसंख्या का 16 प्रतिशत हिस्सा रहता है, पर इसका जीडीपी में योगदान केवल 8 प्रतिशत है। यदि यूपी एक देश होता तो यह दुनिया का सबसे बड़ा पांचवां देश होता। स्वतंत्रता के समय यूपी की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर थी, पर आज यह उसकी आधी से कम केवल 65,431 रुपया प्रति वर्ष है। यह सच है कि लगभग 220 बिलियन डालर या 17 लाख करोड़ रुपये के साथ यूपी तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है, पर इसकी प्रति व्यक्ति आय नीचे से दूसरे स्थान पर है। हाल ही में यूपी सरकार ने 2027 तक यूपी की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डालर ले जाने के लिए एक सलाहकार हेतु टेंडर जारी किया है। अतीत को देखते हुए यह बहुत संभव नहीं लगता है क्योंकि इसके लिए यूपी की अर्थव्यवस्था को प्रति वर्ष 30 प्रतिशत से अधिक की दर से वृद्धि करनी होगी। लेकिन यह वास्तव में एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है जिसके लिए अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों के लिए एक समग्र कार्ययोजना बनानी होगी। इसके लिए धीरे-धीरे वृद्धि के बजाय एक लंबी छलांग लगाने की आवश्यकता है। यूपी की अर्थव्यवस्था मोटे तौर से कृषि अर्थव्यवस्था है। उसे इस क्षेत्र से जीएसडीपी का 25 प्रतिशत प्राप्त होता है तथा इसमें जनसंख्या के 65 प्रतिशत को रोजगार मिलता है। यह प्रदेश में गरीबी का एक प्रमुख कारण है। बड़ी संख्या में राज्य में लोगों को समुचित रोजगार नहीं मिला है अथवा वे परोक्ष बेरोजगारी का शिकार हैं। इसलिए उनका राज्य के आर्थिक विकास में कोई योगदान नहीं होता है। यूपी में 9 कृषि-मौसमी क्षेत्र हैं। इनमें से प्रत्येक के लिए एक अलग रणनीति की आवश्यकता है जिसमें फसल चक्र के साथ उत्पादकता बढ़ा इसे राष्ट्रीय स्तर से ऊपर ले जाना शामिल है। यहां भारी क्षेत्रीय असमानतायें हैं, पश्चिमी यूपी उत्पादकता तथा किसानों की आय के मामले में पूर्वी यूपी से बहुत आगे है। इसी प्रकार बुंदेलखंड वर्षा-आधारित क्षेत्र है जहां अधिकांश किसान हर साल केवल एक फसल ले पाते हैं। लेकिन यदि इसी बुंदेलखंड को उपयुक्त ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई सुविधायें दी जाएं तो यह नींबू प्रजाति के फलों, सब्जियों व चिकित्सकीय जड़ी-बूटियों का केन्द्र बन सकता है। इसके साथ ही असली समस्या जमीनों का छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटा होना है। भूमि स्वामित्व का औसत आकार 0.80 हेक्टर है। इसका अर्थ है कि अधिकांश किसान छोटे व सीमांत हैं जिसका उनकी जीवन्तता पर भारी असर पड़ता है। अक्सर उनको नकदी की तत्काल आवश्यकता पड़ती है और वे उत्पादों को कम कीमतों पर बेचने को मजबूर हैं। इसका समाधान कृषि उत्पादक कंपनियों के माध्यम से किसानों को सामूहिक बनाना है। इसके साथ ही शीत श्रृंखला तथा कोल्ड स्टोर बनाने में भारी निवेश की आवश्यकता है ताकि किसान अपने उत्पाद का भंडारण कर इसे सही समय पर बाजार में भेज सकें।

पशुपालन की अक्सर अनदेखी की गई है, पर मेरा अनुभव है कि यह किसानों की आय में महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। राज्य में डेरी क्रान्ति के लिए एक मिशन शुरू किया जाना चाहिए जिसमें पशु आहार, चारे, दवाओं, कृत्रिम गर्भाधान, शीतलन प्लांट तथा प्रोसेसिंग केन्द्रों के सभी आयाम शामिल हों। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में अनदेखी का एक और क्षेत्र मत्स्यपालन है। इसमें प्रति वर्ष 15 प्रतिशत विस्तार की संभावना है और इसके माध्यम से यूपी के किसान एग्रीबिजनेस उद्यमी बन सकते हैं। रोजगार सृजन के मामले में कृषि के बाद एमएसएमई क्षेत्र का स्थान है जो यूपी के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। एक दूरगामी व गतिशील एमएसएमई नीति की आवश्यकता है जो एमएसएमई क्षेत्र को कर्ज, तकनीक व बाजार उपलब्ध करा सके। अक्सर सरकारें केवल नए उद्योग लाने पर ध्यान देती हैं, पर वर्तमान उद्योगों को भी सहायता की आवश्यकता है। माइक्रो क्षेत्र की समस्याओं से निपटने में सहायता के लिए एक अलग सेल बनाया जाना चाहिए जो एमएसएमई के 90 प्रतिशत से अधिक है। यह क्षेत्र मोटेतौर से असंगठित है और इसके लिए एक ऐसे दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो इसकी विशिष्ट जरूरतों के अनुकूल हो।

नोयडा यूपी का औद्योगिक केन्द्र है, पर उद्योगों को राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी ले जाना चाहिए। कपड़ा एवं चमड़ा क्षेत्र में विकास की व्यापक संभावनायें हैं और ये बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी कर सकते हैं। नोयडा आसानी से एलेक्ट्रानिक उद्योग का केन्द्र बन सकता है। लखनऊ, प्रयागराज तथा दूसरी श्रेणी के कई अन्य शहरों में आईटी क्षेत्र के विकास की भारी संभावनायें हैं जिससे यूपी की अर्थव्यवस्था को बहुत तेज गति प्राप्त होगी। इसके साथ ही ईस्टर्न फ्रेट कारीडोर तथा दिल्ली मुंबई कारीडोर में एक्सप्रेसवे का संजाल आसानी से संबंधित क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की प्रेरणा दे सकता है। कृषि-प्रसंस्करण क्षेत्र 'गेम चेंजिंग' क्षेत्र है। आज कृषि उत्पादों के बहुत कम प्रतिशत का ही प्रसंस्करण होता है। प्रत्येक ब्लाक में खाद्य प्रसंस्करण का एक केन्द्र असानी से विकसित किया जा सकता है जो बड़ी संख्या में ग्रामीण नौजवानों को उनके घरों के पास रोजगार दे सकता है। ऐसे में प्रवासी श्रमिकों को काम के लिए दूसरे राज्यों में जाने की जरूरत भी नहीं होगी। इन केन्द्रों का विकास ग्रामीण विकास इंजनों के रूप में किया जा सकता है जिनमें अर्थव्यवस्था में परिवर्तन करने की शक्ति होगी। उत्तर प्रदेश के विकास के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। सरकार को इन क्षेत्रों में भारी निवेश के साथ इनके प्रशासन में सुधार करने होंगे ताकि सबको गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल व शिक्षा उपलब्ध हो सके। प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर सीखने की क्षमताओं में सुधार का विशेष मिशन चलाया जाना चाहिए। इसे अत्यधिक प्राथमिकता मिलनी चाहिए तथा उच्च शिक्षा में समग्र प्रवेश दर बढ़ा कर 50 प्रतिशत की जानी चाहिए। इन क्षमताओं के विकास के लिए शिक्षकों की भर्ती, उनको अभिप्रेरित करने तथा जवाबदेह बनाने पर ध्यान देना होगा। राज्य को अनेक अन्य मेडिकल कालेजों, नर्सिंग संस्थानों तथा पैरामेडिक्स संस्थानों की आवश्यकता है। जिला अस्पतालों को उत्कृष्टता केन्द्रों में बदलना चाहिए। राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में वितरण के स्तर पर व्यापक सुधारों की आवश्यकता है ताकि लाइन लास घटाने के साथ बिजली चोरी बंद की जाए। इसके लिए स्मार्ट मीटरों के साथ अनेक विद्युत उत्पादन प्लांटों की जरूरत है। सौर ऊर्जा पर खासतौर से ध्यान दिया जाना चाहिए। यूपी को तेजी से शहरीकरण तथा नए शहर बनाने की जरूरत है क्योंकि वे विकास की पहल तथा शहरी ढांचागत संरचना के निर्माण में फंडिंग का साधन बनते हैं। शहरी प्रशासन तथा शहरी फाइनेसिंग के दो क्षेत्रों में काफी विशेषज्ञता की जरूरत है। इसके साथ ही निर्वाचित शहरी संस्थाओं को ज्यादा शक्तियां देना समय की आवश्यकता है।

उपरोक्त उल्लिखित सभी कदमों में यूपी को बड़े प्रशासनिक परिवर्तन की आवश्यकता है। ई-गवर्नेंस व एम-गवर्नेंस सभी क्षेत्रों में लागू होना चाहिए। अधिकारियों के लिए परिणामोन्मुख प्रदर्शन आंकलन व्यवस्था लागू होनी चाहिए। टेक्नोलोजी के प्रयोग से योजनाओं व परियोजनाओं की निगरानी में व्यापक सुधार हो सकता है। सभी क्षेत्रों में समयबद्ध संस्तुतियों व अनुमतियों को लागू किया जाना चाहिए। स्थानान्तरण उद्योग बंद होना चाहिए। क्षमता संवर्धन के लिए अधिकारियों का प्रशिक्षण व उन्मुखीकरण अवश्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अंततः यूपी जैसे बड़े राज्य के लिए विकेन्द्रीकरण तथा डिवीज़नों व जिलों तथा निर्वाचित स्थानीय संस्थाओं को शक्तियों का हस्तांतरण अत्यन्त आवश्यक है। यदि भारत का विकास करना है तो उत्तर प्रदेश को भी तेजी से आगे बढ़ना होगा। ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाना भले ही आसान न हो, पर यह राष्ट्रीय विकास दर को बहुत ऊंचाई पर ले जाने के लिए जरूरी है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के लोगों को गरीबी के दुष्चक्र से निकाल कर प्रदेश को भारत का एक विकसित राज्य बनाना जरूरी है।

# क्या ढह जाएगा तालिबान का किला?

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



यूक्रेन पर रूसी आक्रमण ने अफगानिस्तान में घटनाओं को वैश्विक सार्वजनिक विमर्श के हाशिये पर धकेल दिया है। फिर भी, अशक्त भूमि में बहुत कुछ हो रहा है। देश संकट में है। अर्थव्यवस्था झुकी हुई है। इस्लामिक स्टेट ऑफ़ खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी जिसे आईएसआई-के भी कहा जाता है), इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के अफगान सहयोगी के साथ, एक हिंसक चुनौती पेश करते हुए, कानून और व्यवस्था की स्थिति जर्जर है। तालिबान के नेतृत्व वाले इस्लामिक अमीरात और पाकिस्तान के बीच संबंध गंभीर तनाव में हैं। इसलिए सवाल यह है कि क्या व्यवस्था चरमरा जाएगी?

अर्थव्यवस्था के साथ शुरू करने के लिए, आवश्यक वस्तुएं दुर्लभ हैं। कीमतें आसमान छू रही हैं। बड़ा वर्ग भूखा जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, 2001 की तीसरी तिमाही में 500,000 से अधिक अफगान श्रमिकों ने अपनी नौकरी खो दी। अफगानिस्तान की प्रमुख समाचार एजेंसियों में से एक, खामा प्रेस के अनुसार, तालिबान के अधिग्रहण के बाद से अपनी नौकरी खोने वाले लोगों की संख्या की उम्मीद है। 2002 के मध्य तक 700,000 और 900,000 के बीच बढ़ने के लिए - जो कि कोने के आसपास है। यह आंकड़ा अफगानिस्तान पुनर्निर्माण के लिए अमेरिका के विशेष महानिरीक्षक (एसआईजीएआर) के अनुसार है, जो मानता है कि अगस्त 2001 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से 900,000 अफगानों ने अपनी नौकरी खो दी है। सिगार आगे कहती हैं, महिलाएं, असमान रूप से प्रभावित हुई हैं - तालिबान के सत्ता में आने के बाद से नौकरियों की संख्या में 21 फीसदी की गिरावट आने की संभावना है। परिणाम दूसरे देशों में प्रवास में वृद्धि हुई है। द न्यू यॉर्क टाइम्स (2 फरवरी, 2022) में क्रिस्टीना गोल्डबाम और याकूब अकबरी राज्य : अक्टूबर [2021] से जनवरी [2022] के अंत तक, दक्षिण-पश्चिमी अफगानिस्तान में दस लाख से अधिक अफगानों ने दो में से एक को बंद कर दिया है। प्रवासन शोधकर्ताओं के अनुसार ईरान में प्रमुख प्रवासन मार्ग। अर्थव्यवस्था के सजने-संवरने का एक कारण देश की कानून-व्यवस्था की स्थिति है, जो पतन की स्थिति में है। आईएसपीके ने अपने आतंकी हमलों की आवृत्ति और घातकता में तेजी से वृद्धि की है। यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ पीस के एक वरिष्ठ विशेषज्ञ असफंदयार मीर ने द आईएसआईएस-के रिसर्जेंस नामक एक पेपर में



बताया कि बाद वाला नागरिकों और राज्यों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हताहत करने वाले हमलों की वकालत करता है। यह पाकिस्तानी सरकार को गिराने का इरादा रखता है, ईरानी सरकार को शियाओं का मोहरा होने के लिए दंडित करता है और शुद्ध अफगानिस्तान, दोनों अफगानिस्तान में मुख्य जिहादी आंदोलन के रूप में अफगान तालिबान को उखाड़ फेंकता है और अल्पसंख्यक समूहों को दंडित करता है, जैसे कि हजारा। ''काउंटरिंग ए रिसर्जेंट टेररिस्ट थ्रेट इन अफगानिस्तान'' (विदेशी मामले, 24 अप्रैल, 2022) में, सेठ जी जोन्स ने अनुमान का हवाला दिया कि आईएसकेपी ने 18 सितंबर और 30 नवंबर, 2021 के बीच तालिबान बलों पर 76 हमले किए, जो एक महत्वपूर्ण छलांग है। 2020, जब इसने पूरे वर्ष के दौरान केवल आठ हमले किए। विशेष रूप से नंगरहार प्रांत में तालिबान की कठोर सैन्य कार्रवाई के बाद सर्दियों के दौरान आईएसकेपी के हमलों की घटनाओं में गिरावट आई थी। हालांकि, फिर से ऊपर की ओर रुझान है। क्रिस्टीना गोल्डबाउम 1 मई, 2022 को द न्यूयॉर्क टाइम्स में लिखती हैं : ''पिछले दो हफ्तों के हमलों में कम से कम 100 लोग मारे गए हैं, अस्पतालों के आंकड़े बताते हैं, और आशंका है कि अफगानिस्तान एक हिंसक वसंत में जा रहा है, क्योंकि इस्लामी देश में राज्य के सहयोगी तालिबान सरकार को कमजोर करने और अपनी नई पहुंच पर जोर देने की कोशिश करते हैं।''

क्या तालिबान आईएसपीके की चुनौती का सामना कर पाएगा? उत्तरार्ध पिछले छह वर्षों के दौरान ज्यादातर पूर्वी अफगानिस्तान तक ही सीमित था। गोल्डबाम बताते हैं कि तालिबान के अधिग्रहण के बाद से, यह लगभग सभी 34 प्रांतों में पहुंच और विस्तार में बढ़ गया है। एक कारण, निश्चित रूप से, तालिबान द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद जेल में बंद आईएसकेपी कैदियों की रिहाई रही है, जिसने पूर्व की ताकत को लगभग 2,000 से लगभग 4,000 तक दोगुना कर दिया। इसके अलावा युवा तालिबान लड़ाके भी इसकी ओर आकर्षित होते हैं जिन्हें इस्लामिक अमीरात से बहुत कम लाभ हुआ है। इसके अलावा, जैसा कि सेठ जी जोन्स बताते हैं, अफगानिस्तान की सैन्य और मुख्य खुफिया एजेंसी, राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय के कुछ पूर्व सदस्य आईएसकेपी में शामिल हो गए हैं क्योंकि यह तालिबान का सबसे सक्रिय विपक्षी समूह है। इससे उनकी विशेषज्ञता को देखते हुए फर्क पड़ सकता है।

तालिबान के पास एक अच्छी तरह से सुसज्जित सेना होने का लाभ है, जिसकी पृष्ठभूमि सफल गुरिल्ला युद्ध की है, और पूरे देश में एक मजबूत उपस्थिति है। हालांकि, गुरिल्ला युद्ध, विद्रोह विरोधी से बहुत अलग है, जिसमें तालिबान नए हैं। साथ ही, आर्थिक मोर्चे पर निरंतर विफलता के कारण आईएसपीके से लड़ने के लिए संसाधनों की कमी हो सकती है और बाद वाले को लाभ हो सकता है। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव, जिसमें सीमा पर झड़पें शामिल हैं, ढुस्ढुस-च से लड़ने में आपसी सहयोग के रास्ते में आड़े आ सकते हैं। इसके अलावा, तालिबान में कंधार और हक्कानी समूहों के बीच तनाव, जो प्रकट होता है, दोनों ओर के असंतुष्ट तत्वों द्वारा आईएसआईएस-के में प्रवास का कारण बन सकता है।

इसके अलावा, यह सिर्फ आईएसकेपी नहीं है। सिक्योरिटी रिस्क रिसर्च ऑफ सिक्योरिटी रिस्क एशिया द्वारा 'मैपिंग अफगान रेजिस्टेंस मूवमेंट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान के पूर्व विरोधियों के प्रतिरोध समूह कमर कस रहे हैं। इनमें अफगानिस्तान के उद्धार के लिए राष्ट्रीय प्रतिरोध की सर्वोच्च परिषद, अफगानिस्तान का राष्ट्रीय प्रतिरोध मोर्चा, तहरीक-ए-आजादी अफगानिस्तान और अफगान इस्लामिक नेशनल एंड लिबरेशन मूवमेंट शामिल हैं। हालांकि, उनकी चुनौती की गंभीरता को देखा जाना बाकी है। फिर भी, इस्लामिक अमीरात के पास स्पष्ट रूप से आगे का रास्ता है।

## आप की बात

### अशोभनीय बातें

**अगर** हमारी सरकार से हमारी किसी बात पर अदावत है तो हम उसे अपने देश में रहते हुए ही सुलझाए अपने देश में रहकर ही उसकी आलोचना करें। क्योंकि विदेशों में जाकर अपनी सरकार के खिलाफ बोलना तो देश का अपमान ही कहलाएगा। हमारे देश की एक बड़ी पार्टी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने लंदन में जाकर सम्मेलन के एक संवाद सत्र में जो कुछ कहा वह हर तरह से अशोभनीय है। ये कांग्रेसी विदेशों में जाकर ही देश के खिलाफ जुबान क्यों खोलते हैं इसके पहले पाकिस्तान में जाकर मणिशंकर अय्यर ने भी बीजेपी सरकार को गिराने में पाकिस्तान को मदद करने की बात कही थी। आज जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने लंदन में भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भारत की स्थिति इस समय अच्छी नहीं है एवं सत्ताधारी पार्टी ने पूरे देश में केरोसिन छिड़क दिया है, आज भारत में अदृश्य शक्तियां देश को खोखला कर रही है, भारत की आत्मा पर भाजपा हमला कर रही है ,आज भारत की आवाज को कुचला जा रहा है। इस तरह की बातें विदेश में जाकर राहुल गांधी के द्वारा इस तरह की अशोभनीय बात बोलना हमें कतई नहीं पसंद नहीं आया। इससे तो हमारे देश की विदेशों में बदनामी होती है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### पात्र जोड़ों को ही लाभ मिले

**मुख्यमंत्री** कन्यादान योजना मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण और फ्लैगशिप योजना है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए बेटी का विवाह करना गढ जीतने के समान होता है। ऐसे लोगों के लिए यह योजना वरदान स्वरुप है। पर प्रायः देखने में आ रहा है कि प्रदेश के कई जिलों में विवाहित जोड़ों ने एवं बच्चों को जन्म दे चुकी कन्याओं ने भी योजना के तहत लाभ प्राप्त कर लिया है। शासन की योजना को पलीता लगाने वाले ऐसे जोड़ों पर कानूनी एवं वसूली की कार्यवाही होना चाहिए। इस प्रकार के फर्जीवाड़े को रोकने के लिए शासन को पुख्ता सिस्टम विकसित करना चाहिए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पंजीयन आधार कार्ड एवं समग्र आईडी के आधार पर किया जाना चाहिए। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में विवाह पंजीयन अनिवार्य किया जाना चाहिए। विवाह पंजीयन की जानकारी अपडेट होने पर फर्जीवाड़े पर रोक लगाई जा सकती है। ऐसा सॉफवेयर विकसित किया जाए जिसके आधार पर एक क्लिक पर पूर्व से विवाहित जोड़ों की जानकारी कंप्यूटर स्क्रीन पर शो हो जाए। मल्टीपरपज उपायों को अपनाकर ही शासन पात्र जोड़ों को योजना का वास्तविक रूप से लाभ दे सकती है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### एक अनूठा महोत्सव

**संचार** के सभी माध्यमों में से सिनेमा समाज को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। यानी सिनेमा आज इस परिवेश में परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। इसी विचारधारा के साथ हरियाणा के कुरुक्षेत्र में इन दिनों पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न हस्तियां शिरकत कर रही है। दरअसल, 18 से 22 मई तक चलने वाला यह महोत्सव सिनेमा और उसके महत्व पर आधारित है।? जहां फ़िल्म प्रस्तुतियों के जरिए लोगों को सिनेमा के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं उन्हें उनके दायित्वों का भी एहसास कराया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित एचआईएफएफ में कुल 75 छोटी तथा बड़ी फिल्मों को दिखाने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें 28 देशों से आई 24 अलग अलग भाषाओं में बनी फिल्में भी शामिल है। एचआईएफएफ निदेशक श्री धर्मेन्द्र डांगी की अगुवाई में भरत मुनि रंगशाला सभागार, कुरुक्षेत्र में आयोजित आयोजन मूल रूप से लोगों को सिनेमा की दुनिया से जोड़ने की एक अनूठी पहल है।

– **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**केन्स** में मेरी पोशाक भारतीय हैंडलूम व खादी निर्माताओं को समर्पित है।

– **अनुराग ठाकुर**
केन्द्रीय मंत्री

**हमने** हमेशा कहा कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन हमें कोई दूसरा विकल्प नहीं दिया गया।

– **सर्जेई लावरोव**
रूसी विदेश मंत्री





**कांग्रेस** नेताओं के पास जनता के लिए कोई मूलभूत रोडमैप नहीं है। संभवतः वे गंभीर नहीं हैं।

– **हार्दिक पटेल**
पूर्व कांग्रेस नेता

# संसदीय मर्यादा के साथ रखें अपना-अपना पक्षः महाना

● बजट सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक में स्पीकर ने किया सभी दल के नेताओं से सहयोग का अनुरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधान** सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान सभा सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। विधान भवन में आहूत एक सर्वदलीय बैठक में उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन के लिए सभी दलों के सहयोग का आश्वासन मिलने से सदन में सकारात्मक वातावरण बनेगा। साथ ही विधान सभा सत्र के संचालन के दौरान अधिक से अधिक सदस्यों, विशेष रूप से नए सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि 18 वीं विधान सभा के इस नए सत्र में ई-विधान लागू किए जाने से विधान सभा में नवाचार हुआ है। इसके तहत सदस्यों को नेवा सेवा केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। इस बार विधानसभा सत्र की कार्यवाही का सजीव प्रसारण डीडी न्यूज के साथ-साथ यूट्यूब पर भी किया जाएगा।

विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि समय की जो मांग है उस परिपेक्ष्य में उत्तर प्रदेश विधान सभा ई-विधान लागू किया गया है। सभी सदस्यों को वरिष्ठता के आधार पर सीट आवंटन के आशय से दलीय नेताओं से विचार-विर्मश किया गया। प्रश्नों को सदन में लगाए जा रहे स्क्रीन पर दिखाये जाने के साथ ही प्रश्नों के सापेक्ष अनुपूरक प्रश्नों एवं सदस्यों को ई विधान के प्रशिक्षण सहित यूट्यूब सोशल मीडिया एवं सत्र की कार्यवाही के सजीव प्रसारण पर भी चर्चा की गई। 18वीं विधान सभा के आहूत सत्र में प्रथम बार ई विधान लागू करने के साथ ही एजेण्डा सहित अन्य साहित्य की हार्ड कापी भी इस सत्र में उपलब्ध करायी जायेगी जिससे सदस्यों को असुविधा न होने पाए। श्री अध्यक्ष ने सभी दल के नेताओं से अनुरोध किया कि वे अपना-अपना पक्ष सदन में शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अन्तर्गत रखे और प्रेमपूर्ण वातावरण में सदन में बहस करें। मुख्यमंत्री को धन्यवाद् देते हुए कहा कि अभी कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि जब तक सदन में कोरम रहेगा, हम सदन को चलायेंगे। विधान सभा चलाने की सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। एक बार पहले इस विषय पर चर्चा हुई थी कि बारह बजे के बाद तारीख बदल गई तो यह निष्कर्ष निकला था कि विधान सभा का एजेण्डा उस तारीख तक के लिए नहीं बल्कि पूरी कार्यवाही तक का है इसलिए हम किसी भी समय तक हाउस चलाने को तैयार है। बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गयी कि जिस सदस्य ने सूचना लगायी है यदि वह सदन में उपस्थित नहीं होगा तो उसकी सूचना नहीं ली जायेगी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पक्ष एवं विपक्ष के सहयोग से ही सदन को सुचारु रूप से चलाया जा सकता है।

## विपक्ष के सवालों का जवाब पूरे आंकड़ों के साथ देंः सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में रविवार को लोकभवन में भाजपा विधान मंडल दल की बैठक हुई जिसमें भाजपा संगठन के प्रदेश महासचिव सुनील बंसल ने भी भाजपा विधायकों को संबोधित किया। सीएम ने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सदस्य सकारात्मक सोच के साथ सदन में पूरी तैयारी के साथ आएं और विपक्ष के सवालों का जवाब पूरे आंकड़ों के साथ दे। उन्होंने कहा कि सदन में सभी सदस्यों की पूरी उपस्थिति होनी चाहिए। सदन में अधिक समय देने से काफी कुछ आपको सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के जो भी सवाल आते हैं उनका माकूल जवाब तथ्यपरक होना चाहिए ताकि वह सरकार पर कोई आरोप नहीं लगा पाए। बंसल ने विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि 30 मई को केंद्र सरकार के आठ साल पूरे हो रहे हैं। इसलिए 30 के बाद लाभार्थियों से संपर्क करने का अभियान चलेगा जिसमें सभी मंत्री, सांसद और विधायक कार्यकर्ताओं की तरह काम करेंगे। जुलाई में बूथ पर फोकस करना है। जो भी कमी रह गई है उसे दूर करना है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को पुस्तक भेंट की।

# समाजवादी पार्टी ने बनाई सदन में योगी सरकार को घेरने की रणनीति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सदन को 35 दिनों तक चलाने की मांग एवं बढ़ते अपराध, महंगाई व बेरोजगारी, राशन कार्डों की वापसी व किसान सम्मान राशि की वसूली रहेंगे प्रमुख मुद्दे



**सपा** मुख्यालय में रविवार को आयोजित पार्टी के विधानमण्डल दल की बैठक में सदन के बजट सत्र की रणनीति पर चर्चा की गई। सपा मुखिया अखिलेश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विधायक दल की बैठक में कम से कम 35 दिनों तक सत्र को चलाए जाने की मांग उठी। सपा विधायकों का इस मामले पर तर्क था कि 5 या 6 दिन के सत्र में आम जनता के मुद्दों पर चर्चा नहीं हो सकेगी। बजट सत्र लम्बा चलया जाना चाहिए ताकि विस्तार से बजट पर चर्चा हो। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने भी सत्तारूढ़ दल को महंगाई, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं के बुरे हाल सरीखे मुद्दों पर सदन में घेरने की योजना बनाई है।

सपा विधायक दल की बैठक में प्रदेश में ध्वस्त कानून व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थानों के कमजोर किए जाने, गरीबों के उत्पीड़न, बढ़ते अपराध, फर्जी इन्काउण्टर और हिरासत में मौतों के अलावा बेलगाम महंगाई, राशन कार्डों की वापसी, किसान सम्मान राशि की वसूली, बढ़ते विद्युत संकट, स्वास्थ्य-शिक्षा क्षेत्र की बदहाली, गेहूं खरीद घोटाला, भर्ती में घोटाला एवं बेरोजगारी तथा राज्य में भय के वातावरण पर विशेष चर्चा करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में प्रदेश हर क्षेत्र में पिछड़ता चला गया है। भाजपा के सभी वादे झूठे निकले हैं। भाजपा सरकार ने विधुत का बिल आधा करने का वादा किया जिसके सापेक्ष विद्युत आपूर्ति ही आधी रह गई है। फिक्सरेट पर बुनकरों को बिजली देने का काम समाजवादी सरकार ने किया था भाजपा उनके साथ अन्याय कर रही है। गरीबों के घरों को बुलडोजर से तोड़ा जा रहा है। निर्दोषों को झूठे केसों में फंसाया जा रहा है। भाजपा सरकार विपक्षी दलों विशेष कर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को विधानसभा चुनाव के बाद फर्जी मुकदमें लगाकर परेशान कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा की कुनीतियों के चलते जनता तबाह है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास अवरुद्ध है। पीपीपी मॉडल पूरी तरह विफल साबित हुआ है। विगत पांच वर्षों में भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा दिया है। समाजवादी सरकार के कामों को अपना बताने के अलावा भाजपा सरकार ने कुछ नहीं किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जनता से जुड़े मुद्दों का सामना नहीं करना चाहती है। उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र पर तानाशाही थोपने का काम हो रहा है।

# देश के विकास में यूपी अब बाधा नहींः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● पिछले 70 सालों में जो यूपी में काम नहीं हो पाए वह महज 5 सालों में हमारी सरकार ने पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में करके दिखाए

**पांच साल** पहले यूपी को देश के विकास में बाधा माना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साल 2017 के बाद ईमानदार सोच वाली सरकार ने इस भ्रांति को तोड़ा। साल 2017 के पहले यूपी में चार बड़ी योजनाओं को लागू नहीं किया गया था, परन्तु हमारी सरकार ने न सिर्फ उन योजनाओं को लागू किया बल्कि उसमें नंबर वन भी रही। यह बातें रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक राष्ट्रीय साप्ताहिक पत्रिका द्वारा आयोजित मीडिया कॉन्क्लेव में कहीं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेई ने संपादक के रूप में इस पत्रिका को नई ऊंचाइयों दी हैं। ऐसे में जिस पत्रिका को उनका मार्गदर्शन मिला हो वह हमेशा ही सफल रहेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की आत्मा है। हृदय स्थल है। यूपी आबादी के लिहाज से ही नहीं बड़ा है बल्कि यूपी की धरा पर भगवान राम, कृष्ण पैदा हुए हैं। यूपी वह राज्य है जहां विश्वनाथ बाबा की कृपा बरसती है। गंगा यमुना का आशीर्वाद है। कुंभ का भव्य और दिव्य आयोजन है। शक्तिपीठ का केंद्र है। पर्यटन की दृष्टि से आध्यात्मिक दृष्टि से यूपी क्षेत्र में देश का केंद्र बिंदु है। हमारी सरकार को यहां की जनता की सेवा करने का अवसर मिला ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि साल 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में 700 दंगे हुए। यहां आज एक भी दंगा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि राम नवमी के अवसर पर जहां दूसरे प्रदेशों में दंगे हुए, चुनाव में दंगे हुए वहीं 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में कोई भी दंगा नहीं हुआ। सरकार गठन के बाद रामनवमी शांतिपूर्ण तरीके से यूपी में मनाई गई।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय अब दोगुनी से अधिक है। यूपी वो राज्य है जो देश की दूसरी नंबर वन अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। 70 सालों में यूपी छठी अर्थव्यवस्था पर था, प्रति व्यक्ति आय एक चौथाई थी, व्यवसाय सुगमता में यूपी 14 वें स्थान पर था लेकिन हमारी सरकार ने व्यवसाय सुगमता के मामले में यूपी को नंबर दो पर लाने का काम किया है। आज उत्तर प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस वे, एयर कनेक्टिविटी के मामले में सबसे आगे है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे जून में तैयार हो जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे प्रारंभ हो चुका है। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे क्रियाशील है। एयर कनेक्टिविटी के मामले में यूपी पहला राज्य है जहां पर पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट है।

सीएम ने कहा कि सर्वाधिक आबादी होने के बावजूद उत्तर प्रदेश ने सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना काल का डट कर मुकाबला किया। यूपी में पॉजिटिविटी रेट और मृत्यु दर सबसे कम रही। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में यूपी के बाढ़ ग्रसित इलाकों को बाढ़ मुक्त कराने का काम भी किया। पिछले 70 सालों में जो यूपी में काम नहीं हो पाए वह महज 5 सालों में हमारी सरकार ने पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में करके दिखाएं हैं। आगामी 3 जून को तीसरी ग्राउंटब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सभ्यता और संस्कृति के लिए भी तेजी से काम किया। अवैध बूचड़खाने को बंद कराते हुए तस्करी पर पूरी तौर पर प्रतिबंध लगाया।

# पीएम करेंगे 75 हजार करोड़ की परियोजनाओं का भूमि पूजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को जोरदार बनाने में जुटी सरकार

● गौतम अडाणी, निरंजन हीरानंदानी समेत अब तक 62 उद्योगपतियों के आने की पुष्टि

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की यूपी को देश की नंबर-वन अर्थ व्यवस्था बनाने की कोशिशें रंग लाने लगी है। अगले महीने तीन जून को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जीबीसी थ्री को यादगार बनाने के लिए देश-विदेश के दर्जनों दिग्गज कारोबारियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें शनिवार तक 62 उद्योगपतियों ने आने की पुष्टि भी की है। इसमें अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी, हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी समेत दर्जनों बड़े नाम शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे और 75 हजार करोड़ रुपए के दो हजार से अधिक की परियोजनाओं का डिजिटल भूमि पूजन करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी में 12 स्टार्टअप और 14 निवेशक अपने उत्पादों का स्टॉल लगाएंगे। इसके अलावा ओडीओपी के भी करीब 62 स्टाल होंगे। देश और विदेश के नामी उद्योगपति अपने विचार भी साझा करेंगे। कार्यक्रम में साढ़े पांच हजार करोड़ से अधिक की सरकारी परियोजनाओं का भी भूमि पूजन होगा। इसमें 38 सौ करोड़ की लागत से यमुना एक्सप्रेस वे क्षेत्र में बनने वाला मेडिकल डिवाइस पार्क भी शामिल है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाली जीबीसी थ्री में करीब तीन हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। इसमें केंद्रीय मंत्रियों समेत केंद्रीय अधिकारी भी शामिल हैं। शासन स्तर पर जीबीसी थ्री के लिए 10 कमेटी बनाई गई हैं। आईआईडीसी और मुख्य सचिव जीबीसी थ्री में शामिल होने वाली परियोजनाओं की खुद मानिटरिंग कर रहे हैं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने दिग्गज डेढ़ सौ उद्योगपतियों को निमंत्रण भेजा है। विभाग की ओर से तीन करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के सभी निवेशकों को निमंत्रण भेजा गया है। जीबीसी थ्री में कुमार मंगलम बिड़ला, संजीव गोयनका, पेटीएम के चेयरमैन और सीईओ विजय शेखर शर्मा, आईटीसी लिमिटेड के सीईओ संजीव पुरी, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन आरसी भार्गव, नरेश त्रेहन, बोनी कपूर, लूलू ग्रुप के एमडी युसूफ अली, ब्रह्मोस के सीईओ और एमडी अतुल दिनकर राणे, टोरंट फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन एमेरिटस सुधीर मेहता, ओला के फाउंडर भाविश अग्रवाल, पिरोजशॉ गोदरेज, इंफोसिस के संस्थापक मोहन दास पई, केसी बोकाडिया, शिशिर जयपुरिया, बैद्यनाथ आयुर्वेद के एमडी अनुराग शर्मा, ग्रीनको ग्रुप के संस्थापक और एमडी अनिल कुमार चलमालसेट्टी, एमएक्यू सॉफ्टवेयर के एमडी राजीव अग्रवाल, ओयो के संस्थापक और सीईओ रितेश अग्रवाल, गैलेंट ग्रुप ऑफइंडस्ट्रीज के चेयरमैन सीपी अग्रवाल समेत दर्जनों बड़े उद्योगपति शामिल होंगे।

# मायावती ने दी ईंधन की कीमतों पर राज्यों को वैट कम करने की सलाह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने रविवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम करने के केंद्र सरकार के फैसले की सराहना की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद इस कदम से आम लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और तनाव आदि से राहत मिलेगी। बसपा प्रमुख ने राज्य सरकारों से केंद्र की सलाह का पालन करने और ईंधन की कीमतों पर वैट तुरंत कम करने को कहा है।

रविवार को ट्वीट कर बसपा सुपीमो मायावती ने कहा कि काफी समय बाद अब केन्द्र ने देश में हर तरफ बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व तनाव आदि की मार से त्रस्त बदहाल जीवन जीने को मजबूर लोगों को पेट्रोल.डीजल के शुल्क में थोड़ी राहत दी है, अब यूपी व अन्य राज्यों की जिम्मेदारी बनती है कि वे केन्द्र की बात मानकर इन पर तत्काल वैट कम करें। मायावती ने आगे कहा कि इसी प्रकार, अब समय आ गया है कि केन्द्र व राज्य सरकारें, राजनीतिक स्वार्थ व आपसी नफा-नुकसान को त्यागते हुए, साथ मिलकर दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही इन राष्ट्रीय समस्याओं पर समुचित ध्यान दें ताकि यहां आम जनजीवन सामान्य हो सके।

# प्रश्न पत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं की निगरानी के जियो टैगिंग वाले वाहनों का प्रयोग करेंः योगेन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा है कि उच्च शिक्षा में आयोजित हो रही परीक्षाओं की सुचिता, गरिमा व गोपनीयता को बनाये रखा जाय, इसके लिए जो भी आवश्यक हो, हर सम्भव कदम उठाये जाय। उच्च शिक्षा मंत्री रविवार को विभागीय अधिकारियों के साथ जूम ऐप के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग कर रहे थे। वर्चुअल मीटिंग के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने परीक्षा पर अनियमितता होने पर इसकी शिकायत करने के लिये व्हाट्स ऐप नंम्बर-8081572223 जारी किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक, परास्नातक एवं अन्य पाठ्यक्रम से संबंधित संचालित हो रही परीक्षाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षाओं को सुचितापूर्ण ढंग से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व ही पहुंचाया जाय। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की जांच के लिए सचल दल की संख्या में वृद्धि करने के भी निर्देश दिये। उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देशित किया कि प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं की निगरानी के लिये इनका परिवहन जियो टैगिंग से सुसज्जित वाहनों के माध्यम से किया जाए। इनके पर्यवेक्षण के लिये नोडल सेंटर पर पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाए।

## हर जिले में बनेंगे हॉर्टिकल्चर के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स

**लखनऊ।** योगी सरकार फल, शाकभाजी एवं मसाले की खेती और इनका प्रसंस्करण संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जिले में हॉर्टिकल्चर के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स बनाने जा रही है। इसके तहत अगले 5 साल के लिए उक्त खेती के क्षेत्रफल में विस्तार, उपज में वृद्धि और प्रसंस्करण के बाबत महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी रखा गया है। इसके लिए लगने वाली प्रसंस्करण इकाइयों के लिए बड़े पैमाने पर कच्चे माल के रूप में फलों एवं सब्जियों की जरूरत होगी। इसके लिए सरकार ने अगले 5 साल में हर जिले में एक्सिलेंस सेंटर, मिनी एक्सिलेंस सेंटर या हाईटेक नर्सरी की स्थापना करेगी। इस बाबत काम भी शुरू हो गया है। मसलन चंदौली, कौशाम्बी, सहारनपुर, लखनऊ, कुशीनगर और हापुड़ में सेंटर ऑफ एक्सिलेंस निर्माणाधीन है। इसी तरह बहराइच, अम्बेडकरनगर, मऊ, फतेहपुर, अलीगढ़, रामपुर और हापुड़ में मिनी सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स क्रियाशील हैं। सोनभद्र, मुरादाबाद, आगरा, संतकबीरनगर, महोबा, झांसी, बाराबंकी, लखनऊ, चंदौली, गोंडा, बलरामपुर, बदायूं, फिरोजाबाद, शामली और मीरजापुर में भी मिनी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस/हाईटेक नर्सरी निर्माणाधीन हैं। अगले पांच साल में इस तरह की बुनियादी संरचना हर जिले में होगी।

# राशन कार्ड सरेंडर करने के मामले में सरकार ने दी सफाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मीडिया में चल रही खबरों पर खाद्य आयुक्त ने कहा, राशनकार्ड सत्यापन एक सामान्य प्रक्रिया है जो समय-समय पर चलती है

**सरकार** ने रविवार को यह स्पष्ट किया कि प्रदेश में राशनकार्ड सरंडेर करने अथवा उनके निरस्तीकरण के सम्बन्ध में कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है। मीडिया में इस संबंध में प्रसारित खबरों का खण्डन करते हुए राज्य के खाद्य आयुक्त ने कहा कि राशनकार्ड सत्यापन एक सामान्य प्रक्रिया है जो समय-समय पर चलती है ।

खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने कहा कि राशन कार्ड सरेंडर करने और पात्रता की नई शर्तों के संबंध में आधारहीन प्रचार हो रहा है। सत्यता यह है कि पात्र गृहस्थी राशनकार्डों की पात्रता-अपात्रता के सम्बन्ध में 7 अक्टूबर 2014 के शासनादेश के मानक निर्धारित किए गए थे जिसमें वर्तमान में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी योजनान्तर्गत आवंटित पक्का मकान, विद्युत कनेक्शन, एक मात्र शस्त्र लाइसेंस धारक, मोटर साइकिल स्वामी,मुर्गी पालन, गौ पालन होने के आधार पर किसी भी कार्डधारक को अपात्र घोषित नहीं किया जा सकता है। इसी प्रकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 तथा प्रचलित शासनादेशों में अपात्र कार्डधारकों से वसूली जैसी कोई व्यवस्था भी निर्धारित नहीं की गयी है और रिकवरी के सम्बन्ध में शासन स्तर से अथवा खाद्यायुक्त कार्यालय से कोई भी निर्देश निर्गत नहीं किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि विभाग सदैव पात्र कार्डधारकों को नियमानुसार उनकी पात्रता के अनुरूप नवीन राशनकार्ड निर्गमित करता है तथा पहली अप्रैल 2020 से अब तक प्रदेश में कुल 29.53 लाख नवीन राशनकार्ड विभाग द्वारा पात्र लाभार्थियों को जारी किए गए।

# चुनावी लाभ के लिए पीटा गया था फ्री राशन का ढिंढोराः आराधना मिश्रा

● राशनकार्ड धारकों से वसूली का शासनादेश गरीबों के साथ छलावा, श्वेतपत्र जारी करे सरकारः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**सरकार** की ओर से राशन पाने वाले कथित अपात्रों से वसूली के लिए जारी हुए शासनादेश पर कांग्रेस पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी है। कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने आरोप लगाया है कि चुनावी लाभ के लिए बीजेपी सरकार ने ग़रीबों से ऐसा छल किया है जिसकी दूसरी मिसाल नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को विधानसभा में पार्टी की ओर से ज़ोर-शोर से उठाया जाएगा। सरकार को इस मसले पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। इस शासनादेश ने बीजेपी का असली चाल, चरित्र और चेहरा एक बार फिर बेपर्दा कर दिया है।

पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए आराधना मिश्र ने कहा कि भाजपा के सभी नेता और खुद प्रधानमंत्री ये बार बार जताने से नहीं चूकते कि कैसे उन्होंने कोरोना काल के दौरान मुफ्त राशन बांटा लेकिन असलियत तो ये है कि लोगों को दो जून की रोटी भी चुनावों को ध्यान में रखकर दी गई थी और अब जब चुनाव खत्म हो गया है तो लोगों के पेट पर लात मारने की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि शासनादेश में साफ तौर से कहा गया है कि नए नियमों के तहत राशन कार्ड के लिए पात्र मात्र वह लोग होंगे जिनकी खुद की कोई जमीन न हो, पक्का मकान न हो, भैंस, बैल, ट्रैक्टर ट्रॉली ना हो, मोटरसाइकिल न हो, मुर्गी पालन और गौ पालन न करता हो, शासन की ओर से कोई वित्तीय सहायता न मिलती हो, बिजली का बिल न आता हो, जीविकोपार्जन के लिए कोई आजीविका का साधन न हो। मतलब गरीबी दूर करने के बजाय मोदी सरकार में गरीब बने रहने में ही फायदा है। शासनादेश कहता है कि ऐसे तमाम मानक के चलते अपात्र घोषित लोगों का राशन कार्ड तुरंत निरस्त कर दिया जायेगा। और अगर यह तथाकथित अपात्र स्वयं राशन कार्ड नहीं दे देते हैं तो इनसे कोरोना जैसी महामारी के दौरान दिए हुए राशन की वसूली और कुर्की तक की जाएगी। आंकड़े बताते हैं कि देश के 84 प्रतिशत लोगों की आय कम हो गई है, लोगों की नौकरियां नष्ट हो गयीं, महंगाई से लोगों की कमर टूट रही है और उस दौरान यह निर्णय लिया गया है की कोई भी राशन कार्ड वाला अगर अपात्र पाया जाता है तो उससे वसूली छोटे मोटे दाम पर नहीं बल्कि 24 प्रति किलो गेहूं, 32 प्रति किलो चावल पर होगी। यही नहीं नमक, दाल और खाने के तेल की वसूली तो बाजार के रेट पर होगी। यह योगी सरकार की क्रूरता और संवेदनहीनता का जीता जागता सबूत है। उन्होंने कहा कि 2013 का खाद्य सुरक्षा कानून साफ़तौर से यह अंकित करता है कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 79.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 64.4 प्रतिशत लोगों को खाद्य सुरक्षा का फायदा पहुंचना चाहिए। अप्रैल 2022 की फूड ग्रेन बुलिटन जो कि भारत सरकार जारी करती है के अनुसार उत्तर प्रदेश में 15.20 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन मिलना चाहिए। तो अब सवाल ये भी है कि वाकई में कितने लोगों को राशन दिया गया, राशन कार्डों को निरस्त करने की जो प्रक्रिया चल रही है, इससे कितने लोग खाद्य सुरक्षा के फायदे से वंचित हो जायेंगे, और क्या उत्तर प्रदेश की सरकार जो खाद्य सुरक्षा अधिनियम का क़ानूनी ज़रूरत है . उतने लोगों को खाद्य सुरक्षा देने का प्रबंध कर रही है।

# नुमाइश में हादसा, छिना मां के बुढ़ापे का सहारा

**संवाददाता। सीतापुर**

● मृतक के दोस्तों ने नुमाइश संचालकों पर लगाए गंभीर आरोप

● पिता की मौत के बाद परिवार का खर्च चलाने की जिम्मेदारी निभा रहा था

**शहर के** इलाहाबाद फील्ड पर चल रही नुमाइश में शनिवार रात आई आंधी-पानी के दौरान बिजली का तार टूटकर गिरने से करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। नुमाइश में आइसक्रीम का ठेला लगाने वाला युवक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। हादसे के बाद मृतक के दोस्तों ने नुमाइश संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल, शहर के मोहल्ला दुर्गापुरवा में किराए पर रहने वाला 20 वर्षीय अंकुर शुक्ल पिता की मौत के बाद छोटे-मोटे काम कर अपने परिवार का खर्च चलाता था। पिछले कई दिनों से शहर में इलाहाबाद फील्ड पर नुमाइश चल रही है। अंकुर इस नुमाइश में आइसक्रीम का ठेला लगा रहा था। शनिवार रात आंधी आने के दौरान बिजली का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया। करंट लगने से अंकुर की मौत हो गई। मृतक के दोस्त सूरज अवस्थी ने हादसे की पूरी जानकारी दी। सूरज ने बताया कि मृतक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। इस हादसे ने एक मां का इकलौता बेटा ही नहीं बुढ़ापे का सहारा भी छीन लिया है। मृतक के दोस्तों ने आरोप इस बात को लेकर है कि हादसे के बाद नुमाइश के आयोजकों ने आर्थिक मदद तो दूर पीड़िता का हाल जानना तक मुनासिब नहीं समझा मृतक के दोस्तों का आरोप है कि हादसा नुमाइश संचालकों की लापरवाही का नतीजा है। आंधी आने पर अगर बिजली आपूर्ति ठप करा दी गई होती तो हादसा नहीं होता।

# आंधी-पानी ने मचाई तबाही, शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों की बिजली गुल

**संवाददाता। सीतापुर**

● बागबानों के माथे पर खिंची चिंता की लकीरें

**मौसम का** मिजाज शनिवार देर रात एक बार फिर बदल गया और सीतापुर शहर समेत कई ग्रामीण इलाकों में आंधी-पानी ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। आंधी से आम की फसल को एक बार फिर से नुकसान पहुंचा है। इससे बागबानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच आई हैं। बिसवां में आंधी से दीवार ढहने के चलते मलबे में दबकर कई लोग जख्मी हो गए। आंधी से शहर समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पोल गिरने तथा लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है। आंधी-पानी के बाद शहर में अधिकतर वार्डों की बिजली गुल हो गई, शनिवार की रात भर ठप आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इससे नागरिकों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं। वहीं, जिला अस्पताल की आपूर्ति भी ठप हो गई, लगभग सत्रह घंटे तक बिजली गुल रहने से मरीजों व तीमारदारों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। रविवार को पॉवर कट के कारण मोबाइल की टार्च जलाकर जिला अस्पताल का स्टॉफ मरीजों का इलाज करता नजर आया। एसडीएम सदर अनिल कुमार ने रविवार दोपहर जिला अस्पताल और महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल कराने के निर्देश दिए। लहरपुर कोतवाली व विद्युत उप केंद्र के सामने आंधी से विशाल आम का पेड़ गिरने से बिजली के चार खंभे टूट गए। जिसके चलते क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। एसडीओ प्रहलाद कुमार व उनकी टीम द्वारा बिजली बहाल करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। टूटे हुए पोलो को हटाया जा रहा है जो लाइनें टूट गई हैं उनको भी जल्द ही दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। एसडीओ प्रहलाद कुमार ने बताया कि आंधी तूफान से जो बिजली के पोल कार्यालय के गेट के सामने जो टूटे हैं उसकी वजह से पूरा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था फेल हो गई है। जिसको लेकर कर्मचारी जुटे हुए हैं काम कर रहे हैं। देर शाम तक विद्युत बहाल होने की संभावना है।

## क्विक न्यूज

### 24 मई तक बढ़ी राशन वितरण की तिथि

**सीतापुर।** जिला पूर्ति अधिकारी सीतापुर संजय कुमार प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत माह अप्रैल के सापेक्ष अवशेष लाभार्थियों को खाद्यान्न एवं साबुत चना, आयोडइज्ड नमक एवं रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल निःशुल्क वितरित कराये जाने के लिए उपरोक्त आवश्यक वस्तुओं के वितरण की तिथि 24 मई तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों ने अब तक राशन नहीं लिया है उचित दर की दुकानों से अपना प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का निःशुल्क खाद्यान्न एवं निःशुल्क आयोडइज्ड नमक, साबुत चना तथा रिफाइण्ड ऑयल अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें।

### युवा कार्यकर्ता जनसंवाद आयोजित

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय सीतापुर में रविवार को युवा कार्यकर्ता जनसंवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला सभा की प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह यादव व संचालन विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र यादव ने किया। पूर्व विधायक राकेश राठौर ने कहा कि आज का नौजवान बेरोजगार है, शिक्षा से वंचित है, नौकरी और शिक्षा के लिए दर-दर भटक रहा है। परंतु वर्तमान सरकार रोजगार व नौकरी देने के बजाय मुद्दों से भटका कर मंदिर मस्जिद तथा हिन्दू मुस्लिम की बात करती है। छात्रा काजल गुप्ता, स्वाती शर्मा व दीक्षा शुक्ला ने रंगोली बनाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। छात्र अभय अवस्थी, समीक्षा व नाहिद, पूर्व विधायक जासमीर अंसारी, आलोक गौतम, आशीष वर्मा, अश्वनी निषाद, आमिल सीतापुरी, सुनील पाल, जयसिंह यादव, मसूद आलम अंसारी, आकाश राजवंशी, ऐतशाम बेग, नौमान सिद्दीकी, आशीष वर्मा, अंकित भार्गव, ने भी अपने विचार रखे।

### दबंगों ने युवक को पीटा

**बरेली।** विवाह समारोह में डांस को लेकर हुए झगड़े को बचाने पहुंचे एक युवक को पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांवअखा निवासी गोपाल यादव को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि गोपाल यादव की चचेरी बहन की कल शादी थी और रात में बरात आने के समय कुछ लोग डांस कर रहे थे इसी दौरान कुछ लोग आपस में झगड़ा करने लगे तब गोपाल झगड़ा बचाने के लिए मौके पर पहुंचा इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रहने वाले रतन लाल और उसके तीन साथियों नें झगड़ा बचा रहे गोपाल यादव पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया घटना के बाद हमलावर फरार हो गए सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वाले गोपाल यादव को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई।

### खाई बाड़ी कर रहे दो सट्टेबाज गिरफ्तार, एक फरार

**बरेली।** पुलिस ने खाई वाडी कर रहे दो सट्टेबाजों को बीती रात गिरफ्तार कर दिया उनके पास से नकदी व अन्य सामान व अवैध हथियार भी बरामद हुए गिरफ्तार सट्टेबाजों को पुलिस ने जेल भेजा और उनके फरार साथी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव शिकारपुर चौधरी निवासी तस्लीम पुत्र कदीर अहमद और इरशाद पुत्र अली हसन को को पुलिस ने बीती रात आई बड़ी करते समय रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए सट्टेबाजों के पास से 51 हजार रुपए नकद 3 मोबाइल फोन सट्टे की पर्चियां एक तमंचा एक कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ जबकि उनका तीसरा साथी परतापुर चौधरी का रहने वाला आबिद यार खा पुत्र माजिद यार खा मौका देकर फरार हो गया पुलिस ने गिरफ्तार खाई बाड़ी करने वालों को जेल भेज कर उनके फरार साथी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

### टॉप टेन का एक अपराधी गिरफ्तार

**बरेली।** लंबे समय से फरार चल रहे टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव खजुरिया घाट निवासी शातिर अपराधी सलमान पुत्र गौस मोहम्मद को पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना के बाद इज्जत नगर थाना क्षेत्र में नकटिया नदी के पास गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए अपराधी सलमान पर इज्जत नगर,बिथरी चौनपुर, फरीदपुर, बारादरी और कैंट थाने में गंभीर धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसको गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी आज दोपहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा तलाशी के दौरान उसके पास से 2500 रुपए नकद तमंचा और कारतूस बरामद हुए पुलिस ने उसे जेल भेजा

# पिकेट ड्यूटी को भनक नहीं, लाखों का माल बटोर ले गए चोर

● चोरों ने टिंबर स्टोर से लोहे के 88 फरमा व 12 प्लास्टिक की कुर्सियां पार कर दीं

**संवाददाता। सीतापुर**

**सीतापुर के** रेउसा कस्बे में बेखौफ चोरों ने दुस्साहसिक चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को जहां चुनौती दी है, वहीं पिकेट ड्यूटी और नाइट पेट्रोलिंग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। टिंबर स्टोर को निशाना बनाते हुए हौसला बुलंद चोरो ने जितनी भारी तादात में सामग्री पार की है, उसे ले जाना आसान नहीं था। टिंबर संचालक के मुताबिक भारी भरकम चीजों को किसी बड़े वाहन पर लादकर ही ले जाना संभव है। यानी चोरी के दौरान किसी वाहन में टिंबर का सामान लोड किया गया। जाहिर है इस काम में अच्छा खासा वक्त लगा होगा। ऐसे में पचास मीटर की दूरी पर लगने वाली पिकेट ड्यूटी को भनक न लगना पुलिसिया लापरवाही को दर्शाता है। दरअसल, रेउसा थाना व कस्बा के मुख्य चौराहे पर मोहम्मद शमी पुत्र आशिक अली का टिंबर स्टोर है। शनिवार की रात टिंबर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोर अंदर पहुंचे। चोरों ने टिंबर स्टोर से लोहे के 88 फरमा व 12 प्लास्टिक की कुर्सियां पार कर दीं। सुबह टिंबर संचालक को घटना की जानकारी हुई। टिंबर संचालक मोहम्मद शमी ने बताया कि 88 लोहे के फर्मा बिना किसी बड़े वाहन के ले जाना संभव नहीं है। एक फर्मा काफी वजन का होता है। मोहम्मद शमी ने बताया कि लगभग तीन लाख का माल चोरी हुआ है। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

### चिंतन व मनन शिविर का शुभारंभ 4 जून से

**सीतापुर।** श्रीराम साधना आरण्यक नैमिषारण्य में चिंतन व मनन शिविर का शुभारंभ 4 जून से होगा। इस साप्ताहिक शिविर में व्यक्ति निर्माण, वैश्विक स्तर की युग समस्याओं पर चिंतन मनन कर उनके समाधान खोजे जाने पर चर्चा होगी, आरण्यक के मुख्य अभियानी ललित दीक्षित ने बताया कि शिविर का समापन 10 जून को होगा। इस दौरान 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अलावा जनसंपर्क, विचार गोष्ठी, गायत्री यज्ञ, दीप यज्ञ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जन समुदाय से भागीदारी की अपील की है।

## माता-पिता का सम्मान करने वाला जीवन में प्राप्त करता है सफलता की ऊंचाइयां-पवन

**सीतापुर।** सीता ग्रुप आफएजूकेशन महमूदाबाद में आयोजित सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा गुरू व माता-पिता का सम्मान करने वाला जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा जीवन में किसी भी प्रकार का घमंड न करके सभी की सेवा के लिए सहजता से तत्पर रहना चाहिए। सम्मान समारोह में चार दर्जन शिक्षक-शिक्षिकाओं व आधा सैकड़ा समाजसेवियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अटल आर्ट कंपटीशन, प्रकृति चित्रण सहित हिन्दी मीडियम और इंग्लिश मीडियम जूनियर वर्ग में सम्पन्न हुई वार्षिक परीक्षा में सांत्वना स्थान पाने वाले 150 छात्र-छात्राओं को भी आकर्षक पुरस्कार व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रबंधक आरके बाजपेई, महमूदाबाद प्रधान संघ अध्यक्ष गणेश वर्मा, रोहित सिंह, पहला प्रधान संघ अध्यक्ष मीनू वर्मा, दिलीप वर्मा, फिरोज अहमद, विकास कुमार, लायर्स ऐसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उमेश गुप्त, पूर्व महामंत्री सरोज शुक्ल, डा. एमणि मिश्र, ड्रग्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल, उमेश वर्मा, रामसिंह, रमेश वर्मा, उमेश वर्मा आदि मौजूद थे।

# सरकारी भवन कब्जा करने वालों ने महिला पंचायत सहायक पर किया जानलेवा हमला

**संवाददाता। सीतापुर**

● सरकारी कामकाज के लिए सामुदायिक केन्द्र पहुंची थी पंचायत सहायक

**मिश्रिख कोतवाली** इलाके में महिला पंचायत सहायक से मारपीट का मामला सामने आया है। पंचायत सहायक का आरोप है कि सामुदायिक केन्द्र पर अवैध कब्जा करने वालों ने घटना को अंजाम दिया है। हमला तब किया गया ज बवह सरकारी कामकाज निपटाने सामुदायिक भवन गई थी। पीड़िता पंचायत सहायक ने घटना की तहरीर मिश्रिख पुलिस को दी है। दरअसल, मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के जगन्नाथपुर में रहने वाली श्रद्धा देवी पुत्री रामकिशोर गोपालपुर में पंचायत सहायक के पद पर तैनात है। पंचायत सहायक श्रद्धा के मुताबिक 21 अप्रैल की शाम 6 बजे मिश्रिख बीडियो के आदेश पर सरकारी भवन डॉक्टर अंबेडकर सामुदायिक केंद्र में बैठकर सरकारी कार्य करने के गई थी। जहां वोल्टू पुत्र डेलू ने अवैध कब्जा कर रखा था। उसके पहुंचने पर गाली गलौज करने लगे, जब उसने मना किया तो मारपीट शुरू कर दी। खबर लगते ही पंचायत सहायक के परिवारी जन पहुंच गए। आरोप है कि विपक्षियों ने महिला पंचायत सहायक व उसके परिजनों की जमकर पिटाई कर दी। हमले में महिला पंचायत सहायक समेत उसके परिजन रामप्रकाश, आशीष, अंकित, ओमप्रकाश घायल हो गए। घायलों को सीएचसी मिश्रिख में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दो लोगों की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बीडीओ मिश्रिख अजय प्रताप सिंह ने बताया कुछ लोगों ने सरकारी भवन में अवैध कब्जा कर रखा है, जिनके खिलाफ कार्यवाही के लिए तहरीर कोतवाली में दे दी गई है।

## छह मैजिकों को एआरटीओ ने किया सीज



**मोहम्मदी-खीरी।** शासन द्वारा मिले दिशा निर्देश के उपरांत आज एआरटीओ ने नगर में सड़क किनारे खड़ी 6 मैजिकों को सीज किया। अवैध वाहन चालकों में हडकंप मचा। कार्रवाई के दौरान उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह भी मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज नगर में पूरे दलबल के साथ एआरटीओ ने भ्रमण किया जिसमें शाहजहांपुर गोला मार्ग पर चलने वाले वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ रमेश चौबे ने संचालित के मैजिकों को तीज की कार्रवाई की है। वहीं उन्होंने बताया सड़क किनारे न खड़ा करें अपना वाहन, बगैर परमिट चलाने वालों पर होगी कार्रवाई। इस कार्रवाई से टैक्सी स्टैंड संचालकों में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है शाहजहांपुर गोला दोनों टेस्ट दूसरों का कोई भी स्टैंड नहीं है जहां पर अपने वाहन खड़े कर सके दांत और वाहन रोडवेज बस अड्डे पर खड़े होकर सवारियां भरने का काम करते हैं। इसी दिशा में प्रभारी निरीक्षक ने भी निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी वाहन सड़क किनारे खड़ा सवारियां भरते मिला तो निश्चित तौर पर ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

# किसान ने डीएम से की नुकसान की शिकायत

● बिजली महकमे के विपरीत कार्रवाई करने पर खोला मोर्चा

**संवाददाता। लखीमपुर-खीरी**



**शिकायत के** बावजूद कार्रवाई के अभाव में जर्जर बिजली लाइन गिरने से हुए नुकसान पर पर्दा डालने के बिजली विभाग द्वारा किसान पर बिजली चोरी का असिस्मेंट लगाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विभागीय कार्रवाई से नाखुश किसान की जब नहीं सुनीं गई तो किसान डीएम से शिकायत की है।

गौरतलब रहे फूलबेहड़ फीडर क्षेत्र के ग्राम बल्हवापुर निवासी करमजीत सिंह पुत्र बूटा सिंह ने 18 अप्रैल को उन्होंने पावर हाउस पर ढीली लाइन व तार चिपकने की संभावना से संबंधित शिकायत दर्ज कराई थी। यह शिकायत पावर हाउस के शिकायती रजिस्टर पर भी दर्ज है। इसके बावजूद सात दिनों तक कोई भी कर्मचारी मौके पर पहुंचा ही नहीं। करमजीत ने बताया कि दिनांक 25 अप्रैल को उसके खेत के ऊपर से गुजरी ढीली लाइन के तार आपस में चिपक गए जिससे निकली चिंगारियों के चलते उसके खेत में आग लग गई।

आग से खेत में मौजूद भूसा व फसल का काफी नुकसान हो गया। जब करमजीत ने इसकी शिकायत की तो महकमे के लोग उसके घर पहुंच गए। मगर बजाय नुकसान का आकलन करने बिजली कर्मी उसके घर का लोड चेक करने लगे। मीटर के पास कट होने की बात कहते हुए उस पर बिजली चोरी का भी आरोप जड़ दिया। भारी भरकम जुर्माने का डर भी दिखाया। कई दिनों तक किसान से मामला निबटा लेने के लिए लेन-देन कर लेने का दबाव बनाया जाता रहा। परेशान होकर किसान ने मामले को मीडिया तक पहुंचा दिया। जब मीडिया ने सवाल करने शुरू किए तो किसान को मुआवजा दिलाने और जुर्माना कम करने का लालच दिया जाने लगा। यहां तक कि किसान को गुमराह करने के लिए एक अदद खंभे तक की व्यवस्था करा दी गई जो आज तक जमीन पर ही पड़ा है। मुआवजा न मिलने पर किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। जब फीडर के एसडीओ और जेई ने खुद को फंसता देखा तो किसान के ऊपर 31000 रुपये जुर्माने की रसीद काट दी। इससे नाराज किसान भी अब पलटवार के मूड में आ गया है। किसान ने डीएम को प्रार्थना पत्र दिया है।

किसान ने डीएम को बताया कि बिजली विभाग ने केवल अपनी गलती छिपाने व पीड़ित पर दबाव बनाने के लिए जुर्माने की कार्रवाई की है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उस पर जिस एसी का जुर्माना सालों पहले से लगाया गया है। उसे उसने कुछ महीने पहले ही खरीदा है। जिसकी रसीद भी किसान ने बिजली महकमे के लोगों को दिखाई। डीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पीएचसी गोटैय्याबाग दूसरी जगह स्थानांतरित करने के आदेश

● डाक्टर के छह माह से न होने पर जताई नाराजगी

**संवाददाता । लखीमपुर-खीरी**

**अर्बन पीएचसी** गोटैय्याबाग का सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टर के 6 माह से ना होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और स्टाफ नर्स की अनावश्यक पोस्टिंग पर उसे तत्काल रिलीव कर जरूरत के स्थान पर भेजने के आदेश दिए। वहीं अर्बन पीएचसी को दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की कि अर्बन कि पीएचसी होने के बावजूद छह माह से यहां कोई डाक्टर नहीं है इसे लेकर उन्होंने सीएचसी फरधान में तैनात डा. प्रतिभा अवस्थी को तत्काल यहां संबद्ध करने के आदेश दिए। छह एएनएम की तैनाती पर भी नाराजगी जताई और तीन को अन्यत्र स्थान पर भेजने के आदेश दिए। एक स्टाफ नर्स जो 16 मई से मेडिकल पर है उसका 24 मई को सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं कहां कि जब 9 साल से यहां पर कोई डिलीवरी नहीं हुई है तो यहां पर स्टाफ नर्स की जरूरत क्या है। इसे जरूरत के स्थान पर भेजा जाए ताकि वहां पर स्वास्थ्य सेवा को शुरू किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अर्बन पीएचसी का रास्ता काफी गलियों से होकर आ रहा है। इसे देखते हुए एक दूसरा बेहतर स्थान तलाश कर इसे वहां पर शिफ्ट करें ताकि आने वाले मरीजों को आवागमन को लेकर किसी भी तरह की समस्या का सामना ना करना पड़े। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डा. कुलदीप आदिम, डैम सतपाल सिंह, अर्बन कोऑर्डिनेटर राहुल शाक्य मौजूद रहे। वहीं निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट प्रशांत व एएनएम दिव्या आदि उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

### बिहार में...

भाजपा नेतृत्व के साथ अपनी निकटता की कीमत चुकाई है। जदयू द्वारा उन्हें टिकट से वंचित करने की स्थिति में नीतीश कुमार बिहार में एक बार फिर राजद के साथ गठबंधन कर चौंका सकते हैं। नीतीश कुमार और आरसीपी सिंह के बीच संबंधों में खटास उस वक्त आनी शुरू हुई जब जदयू की केंद्रीय मंत्रिमंडल में दो मंत्री पद की मांग को छोड़कर आरसीपी खुद नरेंद्र मोदी सरकार में शामिल हो गए। उस समय वह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। इसके बाद, आरसीपी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के खिलाफ जदयू के लड़ने के खिलाफ थे। जब नीतीश ने उन्हें पार्टी अध्यक्ष के पद से हटाया, उस समय उन दोनों के संबंध बहुत खराब हो चले थे। पिछले पांच दिनों से आरसीपी सिंह मुख्यमंत्री आवास से महज एक किलोमीटर दूर पटना में डेरा डाले हुए हैं, लेकिन दोनों नेताओं के बीच अब तक मुलाकात नहीं हुई है। जब नीतीश कुमार रविवार को जदयू कार्यालय गए और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं विधायकों से मिले, तो आरसीपी सिंह अपने समर्थकों के साथ अपने आवास पर ही मौजूद रहे।

### बंगाल में...

भाजपा में हैं। सिंह पूर्व रेल मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल राय और पूर्व भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो की राह का अनुसरण करते हुए अपनी पुरानी पार्टी में वापस आ गए। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बगैर बंगाल का विकास संभव नहीं है। कम से कम आधा दर्जन भाजपा विधायक पहले ही पार्टी छोड़कर बंगाल की सत्ताधारी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। विधानसभा चुनाव में टीएमसी भारी बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की थी।

### केजरीवाल-केसीआर...

किया था। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल के साथ बैठक में केसीआर के साथ राष्ट्रीय राजनीति, संघवाद, भारत के विकास में राज्यों की भूमिका, केंद्र सरकार की नीतियों और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। तेलंगाना के मंत्री वी प्रशांत रेड्डी, सांसद - जोगिनपल्ली संतोष कुमार, नामा नागेश्वर राव, रंजीत रेड्डी, वेंकटेश नेथा बोरलाकुंटा, विधायक डॉ. आनंद मेथुकु, और अन्य राव के प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। ये लोग भी पंजाब गए जहां कुछ महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में आप सत्तारूढ़ कांग्रेस को करारी हार दी थी। चंडीगढ़ में अपने पंजाब और तेलंगाना समकक्षों के साथ मंच साझा करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र चाहता है कि शहर के स्टेडियमों को अस्थायी जेलों में बदल दिया जाए, ताकि अब निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों के विरोध में राष्ट्रीय राजधानी में मार्च करने वाले किसानों को रखा जा सके। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन पूरे देश के लिए था, न कि केवल पंजाब या हरियाणा के किसानों के लिए। केंद्र सरकार उन्हें गिरफ्तार करने के लिए स्टेडियमों को जेल में तब्दील करना चाहती थी, लेकिन मैंने इसकी इजाजत नहीं दी।

### क्वाड शिखर...

भारतीय समुदाय के करीब 40,000 लोग रहते हैं, जो जापान के साथ हमारे संबंधों में महत्वपूर्ण हैं और वह उनसे मुलाकात करने के लिए उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा ऐसे समय हो रही है जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि क्वाड के नेताओं के 24 मई को तोक्यो में होने वाले शिखर सम्मेलन में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों के साथ-साथ कई मुद्दों पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा था कि कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने, स्वास्थ्य सुरक्षा, टिकाऊ आधारभूत ढांचा और आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दों पर भी बातचीत होगी।

### परेशान चीन...

के विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर डाली है। उनकी यह टिप्पणी 24 मई को तोक्यो में होने वाले क्वाड सम्मेलन से पूर्व आई है। इस सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान एवं आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री हिस्सा लेंगे। चीन उस क्षेत्र को एशिया-प्रशांत क्षेत्र कहता है और वह हिंद-प्रशांत रणनीतिक अवधारणा के विरूद्ध है जिसे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दौरान अहमियत मिली और अब उसे उनके उत्तराधिकारी जो बाइडन जोरदार ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं। वांग ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र को भू-राजनीतिक मंच के बजाय शांतिपूर्ण विकास की भूमि होना चाहिए था।

### राहुल गांधी...

लिए प्रतिबद्ध है। गृह मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश और असम के बीच दशकों पुराने सीमा विवाद का जिक्र करते हुए सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की सराहना की। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्रियों (अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री) पेमा खांडू और (असम के मुख्यमंत्री) हिमंत बिस्व सरमा इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं और मुझे यकीन है कि इसे जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। असम से अलग होकर बना अरुणाचल प्रदेश शुरू में एक केंद्रशासित प्रदेश था। यह 1987 में एक पूर्ण राज्य बना। दोनों राज्यों के बीच 804.1 किलोमीटर लंबी सीमा है। पूर्वोत्तर राज्यों के पुनर्गठन के दौरान उत्पन्न हुआ सीमा विवाद अब उच्चतम न्यायालय में लंबित है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर के विकास के लिए त्रिस्तीय एजेंडा तैयार किया गया है।

### दो बेटियों...

लगी थी। सुसाइड नोट बड़ी बेटी ने लिखा है जिसमें उसने आर्थिक तंगी, बीमारी, रिश्तेदारों से दूरी और समाज से अलग-थलग हो जाने को आत्महत्या का कारण बताया है। परिवार पिछले तीन महीने से सामूहिक आत्महत्या की कोशिश कर रहा था। इसमें खलल न पड़े, इसलिए उन्होंने तीन माह पहले अपने किराएदार को भी हटा दिया था। पुलिस ने उनके रिश्तेदारों को घटना की सूचना दे दी है और मामले में जांच शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद तीनों के शव रिश्तेदार को सौंप दिए।

### सपा विधायक...

समाजवादी पार्टी (लोहिया) के प्रमुख शिवपाल सिंह यादव भी विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं हुए। अब्दुल्ला आजम रामपुर जिले की स्वार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में विजई हुए हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रविदास मेहरोत्रा ने कहा, आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम कल (सोमवार) सत्र में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि वह (आजम खान) स्वास्थ्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सके। मेहरोत्रा ने बताया कि सोमवार को आजम खान विधानसभा सदस्य के तौर पर पहले शपथ लेंगे और उसके बाद सत्र में भाग लेंगे। गौरतलब है कि आजम खान के खिलाफ रामपुर में जमीन हड़पने सहित 88 मामले दर्ज हैं और 20 मई को उच्चतम न्यायालय द्वारा धोखाधड़ी के एक मामले में अंतरिम जमानत देने के बाद उन्हें सीतापुर जेल से रिहा कर दिया गया था। खान के मीडिया प्रभारी फसाहत अली खान ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर अपने सहयोगी (आजम खान) और मुस्लिम समुदाय की अनदेखी करने का आरोप लगाया था, जिससे समाजवादी पार्टी में दरार की अटकलें तेज हो गई थीं।

### अखिलेश को...

विधानसभा क्षेत्रों में जाना चाहिए। इस सवाल पर कि कहीं उनके बयान को अखिलेश यादव अन्यथा न ले लें, राजभर ने कहा अन्यथा क्यों लेंगे? क्या मैंने कुछ गलत कहा? सच कड़वा होता है। उनकी पार्टी के नेताओं ने मुझसे कहा कि मुझे उन्हें सलाह देनी चाहिए कि वह लोगों से मिलें, अपनी पार्टी को मजबूत करें और उनको घेरे खड़े नवरत्नों को हटाएं। राजभर ने कहाकि सपा अध्यक्ष को घेरे रहने वाले नवरत्नों की वजह से ही वह इस विधानसभा चुनाव के बाद सरकार नहीं बना पाए। लोग उन्हें वोट देने को तैयार थे लेकिन वह खुद वोट लेने को तैयार नहीं थे।

### सिरे नहीं...

कि उसकी नहरों में हिमाचल प्रदेश से दिल्ली तक अतिरिक्त पानी ले जाने की क्षमता नहीं है। इस विरोध के बाद हिमाचल प्रदेश भी अपने समझौते से पीछे हट गया। अधिकारी ने बताया कि इंजीनियरों ने इन योजनाओं को हकीकत में बदलने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की, लेकिन पड़ोसी राज्य राजनीतिक कारणों से पीछे हट गए। दिल्ली को लगभग 1200 एमजीडी पानी की आवश्यकता होती है, जबकि दिल्ली जल बोर्ड लगभग 950 एमजीडी की आपूर्ति कर पाता है। हरियाणा से रोजाना 610 मिलियन गैलन पानी की सप्लाई आती है, इसमें से कैरियर लाइन्ड कैनाल (सीएलसी) से 368 एमजीडी और दिल्ली सब ब्रांच (डीएसबी) से 177 एमजीडी पानी आता है। यमुना से 65 एमजीडी पानी मिलता है। इसके अलावा, दिल्ली को ऊपरी गंगा नहर के जरिए उत्तर प्रदेश से 253 एमजीडी पानी मिलता है। 90 एमजीडी पानी शहर के कुओं और नलकूपों से खींचा जाता है।

# भारतीय उद्योग, मेक इन इंडिया वैश्विक विकास के लिए आशा की किरण बन रहे

भाषा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि मेक इन इंडिया पहल और भारतीय उद्योग वैश्विक विकास के लिए आशा की किरण बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि देश अपनी प्राचीनता को संरक्षित और प्रोत्साहित कर रहा है, साथ ही अपने नवाचार और आधुनिकता को भी मजबूत बना रहा है। मोदी ने श्री गणपति सच्चिदानंद स्वामी के 80वें जन्मदिन समारोह पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने संदेश में यह बात कही। सच्चिदानंद स्वामी ने अवधूत दत्त पीठम की स्थापना की थी, जो एक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कल्याण संगठन है।

मोदी ने अपने संबोधन में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान पड़ने वाले इस शुभ अवसर के संदर्भ में स्वयं से पहले दूसरों का भला करने की संतों की शिक्षा को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा, देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ सामूहिक संकल्पों का आह्वान कर रहा है। आज देश अपनी पुरातनता का संरक्षण व संवर्धन कर रहा है और साथ ही अपनी नवीनता तथा आधुनिकता को भी मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा, आज भारत की पहचान योग के साथ-साथ युवा देश की भी है। आज दुनिया हमारे स्टार्टअप को अपने भविष्य के रूप में देख रही है। हमारा उद्योग और हमारी मेक इन इंडिया पहल वैश्विक विकास के लिए आशा की किरण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को इन संकल्पों को प्राप्त करने की दिशा में काम करना होगा। मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि आध्यात्मिक केंद्र इस दिशा में भी प्रेरणा के केंद्र के रूप में काम करें। उन्होंने इस अवसर पर सच्चिदानंद स्वामी और उनके अनुयायियों को बधाई दी और संतों व विशिष्ट अतिथियों द्वारा हनुमत द्वार प्रवेश द्वार के समर्पण का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने शास्त्रों का हवाला देते हुए कहा कि सच्चिदानंद स्वामी का जीवन इस बात का जीता जागता उदाहरण है कि संत मानवता के कल्याण के लिए पैदा होते हैं और उनका जीवन सामाजिक प्रगति व मानव कल्याण से जुड़ा हुआ होता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि अवधूत दत्त पीठम में आध्यात्मिकता के साथ-साथ आधुनिकता को भी बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने मैसूर के भव्य हनुमान मंदिर का 3डी मानचित्रण, लाइट-एंड-साउंड शो और आधुनिक प्रबंधन वाले पक्षी उद्यान का हवाला दिया। मोदी ने कहा कि अवधूत दत्त पीठम वेदों के अध्ययन के लिए एक महान केंद्र होने के अलावा, स्वास्थ्य उद्देश्यों के लिए संगीत का उपयोग करने में प्रभावशाली नवाचार कर रहा है। उन्होंने कहा, विज्ञान का यह प्रयोग, आध्यात्मिकता के साथ प्रौद्योगिकी के संगम को दर्शाता एक गतिशील भारत की आत्मा है। मुझे खुशी है कि स्वामी जी जैसे संतों के प्रयासों से आज देश के युवा अपनी परंपराओं की ताकत से रूबरू हो रहे हैं और उन्हें आगे ले जा रहे हैं।

## रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर होने पर ध्यान दें: राजनाथ

नागपुर (महाराष्ट्र)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को रक्षा क्षेत्र के हितधारकों से कहा कि वे बाहरी प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बिठाते हुए रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर होने पर ध्यान केंद्रित करें। एक रक्षा प्रवक्ता की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि महाराष्ट्र के नागपुर की अपनी यात्रा के दौरान सिंह ने रक्षा कमांडरों से कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सही रखरखाव और संचालन प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए भी कहा। एयर मार्शल शशिकर चौधरी, एओसी-इन-सी मेंटेनेंस कमांड और असैन्य एवं सैन्य प्रतिष्ठानों के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने यहां हवाई अड्डा पहुंचने पर सिंह का स्वागत किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सिंह ने हवाई अड्डे पर रक्षा क्षेत्र के कुछ हितधारकों के साथ बातचीत की। उन्हें इस क्षेत्र में सेना, वायु सेना और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों सहित रक्षा प्रतिष्ठानों द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

# अरुणाचल भारत के ताज में एक रत्न की तरह : शाह




भाषा। नामसई (अरुणाचल प्रदेश)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अरुणाचल प्रदेश को भारत के ताज में एक रत्न की संज्ञा देते हुए रविवार को कहा कि चीन की सीमा से लगे इस राज्य के लोग देशभक्ति से भरे हुए हैं और नमस्ते (अभिवादन प्रदर्शित करने हेतु प्रयुक्त शब्द) के बजाय जय हिंद के साथ एक-दूसरे का अभिवादन करते हैं। शाह ने पूर्वी सियांग जिले के पासीघाट में एक परिसर की स्थापना के लिए, अरुणाचल प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (एनडीयू) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान राज्य के युवाओं को देश की सेवा करने का मौका देगा।

गृह मंत्री ने कहा, हम जब भी अरुणाचल प्रदेश आते हैं तो ऊर्जा और देशभक्ति के साथ लौटते हैं। अरुणाचल प्रदेश के अलावा देश में शायद और कोई जगह नहीं है जहां लोग एक-दूसरे का नमस्ते के बजाय जय हिंद के साथ अभिवादन करते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात के बाद एनडीयू का दूसरा परिसर अरुणाचल प्रदेश में होगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में दो प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की स्थापना की है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, रक्षा विश्वविद्यालय सेना और अर्धसैनिक बलों के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करेगा। अरुणाचल प्रदेश के युवा न केवल देशभक्त हैं, बल्कि शारीरिक रूप से भी तंदुरुस्त हैं। संस्थान उन्हें राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि 1,180 करोड़ रुपए की परियोजनाएं या तो पूरी हो चुकी हैं या जल्द ही उनका उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा, राज्य में कुल 33,466 परिवार और 800 स्वयं सहायता समूहों को 394 करोड़ रुपए के विभिन्न स्टार्ट-अप के माध्यम से लाभान्वित किया गया, जबकि 436 करोड़ रुपए की 22 परियोजनाओं को पूरा किया गया और दिन के दौरान उद्घाटन किया गया और जल्द ही 350 करोड़ रुपए की 25 अन्य परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। शाह ने दिन में लगभग 1,000 करोड़ रुपए की 40 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि 2,000 मेगावाट क्षमता की सुबनसिरी पनबिजली परियोजना 2023 तक चालू हो जाएगी और इससे राज्य को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ी 2,880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना पर काम जल्द ही शुरू होगा जबकि 600 मेगावाट की कामेंग परियोजना पहले से ही चालू है। शाह ने कहा कि जब मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कार्यभार संभाला था, तब राज्य का वार्षिक बजट केवल 12,500 करोड़ रुपए था, लेकिन अब यह बढ़कर 26,000 करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह, राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) भी 10,000 करोड़ रुपए से तीन गुना बढ़कर 30,000 करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा, लगभग 3,000 गांवों में 4जी कनेक्टिविटी है, जबकि 1,680 और गांवों में इसका विस्तार करने की योजना है। उन्होंने कहा, जब देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाएगा, तो पूर्वोत्तर के राज्य विकास के मामले में देश के अन्य हिस्सों के समान होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के लिए, विकास अरुणाचल प्रदेश से शुरू होना चाहिए। कोविड-19 महामारी के दौरान, उन्होंने निर्देश दिया था कि पहले अरुणाचल प्रदेश को टीके उपलब्ध कराए जाने चाहिए और अब राज्य संक्रमण से मुक्त हो गया है। शाह ने लोहित जिले में शनिवार को प्रसिद्ध तीर्थस्थल परशुराम कुंड में ऋषि परशुराम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा की आधारशिला रखी थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने राज्य में विकास की पहल शुरू की थी और अब उसके पास अच्छी सड़क, रेलवे, हवाई और डिजिटल संपर्क (कनेक्टिविटी) है। कार्यक्रम के बाद, उन्होंने सेना और अर्धसैनिक बलों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और दिल्ली रवाना होने से पहले अधिकारियों के साथ भोज में शामिल हुए।

# डीएएनआईसीएस के छह अधिकारी लक्षद्वीप में प्रभार संभाले या कार्रवाई का सामना करें : मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के साथ कार्य कर रहे छह डीएएनआईसीएस अधिकारियों को लक्षद्वीप प्रशासन में तत्काल अपनी सेवा देने के लिए उपस्थित होने में असफल रहने पर बिना कोई और संदर्भ दिए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। मंत्रालय का नवीनतम आदेश 20 मई को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधीकरण (कैट) की अध्यक्ष मंजुला दास की अध्यक्षता वाली पीठ के फैसले के बाद आया। कैट ने मंत्रालय द्वारा लक्षद्वीप स्थानांतरित करने के आदेश को चुनौती देने के लिए दायर छह डीएएनआईसीएस अधिकारियों की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि इसमें कोई दम नहीं है।

संदीप कुमार मिश्रा, श्रवण बागरिया, शैलेंद्र सिंह परिहार, सिंगारे रामचंद्र महादेव, नितिन कुमार जिंदल और राकेश कुमार को तत्काल केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन में रिपोर्ट करने को कहा गया है। इन अधिकारियों को पिछले साल नवंबर में स्थानांतरण का आदेश दिया गया था जिसके बाद उन्होंने कैट का रुख किया था। छह अधिकारियों को इस साल फरवरी में स्थानांतरण को लेकर स्मरण पत्र भेजा गया लेकिन उन्होंने कैट के समक्ष मामला लंबित होने के मद्देनजर इसे नजरअंदाज कर दिया। हालांकि, कैट के 20 मई को आए 23 पन्नों के फैसले के बाद मंत्रालय ने कार्यमुक्ति के लिए तैयार होने का आदेश इन अधिकारियों को जारी किया और तत्काल केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया। मंत्रालय ने अधिकारियों से कहा कि वे नया कार्यभार संभालने की रिपोर्ट दें (साथ ही ऐसा नहीं करने पर बिना कोई अन्य संदर्भ दिए, नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी। कैट में सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी ने पीठ का ध्यान डीएएनआईसीएस की स्थानांतरण नीति के प्रावधानों की ओर आकृष्ट कराया। नियम कहता है कि नीति में कुछ भी होने के बावजूद गृहमंत्रालय को पूरा अधिकार है कि जरूरत होने पर किसी भी अधिकारी का स्थानांतरण कभी भी प्रशासनिक आधार पर या जनहित में कर सकता है। मंत्रालय ने कहा, इस मामले का निस्तारण (स्थानांतरण पर रोक हटाना) करना जरूरी है क्योंकि वृहद जनहित में इन अधिकारियों को वहां अपनी जिम्मेदारी को ग्रहण करना आवश्यक है। कैट की प्रधान पीठ ने अपने आदेश में कहा, यह कानून का तय कथन है कि सरकारी कर्मचारी स्थानांतरण के स्थान पर पदभार ग्रहण नहीं कर स्थानांतरण आदेश की अवहेलना नहीं कर सकता और इसके बाद अदालत अपनी शिकायतों को लेकर जाए। पीठ ने कहा, यह उसका कर्तव्य है कि पहले वह अपने स्थानांतरण के स्थान पर जाए और कार्यभार संभाले और उसके बाद बताए कि उसकी निजी समस्या क्या है, जो इस मामले में नहीं किया गया। प्रधान पीठ ने कहा कि किसी भी सरकारी कर्मचारी को किसी स्थान पर स्थानांतरण का कानूनी अधिकार नहीं है क्योंकि कर्मचारियों का स्थानांतरण स्थानांतरित होने वाले पद या श्रेणी में महज घटना नहीं बल्कि सेवा शर्त है।

## तमिलनाडु में अवैध रेव पार्टी में आईटी कंपनी के कर्मचारी की मौत

**चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

चेन्नई। चेन्नई के एक मशहूर मॉल में बीती रात हुई एक अवैध रेव पार्टी में कथित रूप से ज्यादा शराब पीने के चलते एक सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी के 22 वर्षीय कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। द ग्रेट इंडियन गैदरिंग कार्यक्रम के संचालन के बारे में पता चलने के बाद पुलिस ने उस बार पर छापा मारा, जो कथित रूप से बिना अनिवार्य लाइसेंस के मॉल की तीसरी मंजिल पर चलाया जा रहा था। छापेमारी के बाद पुलिस ने उसे सील कर दिया।

ग्रेटर चेन्नई के पुलिस आयुक्त शंकर जीवाल ने घटना का संज्ञान लेते हुए शहर में इस तरह की अवैध पार्टियों का संचालन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, शनिवार रात मॉल में अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे युवक की शराब के अधिक सेवन से मौत हो गई। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, शुरुआती जांच में पता चला कि उसकी मौत अत्यधिक शराब पीने से हुई है। वह शहर के मडिपक्कम का रहने वाला था। रोयापेट्टा सरकारी जनरल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि पार्टी में शामिल लोगों को शराब के साथ मादक पदार्थ तो नहीं परोसा गया था।

## झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अवैध प्रवासियों के निर्वासन से जुड़ी याचिका का विरोध किया

नई दिल्ली। झारखंड सरकार ने उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों और वंचित समूहों की मदद करना है। याचिका में केंद्र और राज्यों को अवैध प्रवासियों की पहचान करने, उन्हें हिरासत में लेने और निर्वासित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। वकील एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अश्विनी उपाध्याय की एक याचिका पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल (राजद) गठबंधन सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया। उपाध्याय ने याचिका में केंद्र और राज्यों को सभी अवैध प्रवासियों तथा बांग्लादेशियों और रोहिंग्या मुसलमानों समेत सभी घुसपैठियों की पहचान करने, उन्हें हिरासत में लेने और निर्वासित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। झारखंड पुलिस की विशेष शाखा के महानिरीक्षक प्रशांत कुमार के माध्यम से दायर 15 पन्नों के हलफनामे में राज्य सरकार ने कहा है कि अवैध अप्रवासियों या विदेशी नागरिकों की आवाजाही रोकने के लिए विभिन्न राज्यों में हिरासत केंद्र, निर्वासन केंद्र और शिविर स्थापित करने के लिए पहले से ही एक तंत्र है। झारखंड सरकार ने हजारीबाग जिले में एक मॉडल डिटेंशन सेंटर भी स्थापित किया है। झारखंड ने अपने जवाब में जनहित याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा, जनहित याचिका का उद्देश्य अल्पसंख्यकों या वंचित समूहों की मदद करने को लेकर मानवाधिकारों और समानता को आगे बढ़ाने के लिए कानून का उपयोग करना या व्यापक सार्वजनिक चिंता के मुद्दों को उठाना है। झारखंड सरकार ने कहा है, नागरिकता के मुद्दे को नागरिकता कानून और विदेशी कानून के प्रावधानों के अनुसार तय किया जाना है। इस कानून के लागू होने के बाद ही निर्वासन, स्थानांतरण, प्रत्यावर्तन या पुनर्वास हो सकता है। जनहित याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए राज्य ने कहा है कि याचिकाकर्ता द्वारा बताया गया खतरनाक परिदृश्य गलत अटकलों और बिना किसी तथ्य पर आधारित है।

## राजा राममोहन राय की 250वीं जयंती पर उनकी नई प्रतिमा का अनावरण किया गया

कोलकाता। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने राजा राममोहन राय को महान समाज सुधारक एवं दूरदृष्टा करार देते हुए उनकी 250वीं जयंती के मौके पर रविवार को यहां साल्ट लेक में बंगाल के पुनर्जागरण के जनक की प्रतिमा का डिजिटल तरीके से अनावरण किया। इस अवसर पर साइंस सिटी में एक कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए रेड्डी ने अमानवीय सती प्रथा को समाप्त करने के लिए अपने संघर्ष को लेकर चर्चित राजा राममोहन राय को एक चिंतक, शिक्षाविद, पत्रकार एवं दूरदृष्टा बताया। उन्होंने कहा, राममोहन राय एक महान समाज सुधारक, चिंतक, शिक्षाविद, पत्रकार एवं दूरदृष्टा थे। वह न केवल बंगाल, बल्कि देश के लिए भी गौरव थे। उनकी प्रतिमा लगाने से वर्तमान युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। केंद्र सरकार के निकायों द्वारा आयोजित इन दोनों ही कार्यक्रमों में पश्चिम बंगाल सरकार का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा। राज्य सरकार ने भी उनकी जयंती मनाई तथा उनके पूर्व निवास पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उनका पूर्व निवास अब कोलकाता पुलिस संग्रहालय में तब्दील कर दिया गया है, जिसमें मुख्य रूप से भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा इस्तेमाल में लाए गए हथियारों को प्रदर्शित किया गया है। अक्सर आधुनिक भारत के जनक एवं बंगाल के पुनर्जागरण के जनक कहे जाने वाले राजा राममोहन राय भारत के अग्रणी समाज एवं धर्म सुधारकों में एक थे, जिन्होंने सतीप्रथा, बाल विवाह एवं बहुविवाह के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू धर्म में सुधार के लिए ब्रह्म समाज नामक आंदोलन चलाया। बंगाली, संस्कृति, पारसी, अरबी और अंग्रेजी भाषा जानने वाले राममोहन राय को मुगल शासक अकबर द्वितीय ने राजा की उपाधि प्रदान की। उन्होंने हिंदू कॉलेज (जो अब प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय है) की स्थापना के लिए स्कॉटलैंड के परोपकारी डेविड हेयर से हाथ मिलाया तथा महिलाओं के लिए संपत्ति के अधिकार एवं प्रेस की आजादी की तरफदारी की।

# अयोध्या दौरा टाला, कार्यकर्ताओं को कानूनी पचड़े में फंसाने की साजिश थी : राज

भाषा। पुणे



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि उनके प्रस्तावित अयोध्या दौरे को लेकर हुए राजनीतिक घटनाक्रम मनसे कार्यकर्ताओं को कानूनी पचड़े में फंसाने की साजिश थे और इसी कारण उन्होंने अपनी यात्रा को टालने का फैसला किया। यहां स्थित एक सभागार में आयोजित जनसभा में राज ठाकरे ने कहा कि एक जून को उनके कूल्हे की हड्डी की सर्जरी होनी है, जिसके प्रभाव से उबरने के बाद वह एक और रैली को संबोधित करेंगे।

उन्होंने दोहराया कि अगर मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर ध्वनि संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो मनसे कार्यकर्ता एक बार फिर प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले, राज ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं को मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर पर अजान के विरोध में वहां हनुमान चालीसा बजाने का निर्देश दिया था। एआईएमआईएम के एक नेता के हाल ही में औरंगाबाद में मुगल शासक औरंगजेब के मकबरे का दौरा करने को लेकर हुए विवाद के बीच मनसे प्रमुख ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर रखने और समान नागरिक संहिता लागू करने की अपील की। वर्ष 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले बारिश के बीच एक रैली को संबोधित करने वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख पर तंज करते हुए राज ठाकरे ने कहा, हम एक खुली जगह पर जनसभा के आयोजन की योजना बना रहे थे, लेकिन बारिश की आशंका को देखते हुए हमने इसे हॉल में करने का फैसला किया। साथ ही, हाल-फिलहाल में कोई चुनाव नहीं है, जिसके चलते बारिश में खड़े होकर भाषण दिया जाए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा भारतीय जनता पार्टी पर फर्जी हिंदुत्व को लेकर निशाना साधे जाने पर मनसे अध्यक्ष ने कहा, मुख्यमंत्री ने दावा किया है कि उनका हिंदुत्व असली है। क्या वह किसी वाशिंग पाउडर की बात कर रहे हैं कि उनका डिटर्जेंट दूसरे से बेहतर है? राज ठाकरे ने मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर के खिलाफ उनकी पार्टी के प्रदर्शन के मद्देनजर दावा किया कि मनसे ने हिंदुत्व के मुद्दे पर नतीजे दिए हैं। शुक्रवार को राज ठाकरे ने घोषणा की थी कि उन्होंने पांच जून को होने वाली अपनी अयोध्या यात्रा को फिलहाल स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा था कि वह रविवार को पुणे में होने वाली अपनी रैली में इसके बारे में और जानकारी साझा करेंगे। उत्तर प्रदेश से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि वह राज ठाकरे को तब तक अयोध्या में प्रवेश नहीं करने देंगे जब तक वह अतीत में किए गए उत्तर भारतीयों के अपमान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांग लेते। रविवार को राज ठाकरे ने कहा कि जब उन्होंने अपनी अयोध्या यात्रा टालने की जानकारी साझा की तो कई लोग खुश थे, लेकिन कुछ को यह पसंद नहीं आया। उन्होंने दावा किया, मैं अयोध्या दौरा टालने की घोषणा करने के बाद होने वाली चर्चाओं पर गौर कर रहा था।

## शिवसेना ने अयोध्या यात्रा टालने के कारणों को लेकर राज ठाकरे की आलोचना की

मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के इस दावे की रविवार को आलोचना की कि उन्होंने अयोध्या का दौरा इसलिए टाला क्योंकि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को कानूनी जाल में फंसाने की साजिश रची जा रही है। राउत ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां हताशा में की गई हैं। शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता राउत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जानना चाहा, आपको अयोध्या जाने से कौन रोक सकता है? क्या साजिश हो सकती है? राउत ने दावा किया कि यहाँ भाजपा प्रायोजित यात्रा थी और उत्तर प्रदेश में भाजपा का ही शासन है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, अगर भाजपा के एक सांसद का विरोध है तो उस विरोध को नज़रअंदाज़ करते हुए आगे बढ़ो। आपको कौन फंसाएगा? इस तरह की सभी टिप्पणियां हताशा में की गई हैं। (ऐसी टिप्पणियों पर) परामर्श और उपचार की जरूरत है।

# जुग-जुग जियो से वापसी करेंगी नीतू कपूर

भाषा। मुंबई

मशहूर अभिनेत्री नीतू कपूर ने रविवार को कहा कि उनकी आगामी फिल्म जुग जुग जियो अभिनय से उनके नौ साल के विराम को तोड़ने के लिए बिल्कुल सही फिल्म है। अभिनेत्री ने कहा कि उनका मानना है कि इस फैसले से उनके दिवंगत पति और कई फिल्मों में साथ काम करने वाले ऋषि कपूर काफी खुश होते। नीतू कपूर 1960 और 70 के दशक में कई हिट फिल्मों का हिस्सा रहीं। अंतिम बार वह 2013 में एक्शन कॉमेडी फिल्म बेशर्म में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके बेटे रणबीर कपूर और पति ऋषि कपूर भी थे।

अभिनेत्री ने कहा कि राज मेहता के निर्देशन में बनी जुग जुग जियो का उनके दिल में विशेष स्थान है क्योंकि इस फिल्म के जरिए उन्हें अपने पति के 2020 में निधन के बाद के हालात से उबरने में मदद मिली। कभी कभी, अमर अकबर एंथोनी, काला पत्थर और याराना जैसी चर्चित फिल्मों में



भूमिका निभा चुकीं नीतू कपूर (63) ने कहा कि एक विराम के बाद काम पर लौटना उनका सर्वश्रेष्ठ फैसला है। जुग जुग जियो के ट्रेलर लांच पर अभिनेत्री ने कहा, यह मेरे लिए सबसे अच्छा अनुभव रहा। मैं जिस भी परिस्थिति से गुजर रही थी, उससे मुझे मदद मिली। मेरा मार्गदर्शन करने के लिए मैं वास्तव में करण और राज को धन्यवाद देती हूं, सहयोग करने के लिए मैं कलाकारों का शुक्रिया कहती हूं। यह मेरे लिए एक नई जगह थी। हर कोई अच्छा, खास था। मुझे फिल्म पर गर्व है। नीतू कपूर ने फिर से अभिनय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर करण जौहर को भी धन्यवाद दिया। अभिनेत्री ने कहा, मैं करण से ज्यादा किसी का शुक्रगुजार नहीं हो सकती। उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, मुझसे कहा कि मुझे काम करना है। यह मेरे लिए सबसे अच्छा फैसला रहा। मुझे यकीन है कि वह (ऋषि) बेहद खुश होते। यह फिल्म हमेशा खास रहने वाली है क्योंकि मैं हिंदी फिल्मों में वापस आ रही हूं। जुग जुग जियो में कियारा आडवाणी, वरुण धवन, अनिल कपूर भी दिखेंगे। अनिल कपूर फिल्म में नीतू कपूर के पति की भूमिका में होंगे। धवन ने नीतू कपूर को बेहतरीन अदाकारा करार देते हुए कहा कि वह अपने काम से सबको चौंकाएंगी। यह फिल्म 24 जून को प्रदर्शित होगी।

## भारतीय फिल्म उद्योग अधिक समावेशी बने : अदिति राव

भाषा। नई दिल्ली



अभिनेत्री अदिति राव हैदरी का कहना है कि भारतीय फिल्म उद्योग को एक अधिक समावेशी जगह बनाने के लिए, दक्षिण अभिनेता और क्षेत्रीय सिनेमा जैसे टैग हटाने की जरूरत है। दक्षिण की फिल्में चाहे उनकी भाषा कोई भी हो, कैसे काफी सफल हो रही हैं और हिंदी सिनेमा के प्रभुत्व को भी चुनौती दे रही हैं, इस पर अदिति ने कहा कि क्षेत्र की फिल्मों की लोकप्रियता से उत्तर के फिल्म निर्माताओं को पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रोत्साहित होना चाहिए।

अभिनेत्री ने कान फिल्म समारोह से इतर फिल्म कंपेनियन की अनुपमा चोपड़ा से कहा, हमें और अधिक समावेशी होने की आवश्यकता है। हमें इसे पहले करना चाहिए था। यह कहने के बजाय कि हम ऐसा क्यों नहीं कर रहे हैं, हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सब एक हैं। इसलिए, यह हम बनाम उनका नहीं है। हम एक हैं और हमें जो कुछ भी उपलब्ध है, उसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दुनिया सिकुड़ गई है और यह केवल तेलुगु, तमिल तथा हिंदी सिनेमा के साथ नहीं है। उन्होंने कहा कि वह एक दिन स्पेनिश फिल्म में अभिनय करना भी पसंद करेंगी। हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में काम कर चुकीं अदिति ने कहा, कहीं न कहीं हमें यह पता होना चाहिए कि हम दक्षिण अभिनेता कहते हैं ... इसका क्या मतलब है? वहां कई भाषाएं हैं। आप तक हम क्षेत्रीय सिनेमा कहते हैं, क्यों? हर क्षेत्र एक क्षेत्र है और उस क्षेत्र में अद्भुत सिनेमा है, निर्देशक जो दूरदर्शी हैं ... हम भारतीय फिल्म उद्योग हैं और हम भारतीय अभिनेता हैं।

# रूस ने डोनबास में हमले तेज किए

## पोलैंड के राष्ट्रपति की यूक्रेन यात्रा शुरू

एपी। पोक्रोव्स्क (यूक्रेन)



**पोलैंड** के राष्ट्रपति के यूक्रेन की यात्रा पर पहुंचने के बीच रूस ने रविवार को पूर्वी यूक्रेन के डोनबास में हमले तेज कर दिए। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि इस युद्ध का परिणाम यह तय करेगा कि उनके देश का भविष्य पश्चिम के साथ जुड़ा है या यह मॉस्को के कब्जे में होगा। मारियुपोल में संघर्ष का केंद्र बने इस्पात केंद्र पर कब्जे के बाद रूस ने इस महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर के उसके कब्जे में होने का दावा किया है। मारियुपोल के बाद रूसी बलों ने यूक्रेन के औद्योगिक नजरिए से अहम क्षेत्र डोनबास में हमले तेज करते हुए मिसाइलें दागीं, जिसका मकसद रूस-समर्थित अलगाववादियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र का विस्तार करना है। जेलेंस्की ने शनिवार रात को जारी वीडियो संदेश में डोनबास के हालात को बेहद मुश्किल करार दिया। हालांकि, जेलेंस्की ने इस तथ्य की ओर इशारा किया कि युद्ध के 87वें दिन भी यूक्रेनी बल मजबूती से रूसी सैनिकों का मुकाबला कर रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा, हम उस दिन के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, जो विजय दिवस होगा। इस युद्ध में पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं और ऐसे में पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा अचानक यूक्रेन पहुंचे और वह रविवार को देश की संसद को संबोधित करेंगे। डूडा के कार्यालय ने यह जानकारी दी। यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद से पोलैंड में लाखों यूक्रेनी शरणार्थी गए हैं। पोलैंड यूरोपीय संघ में शामिल होने की यूक्रेन की इच्छा का बड़ा समर्थक है।

## मारियुपोल इस्पात संयंत्र में आत्मसमर्पण करने वाले 2,500 यूक्रेनी सैनिकों के भविष्य को लेकर चिंता

एपी। पोक्रोव्स्क (यूक्रेन)

**रूस** ने मारियुपोल इस्पात संयंत्र से करीब 2,500 यूक्रेनी लड़ाकों को कैदी बनाए जाने का दावा किया है और उनके खिलाफ युद्ध अपराध के मुकदमे चलाने का संकल्प लिया है, जिससे इन सैनिकों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। रूस ने अजोवस्तल इस्पात संयंत्र पर नियंत्रण के साथ शुक्रवार को मारियुपोल पर पूरी तरह कब्जा करने का दावा किया। करीब तीन महीने तक रूसी सैनिकों की घेराबंदी में रहा यह बंदरगाह शहर अब मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है और यहां 20,000 से अधिक नागरिकों के मारे जाने की आशंका है। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेइ शोइगु ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मारियुपोल में अजोवस्तल इस्पात संयंत्र और पूरे शहर की पूरी तरह मुक्ति की जानकारी दी। यह इस्पात संयंत्र यूक्रेनी प्रतिरोध का प्रतीक बन गया था। इस युद्ध में पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं और ऐसे में पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा अचानक यूक्रेन पहुंचे और वह रविवार को देश की संसद को संबोधित करेंगे। डूडा के कार्यालय ने यह जानकारी दी। यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद से पोलैंड में लाखों यूक्रेनी शरणार्थी गए हैं। पोलैंड यूरोपीय संघ में शामिल होने की यूक्रेन की इच्छा का बड़ा समर्थक है। रूस ने यूक्रेन के बंदरगाहों को बाधित कर दिया है, ऐसे में युद्धग्रस्त देश में पश्चिमी देशों की ओर से मानवीय मदद एवं हथियार पोलैंड के जरिए भेजे जा रहे है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि संयंत्र में छिपे कुल 2,439 यूक्रेनी लड़ाकों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। मंत्रालय ने यूक्रेनी सैनिकों को हिरासत में लिए जाने का एक वीडियो भी जारी किया। इन सैनिकों के परिवारों ने अपील की है कि उन्हें युद्धबंदियों के रूप में उनके अधिकार दिए जाएं और अंतत: उन्हें यूक्रेन को लौटा दिया जाए। यूक्रेन की उपप्रधानमंत्री इरिना वेरेश्चुक ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन उनमें से हरेक की वापसी के लिए लड़ेगा।

## तालिबान ने महिला टीवी प्रस्तोताओं के लिए चेहरा ढकने संबंधी आदेश लागू किया

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के तालिबान शासकों ने रविवार को उस आदेश को लागू करना शुरू कर दिया जिसके तहत देश की सभी महिला टीवी समाचार प्रस्तोताओं को प्रसारण के दौरान अपना चेहरा ढकना आवश्यक कर दिया गया है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने इस आदेश की निंदा की है। बृहस्पतिवार को आदेश की घोषणा के बाद, केवल कुछ मीडिया संस्थानों ने आदेश का पालन किया था। बृहस्पतिवार को आदेश की घोषणा के बाद, केवल कुछ मीडिया संस्थानों ने आदेश का पालन किया था।लेकिन रविवार को तालिबान के शासकों द्वारा आदेश को लागू किए जाने के बाद ज्यादातर महिला प्रस्तोताओं को अपने चेहरे ढके हुए देखा गया। टोलो न्यूज की एक टीवी प्रस्तोता सोनिया नियाजी ने कहा, यह सिर्फ एक बाहरी संस्कृति है, जो हम पर थोपी गई है, जो हमें अपना चेहरा ढकने के लिए मजबूर करती है और जो हमारे कार्यक्रमों को प्रस्तुत करते समय हमारे लिए एक समस्या पैदा कर सकती है।

## बाइडन की दक्षिण कोरिया यात्रा समाप्त, व्यापारिक और सुरक्षा हितों को लेकर दिखाई प्रतिबद्धता

एपी। सियोल

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो. बाइडन की दक्षिण कोरिया की तीन दिवसीय यात्रा रविवार को समाप्त हो गई और इस दौरान उन्होंने देश के व्यापारिक एवं सुरक्षा हितों को लेकर प्रतिबद्धता दिखाई। बाइडन और हुंदई के मुख्य कार्यकारी यूसियुन चुंग ने जॉर्जिया में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों और बैटरी फैक्टरी के लिए 5.5 अरब डॉलर का निवेश करने समेत अमेरिका में कंपनी के विस्तारित निवेश की घोषणा की। हुंदई ने अमेरिका में कम से कम 10 अरब डॉलर के निवेश का संकल्प लिया। इससे पहले बाइडन ने सैमसंग द्वारा संचालित कंप्यूटर चिप संयंत्र का भी दौरा किया। सैमसंग की टेक्सास में 17 अरब डॉलर की उत्पादन क्षमता वाली इकाई खोलने की योजना है। यात्रा के दौरान बाइडन ने एक सैन्य अड्डे पर सैनिकों से बातचीत की। जापान रवाना होने से पहले उन्होंने ओसान एयर बेस की यात्रा की, जहां अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेवा के हजारों सदस्य उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों पर नजर रखने के लिए मिलकर काम करते हैं। बाइडन ने एक ओर हुंदई जैसी विदेशी कंपनियों को अमेरिका में नए निवेश के लिए राजी करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के अपने वैश्विक अभियान पर बल दिया, वहीं दूसरी ओर उन्होंने उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों के डर के साए में रह रहे एवं घबराए हुए अपने एशियाई सहयोगियों के साथ एकजुटता दिखानी चाही।

### बाइडन के नए हिंद-प्रशांत समझौते में ताइवान शामिल नहीं

**तोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के सोमवार को उन देशों की सूची जारी करने की उम्मीद है जो लंबे समय से प्रतीक्षित हिंद-प्रशांत व्यापार समझौते में शामिल होंगे, हालांकि ताइवान इनमें शामिल नहीं होगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पुष्टि की कि हिंद-प्रशांत आर्थिक प्रारूप में शामिल की गईं सरकारों में ताइवान का नाम नहीं है। यह व्यापार समझौता अमेरिका को आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटल व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा सहित विभिन्न मुद्दों पर प्रमुख एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के साथ मिलकर काम करने की अनुमति देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति के सोमवार को जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ मुलाकात के दौरान इसकी रूपरेखा जारी करने की संभावना है।

## इमरान खान ने तेल की कीमतों को कम करने के लिए भारत की तारीफ की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर भारत की तारीफ की है। इस बार खान ने रूस से रियायती दर पर तेल खरीद कर पेट्रोल-डीज़ल के दाम कम करने के लिए भारत की प्रशंसा की है और कहा है कि उनकी सरकार भी स्वतंत्र विदेश नीति की मदद से यह हासिल करने पर काम कर रही थी। भारत सरकार ने ईंधन उत्पादों की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनजीवन पर पड़ रहे असर को देखते हुए शनिवार को पेट्रोल एवं डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में क्रमश: आठ रुपए एवं छह रुपए प्रति लीटर तक की कटौती करने की घोषणा की। इसके साथ ही सरकार ने घरों में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी सिलेंडर पर 200 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक साल में 12 गैस सिलेंडरों पर यह सब्सिडी दी जाएगी। खान ने साउथ एशिया इंडेक्स की एक रिपोर्ट को अपने ट्वीट में टैग किया जो कहती है, रूस से रियायती कीमत पर तेल खरीदने के बाद, भारत सरकार ने पेट्रोल की कीमत को 9.5 रुपए प्रति लीटर और डीज़ल के दाम सात रुपए प्रति लीटर कम कर दिए हैं।

## इजरायल ने जेल से भागने वाले फलस्तीनी कैदियों को पांच साल की सजा सुनाई

भाषा। तेल अवीव (इजरायल)

**इजरायल की** एक अदालत ने पिछले साल सुरंग खोदकर उच्च सुरक्षा वाली जेल से भाग जाने के जुर्म में छह फलस्तीनी कैदियों को रविवार को पांच साल की कैद की सजा सुनाई। कई दशकों में यह सबसे बड़ी घटना थी। जेल से भागने वाले इन कैदियों को ढूंढने के लिए देश के उत्तरी हिस्से और कब्जे वाले पश्चिमी तट पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कुछ ही दिनों बाद ए पांचों पकड़े गए जो फलस्तीनी आतंकवादी संगठन के सदस्य थे। विभिन्न खबरों के अनुसार इन लोगों ने अपनी साझी कोठरी से एक सुरंग खोदी जिसका महीनों तक किसी को पता नहीं चला और वे प्रहरी के नींद में रहने के दौरान भाग गए। इस घटना को लेकर इजरायल की जेल सेवा की आलोचना हुई और सरकार ने जांच शुरू की।

### श्रीलंका के संविधान में 21वां संशोधन को मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएगा

**कोलंबो।** श्रीलंका के न्याय मंत्री ने कहा है कि संविधान में 21वां संशोधन मंजूरी के लिए सोमवार को मंत्रिमंडल के पास भेजा जाएग, जिससे संकट से घिरे राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की निरंकुश शक्तियों पर लगाम लगाने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। मीडिया में रविवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। संविधान में 21वें संशोधन से 20 ए प्रावधान के रद्द होने की संभावना है जो 19वें संशोधन के निरस्त होने के बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को असीमित शक्तियां देता है। 19वें संशोधन में संसद को राष्ट्रपति से अधिक शक्तियां दी गई थीं। न्यूज फर्स्ट समाचार पोर्टल ने न्याय मंत्री डॉ. विजयदास राजपक्षे के हवाले से बताया कि इस संशोधन से दोहरी नागरिकता वाले सांसदों के लिए संसद में बने रहना असंभव हो जाएगा। देश की अर्थव्यवस्था चरमराने के चलते इस्तीफे की मांग का सामना कर रहे राष्ट्रपति गोटबाया ने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से पहले अप्रैल 2019 में अपनी अमेरिकी नागरिकता त्याग दी थी। खबर में कहा गया है कि मौजूदा स्वतंत्र आयोगों के अलावा राष्ट्रीय लेखा-जोखा आयोग और खरीद आयोग के संबंध में भी स्वतंत्र आयोग के तौर पर संशोधन किया जाएगा।

### लेबर पार्टी के नेता अल्बानीस ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री निर्वाचित

सिडनी। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बानीस ऑस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री चुने गए हैं। अल्बानीस (59) ने उन्हें देश का 31वां प्रधानमंत्री चुनने के लिए मतदाताओं का कैंपरडाउन उपनगर में आभार व्यक्त किया और सिडनी में हुई अपनी परवरिश का उल्लेख किया। अल्बानीस ने अपने समर्थकों से कहा, यह हमारे महान देश के बारे में बहुत कुछ कहता है कि एक पेंशनभोगी अकेली मां का बेटा, जो कैंपरडाउन में सार्वजनिक आवास में पला-बढ़ा, वह आज रात ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में आपके सामने खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा, हर माता-पिता अपनी अगली पीढ़ी के लिए बेहतर की उम्मीद करते हैं। मेरी मां ने मेरे लिए एक बेहतर जिंदगी का सपना देखा था और मुझे उम्मीद है कि मेरी यात्रा ऑस्ट्रेलियाई लोगों को सितारों की बुलंदियों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगी।

## दो और लोगों को आतंकवाद के अपराध के संदेह में गिरफ्तार किया

**लंदन।** ब्रिटेन में इस्लामी चरमपंथ की जांच के तहत एक लड़की सहित दो लोगों को आतंकवाद के अपराध के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि ब्रिटिश आतंकवाद अधिनियम - 2006 (टीएसीटी) की धारा-। के तहत आतंकवाद को बढ़ावा देने के संदेह में 18 वर्षीय एक व्यक्ति को लंदन के नजदीक एसेक्स से गिरफ्तार किया गया है। इसी जांच के तहत 17 वर्षीय लड़की को पूर्वी लंदन से गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले, इस सप्ताह की शुरुआत में टीएसीटी-2006 की धारा-दो के तहत आतंकवादी सामग्री का प्रचार करने के संदेह में 13 वर्षीय एक लड़के को गिरफ्तार किया गया था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया, यह जांच इस्लामी चरमपंथी विचारधारा से संबंधित कथित अपराधों को लेकर है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है वे पुलिस की हिरासत में है। अदालत ने आगे जांच जारी रखने के लिए उन्हें मेट्रोपॉलिटन पुलिस की हिरासत में भेज दिया है।

## पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क कटौती से केंद्रीय करों में राज्यों के हिस्से पर असर नहीं : सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष के इन आरोपों को खारिज कर दिया है कि वाहन ईंधन पर उत्पाद शुल्क कटौती से केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी प्रभावित होगी। सीतारमण ने रविवार को कहा कि पेट्रोल में आठ रुपए और डीजल में छह रुपए की कटौती इन ईंधनों पर लगाए जाने वाले सड़क एवं अवसंरचना उपकर में की गई है जिसके संग्रह को राज्यों के साथ कभी साझा नहीं किया जाता। ऐसे में विपक्ष का यह आरोप सही नहीं है। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और अन्य विपक्षी नेताओं ने कहा था कि सरकार ने शनिवार शाम को उत्पाद शुल्क में कटौती की जो घोषणा की है उससे केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी कम हो जाएगी। हालांकि, बाद में रविवार को चिदंबरम ने अपना बयान वापस लेते हुए कहा है कि करों में कटौती का भार अकेले केंद्र सरकार ही वहन करेगी। सीतारमण ने ट्विटर पर लिखा कि वह पेट्रोल और डीजल पर लगाए जाने वाले करों के बारे में उपयोगी जानकारी साझा कर रही हैं जो सभी के लिए लाभदायक होगी। उन्होंने कहा, मूल उत्पाद शुल्क (बीईडी), विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी), सड़क एवं अवसंरचना उपकर (आरआईसी) और कृषि एवं अवसंरचना विकास कर (एआईडीसी) को मिलाकर पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क होता है। मूल उत्पाद शुल्क राज्यों के साथ साझा किया जाता है जबकि एसएईडी, आरआईसी और एआईडीसी को साझा नहीं किया जाता। वित्त मंत्री ने कहा कि पेट्रोल पर आठ रुपए प्रति लीटर और डीजल पर छह रुपए प्रति लीटर की उत्पाद शुल्क कटौती पूरी तरह से आरआईसी में की गई है। नवंबर, 2021 में जब पेट्रोल पर पांच रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर घटाए गए थे तब भी कटौती आरआईसी में ही की गई थी। केंद्र-राज्य कर साझेदारी की व्यवस्था के तहत केंद्र जो कर संग्रह करता है उनमें से 41 प्रतिशत राज्यों के पास जाता है। हालांकि, इनमें उपकर के जरिए लेवी के रूप में जुटाया गया कर शामिल नहीं होता। पेट्रोल और डीजल पर लगाया जाने वाला ज्यादातर कर उपकर होता है।

### ढांचागत परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति के एनपीजी से मंजूरी लेनी होगी, वित्त मंत्रालय का निर्देश

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स और संपर्क (कनेक्टिविटी) से जुड़े बुनियादी ढांचे से संबंधित 500 करोड़ रुपए से अधिक की सभी परियोजनाओं को अब पीएम गतिशक्ति पहल के तहत गठित नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) से मंजूरी लेनी होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने इस बारे में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। व्यय विभाग के 28 अप्रैल को जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, सार्वजनिक निवेश बोर्ड (पीआईबी) प्रत्यायोजित निवेश बोर्ड (डीआईबी) के लिए परियोजना प्रस्तावों के संदर्भ में संशोधित फॉर्मेट जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि पीआईबीडीआईबी ज्ञापन का संशोधित प्रारूप 28 अप्रैल, 2022 या उसके बाद मिलने वाले सभी नई परियोजनाओं के प्रस्तावों पर लागू होगा। संशोधित प्रारूप में यह जानकारी मांगी जाएगी कि परियोजना में क्या लॉजिस्टिक्स और ढांचागत संपर्क से जुड़ी चीजें हैं और क्या एनपीजी ने इसकी जांच कर ली है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एक राष्ट्रीय मास्टर प्लान डिजिटल मंच भी बनाया है। संशोधित प्रारूप में यह जानकारी मांगी जाएगी कि परियोजना में क्या लॉजिस्टिक्स और ढांचागत संपर्क से जुड़ी चीजें हैं और क्या एनपीजी ने इसकी जांच कर ली है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने एक राष्ट्रीय मास्टर प्लान डिजिटल मंच भी बनाया है। पीएम गतिशक्ति योजना की घोषणा पिछले साल विभागीय कोठरी को तोड़ने और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक समग्र और एकीकृत नियोजन लाने के उद्देश्य से की गई थी। इसका मकसद बहु-मॉडल और अंतिम छोर तक संपर्क के मुद्दे को हल करना है। अधिकारी ने कहा कि इससे लॉजिस्टिक्स की लागत नीचे आएगी और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अधिक प्रभावी और कुशल योजना को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। एक एकीकृत बुनियादी ढांचा नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) का गठन भी किया गया है जिसमें संपर्क से जुड़े विभिन्न विभागोंमंत्रालयों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। योजना और प्रस्तावों के एकीकरण के लिए एनपीजी में नेटवर्क योजना प्रभाग के प्रमुख शामिल हैं।

### उत्पाद शुल्क में कटौती की उद्योग जगत, कारोबारियों ने प्रशंसा की, राज्यों से अनुसरण करने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत, कारोबारियों और निर्यातकों ने वाहनों में इस्तेमाल किए जाने वाले ईंधनों पर उत्पाद शुल्क घटाने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत करने के साथ राज्यों से इसी तर्ज पर उपभोक्ताओं को और राहत देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल एवं डीजल के दामों में कटौती से परिवहन लागत घटेगी और मुद्रास्फीति भी कम होगी। उद्योग मंडल सीआईआई के अध्यक्ष संजीव बजाज ने कहा, ईंधन पर उत्पाद शुल्क घटाने के सरकार के कदम का सीआईआई स्वागत करता है, इससे मुद्रास्फीति नीचे आएगी। सरकार का त्वरित कदम आम आदमी पर भार कम करने का इरादा दर्शाता है, इसके साथ ही कई क्षेत्रों में निर्माण लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार का अनुसरण करते हुए राज्य सरकारें भी ऐसे कदम उठाएंगी जिससे लोगों को और राहत मिलेगी। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने ट्वीट करके पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती समेत मुद्रास्फीति कम काम करने के लिए उठाए गए कदमों के लिए सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इन कदमों का मुद्रास्फीति को कम करने के लिहाज से सकारात्मक असर पड़ेगा।

## सलिल पारेख पांच साल के लिए फिर इन्फोसिस के सीईओ, प्रबंध निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी इन्फोसिस के निदेशक मंडल ने सलिल पारेख को कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद पर फिर से नियुक्त कर दिया है। यह नियुक्ति मार्च, 2027 तक के लिए की गई है। इन्फोसिस ने शेयर बाजारों को शनिवार को भेजी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की शनिवार को हुई बैठक में पारेख की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी गई। पारेख की पुनर्नियुक्ति नामांकन एवं पारितोषिक समिति (एनआरसी) की अनुशंसा के आधार पर की गई है। पारेख ने जनवरी, 2018 में इन्फोसिस के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला था। उनके पास सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने का करीब तीन दशक लंबा अनुभव है। कंपनी ने कहा कि एनआरसी ने छह प्रमुख पदाधिकारियों को।,04,000 शेयरों के आवंटन के अलावा 88 अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को 3,75,760 शेयर देने की भी की है।

## दावोस सम्मेलन में भारत के प्रतिनिधि निवेश जुटाने, संघर्ष घटाने पर बल देंगे

भाषा। दावोस

**स्विट्जरलैंड** के दावोस में दो साल के अंतराल के बाद आयोजित हो रहे विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन में भारत से करीब 100 कारोबारी प्रतिनिधियों और 10 से ज्यादा मंत्रियों एवं मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस दौरान उनका ध्यान निवेशकों को आकर्षित करने के साथ महामारी से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करने पर भी रहेगा। इस बैठक में भारत का आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल दुनिया को यह बताने की भी कोशिश करेगा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में उसका रवैया ही सबसे संतुलित रहा है। यह अलग बात है कि पश्चिमी देशों के तमाम नेता इस मामले में रूस के खिलाफ सख्त रवैया अपनाने की ही वकालत करते हुए नजर आएंगे। भारत के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल की अगुआई वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करेंगे। उनके अलावा पेट्रोलियम और शहरी आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी इस सम्मेलन में शिरकत करेंगे। यह सम्मेलन एक उभरती हुई आर्थिक ताकत के तौर पर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को नए सिरे से रेखांकित करने में मदद करेगा और कारोबार एवं निवेश के आकर्षक केंद्र के तौर पर इसे पेश करेगा। भारतीय कंपनियों के सीईओ दावोस बैठक में महामारी से निपटने से जुड़ी रणनीति एवं अपने अनुभवों को साझा करते हुए नजर आ सकते हैं। इसके साथ ही वे दुनियाभर के नेताओं से यह अनुरोध भी कर सकते हैं कि भविष्य में ऐसी किसी महामारी से निपटने के लिए संस्थागत ढांचा खड़ा किए जाने की जरूरत है।




दावोस में आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन भारतीय लॉज के बगल में बना रशियन कैम्प

## मासिक कर भुगतान फॉर्म में संशोधन पर विचार करेगी जीएसटी परिषद

भाषा। नई दिल्ली

**जीएसटी** परिषद की अगले महीने होने वाली वाली बैठक में संक्षिप्त रिटर्न और मासिक कर भुगतान फॉर्म.. जीएसटीआर-3बी में संशोधन पर विचार किया जा सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के दावों पर रोक और सही मामलों के तेजी से निपटान के लिए जीएसटीआर-3बी फॉर्म में बदलाव पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, संशोधित फॉर्म करदाता को सकल इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी), किसी विशेष महीने में दावा की गई राशि और करदाता के बही-खाते में शेष बची राशि के संबंध में स्पष्टता प्रदान करेगा। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मामलों पर निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद की बैठक अगले महीने होने की संभावना है। एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, संशोधित फॉर्म फर्जी आईटीसी दावों पर अंकुश लगाने और ईमानदार करदाता को तेजी से आईटीसी का लाभ उठाने में मददगार साबित होगा। अधिकारी ने बताया, जीएसटी परिषद की विधि समिति जीएसटीआर-3बी को सुव्यवस्थित करने पर विचार कर रही है ताकि आईटीसी के खुलासे पर और स्पष्टता आए। जीएसटीआर-3बी फॉर्म में संशोधन के मुद्दे को परिषद की अगली बैठक में रखे जाने की उम्मीद है।

### एफपीआई ने मई में अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 35,000 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी का सिलसिला जारी है। एफपीआई ने इस महीने अबतक भारतीय बाजारों से 35,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाली है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा आक्रामक तरीके से ब्याज दरों में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं। इस तरह एफपीआई 2022 में अबतक भारतीय बाजारों से 1.65 लाख करोड़ रुपए निकाल चुके हैं। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि कच्चे तेल के ऊंचे दाम, मुद्रास्फीति, सख्त मौद्रिक रुख और अन्य कारकों से आगे भी एफपीआई का रुख उतार-चढ़ाव वाला बना रहेगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, चूंकि प्रमुख बाजार अमेरिका में कमजोरी है और डॉलर मजबूत हो रहा है, ऐसे में एफपीआई की बिकवाली अभी जारी रहेगी। विदेशी निवेशक अप्रैल, 2022 तक लगातार सात महीने भारतीय बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने शुद्ध रूप से 1.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है। लगातार छह माह तक बिकवाली के बाद अप्रैल के पहले सप्ताह में एफपीआई ने शेयरों में हालांकि 7,707 करोड़ रुपए का निवेश किया था। लेकिन उसके बाद 11 से 13 अप्रैल तक कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में वे एक बार फिर बिकवाल बन गए। आगे के सप्ताहों में भी यही रुख जारी है।

### बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 425 परियोजनाओं की लागत 4.83 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 425 परियोजनाओं की लागत में तय अनुमान से 4.83 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। देरी और अन्य कारणों की वजह से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की मार्च-2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की।,579 परियोजनाओं में से 425 की लागत बढ़ी है, जबकि 664 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन।,579 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,95,196.72 करोड़ रुपए थी, जिसके बढ़कर 26,78,365.62 करोड़ रुपए पर पहुंचने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 22.01 प्रतिशत या 4,83,168.90 करोड़ रुपए बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च-2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,88,760.73 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.85 प्रतिशत है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें, तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 561 पर आ जाएगी।

## चम्बल नदी में छोड़े गए सैकड़ों लुप्तप्राय कछुए

# घड़ियालों के बीच बढ़ता कछुओं का कुनबा

भाषा। इटावा



**विश्व** कछुआ दिवस पर रविवार को लुप्तप्राय प्रजाति के कछुओं के करीब 300 बच्चे चम्बल नदी में छोड़े गए।

अंतरराष्ट्रीय कछुआ संरक्षण संगठन टर्टल सर्वाइवल अलायंस (टीएसए) और अग्रणी परिधान कम्पनी टर्टल लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में गंभीर रूप से लुप्त हो रहे रेड क्राउंड रूफ्ड टर्टल (बटागुर कछुआ) और थ्री स्ट्रिप्ड रूफ्ड टर्टल (तीन-धारियों वाला कछुआ) के लगभग 300 हैचलिंग (अंडे से निकले बच्चे) रविवार को चम्बल नदी क्षेत्र में छोड़े गए। इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच एक समझौता पत्र पर दस्तखत भी किए गए। इसके तहत टर्टल लिमिटेड कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत टीएसए इंडिया की कछुआ संरक्षण परियोजनाओं में उसका सहयोग करेगी। टीएसए के विकास शोधकर्ता डॉक्टर सौरभ दीवान ने इस अवसर पर कहा टीएसए इंडिया कार्यक्रम का प्रबंधन भारतीय संरक्षण जीवविज्ञानियों, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं द्वारा किया जाता है। यह संस्था कछुओं को बचाने के लिए स्थानीय समाधान तलाशती है। टीएसए पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र एवं चंबल क्षेत्रों, उत्तर-पूर्व भारत और दक्षिण भारत में कछुओं का संरक्षण कर रहा है।

उन्होंने बताया कि "चंबल संरक्षण परियोजना वर्ष 2006 में शुरू की गई थी। यह उत्तर प्रदेश वन विभाग के साथ संयुक्त रूप से प्रमुख परियोजनाओं में से एक है जो ताजे पानी में रहने वाले कछुओं की दो लुप्तप्राय प्रजातियों रेड क्राउंड रूफ्ड टर्टल और थ्री स्ट्रिप्ड रूफ्ड टर्टल पर केंद्रित है। हर साल इन दो प्रजातियों के तीन सौ घोंसलों की चम्बल के आसपास क्षेत्र में रक्षा की जाती है। टर्टल लिमिटेड के ब्रांड मैनेजर रूपम देब ने दुर्लभ प्रजाति के कुछओं के बच्चों को नदी में छोड़े जाने के अवसर पर कहा "हम लोगों, पृथ्वी और समाज की स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस प्रतिबद्ध ढांचे के एक हिस्से के रूप में टर्टल लिमिटेड ने टीएसए की विशेषज्ञ टीम के साथ साझेदारी की है, ताकि कछुआ संरक्षण और आसपास के वनस्पतियों और जीवों की संरक्षण से संबंधित गतिविधियों और परियोजनाओं से जुड़कर योगदान दिया जा सके।

टीएसए इंडिया की परियोजना अधिकारी अरुणिमा सिंह ने कहा, "इन घोंसलों को नदी के किनारे हैचरी में संरक्षित किया जाता है और अंडों से निकलने वाले बच्चों को तुरंत उन जन्म स्थलों पर छोड़ दिया जाता है, जहां घोंसले हैं ताकि जानवर इनके अण्डों का कम से कम शिकार कर पाएं" टर्टल लिमिटेड की पूरे भारत में 150 से अधिक एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स और बड़े पैमाने पर स्टोर्स में मौजूदगी है।

# फावड़े से किसान की हत्या

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के छिबरामऊ क्षेत्र में एक किसान की फावड़े से प्रहार करके हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि छिबरामऊके भौसी नगला गांव में संजय राजपूत (22) शनिवार रात खेत में पानी लगाने गया था। रविवार सुबह खेत से लगभग पांच किलोमीटर दूर संजय का शव पड़ा मिला जबकि खून से सना हुआ फावड़ा उसके खेत में ही बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा फोरेंसिक जांच टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। मृतक के परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**उप्र में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तारः** हापुड़। जनपद के थाना धौलाना पुलिस ने जंगल में चल रही अवैध शस्त्र बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश करते हुए इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मौके से एक दर्जन बने व एक दर्जन अध बने तमंचे एवं अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान अनीस और रियाजुल के रूप में की गई है और दोनों हापुड़ जिले के रहने वाले हैं।

**फूट पेट्रोलिंग कर दिलाया सुरक्षा का भरोसाः** फतेहपुर। थाना कल्यानपुर में बिंदकी सर्किल थाना औंग व कल्यानपुर का अर्दली रूम किया गया। थाने में महिला हेल्प डेस्क, कोविड हेल्प डेस्क, आगन्तुक रजिस्टर का जायजा लिया गया। अर्दली रूम में लंबित विवेचनाओं/जाँच अहकामात के शीघ्र निस्तारण एवं लंबित मामलों के शीघ्र अनावरण कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके पश्चात भारी पुलिस बल के साथ थाना कल्यानपुर क्षेत्रान्तर्गत चौडगरा में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पैदल गस्त किया गया। आमजनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

**पीड़ित से सुलह का दबाव बना रही पुलिस :** असोथर (फतेहपुर)। थाने के ग्राम मुस्तफापुर मजरे रिठवा निवासी मुन्ना पासी पुत्र बाबूलाल ने क्षेत्राधिकारी थरियांव को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि 16 मई को रिठवा से गांव के चंद्र भूषण सिंह पुत्र पीतांबर के साथ अपने गांव जाते समय 07 बजे शाम बूसीपुर गांव के बाहर निकले तो राजन यादव पुत्र चंद्रपाल व पोतन यादव पुत्र रंजन यादव एवं चंद्र भूषण यादव पुत्र इंद्रजीत यादव एवं रामराज उर्फ गुड्डू यादव पुत्र चंद्र भूषण यादव ने हाथों में लाठियां लेकर आए और सभी को गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित व गालियां देते हुए मारा पीटा और बचाने को आये चंद्र भूषण सिंह को भी गालियां देते हुये मारा पीटा तथा रामराज ने जेब से 05 हजार रूपये छीन लिए। जिसकी अभी तक रिपोर्ट नहीं लिखी गई तथा पुलिस अभियुक्तों से दवा कराने के लिए पैसा व सुलाह करने का दबाव बनाया गया जब सुलह होने से मना कर दिया तो थाने से भगा दिया गया। क्षेत्राधिकारी से मांग किया कि दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए।

**पूर्व सैनिक से नकदी लूट में दो को उठायाः** फर्रुखाबाद। बैंक से रूपये निकाल कर निकले पूर्व सैनिक का झोला लूटकर बाइक सबार बदमाश फरार हो गये। पुलिस नें मामले में दो आरोपी को दबोच लिया है।थाना मऊदरवाजा के जसमई चौराहा निवासी किशन लाल राजपूत पूर्व सैनिक हैं। उनकी सातनपुर आलू मंडी में आढत भी है। बीते 9 मई सोमवार को दोपहर 12.50 बजे उन्होंने एसबीआई फर्रुखाबाद से डेढ़ लाख रूपये अपने खाते से निकालकर झोले में रख लिये।

# आकाशीय बिजली गिरने से तीन मजदूरों की मौत, छह लोग झुलसे

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के सैयद नगली थाना क्षेत्र के कनैटा गांव में शनिवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम कनैटा गांव के पास नौ मजदूर नीलगिरी के पेड़ काट रहे थे, तभी अचानक आंधी-बारिश शुरू हो गई और सभी मजदूर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। सूत्रों के मुताबिक, घटना में रिफाकत (55), प्रेमचंद (23) और राजेंद्र (30) की मौत हो गई, जबकि वसीम, नवाजिश, मोमराज, देवेंद्र, अनीस और इमरान गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को अमरोहा स्थित मुन्नी देवी मेमोरियल सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय अग्रवाल के अनुसार, घायलों का इलाज जारी है और वे सभी खतरे से बाहर हैं। हसनपुर के उप-जिलाधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि हर मृतक के परिवार को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

**पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद पशु तस्कर गिरफ्तारः** गाजियाबाद। जिले के लोनी इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गोलीबारी के दौरान तीन आरोपी और एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गए। लोनी के क्षेत्राधिकारी (सीओ) रजनीश उपाध्याय ने कहा, "एक वैन में जा रहे कुछ पशु तस्करों को पुलिस ने शुक्रवार की रात लोनी सीमा के पास रुकने के लिए कहा, जिसके जवाब में पशु तस्करों ने रुकने की बजाय पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं" पुलिस ने जवाबी कार्वाई में तस्करों पर गोलीबारी की। मुठभेड़ के बाद तीन पशु तस्करों को पकड़ा गया जबकि चौथा भागने में सफल रहा। उपाध्याय ने बताया कि आरोपी जिले और आसपास के इलाकों में मवेशियों की तस्करी करते थे।

**बेटे से पिता से फंसे होने की बात कहकर लगायी बचाने की गुहारः** जालौन (उरई)। काम धंधा के लिए दिल्ली गए बेटे से पिता की दो माह से बात नहीं हो रही है। अब बेटे ने फोन कर दिल्ली में कहीं फंसे होने की बात कही है। परेशान पिता ने बेटे की तलाश कराने की गुहार कोतवाली में तहरीर देकर लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी सूरज पाल ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा पूरन सिंह करीब तीन माह पूर्व काम धंधे के सिलसिले में दिल्ली गया था। जाने के एक माह बाद तक तो उससे फोन पर बात होती रही। इसके बाद उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा।

# अपराध शाखा को ट्रांसफर की गई शहजिल इस्लाम मामले की जांच

भाषा। बरेली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निशाना बनाकर दिए गए कथित भड़काऊ बयान को लेकर बरेली जिले के भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक शहजिल इस्लाम के खिलाफ दर्ज मामले की जांच अब पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) करेगी। पुलिस के एक शीर्ष के अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सजवान ने बताया कि मामले की जांच अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया है। बरेली के बारादरी थाने में दर्ज उपरोक्त मामले में शहजिल इस्लाम के साथ सपा के विशेष आमंत्रित सदस्य संजीव सक्सेना भी नामजद हैं। सजवान ने कहा कि थाना बारादरी पुलिस ने डेढ़ महीने में इस अतिसंवेदनशील मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई, इसलिए यह जांच यथाशीघ्र पूरी कर कार्वाई करने के निर्देश के साथ अपराध शाखा को सौंप दी गई है। उल्लेखनीय है कि भोजीपुरा से विधायक शहजिल इस्लाम, सपा नेता संजीव कुमार सक्सेना और अन्य के खिलाफ हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी अनुज वर्मा की तहरीर पर बरेली के थाना बारादरी में धारा 504 (लोक शांति भंग करना), 506 (धमकी देना) और 153 ए (दंगा भड़काने के इरादे से भड़काऊ बयान देना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अप्रैल महीने में बरेली में समाजवादी पार्टी से जीते हुए विधायकों के लिए आकाश पुरम में संजीव कुमार सक्सेना की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में शहजिल इस्लाम ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा था, अगर उनके (योगी) मुंह से आवाज निकलेगी, तो हमारी (सपा) भी बंदूकों से धुआं नहीं बल्कि गोलियां निकलेंगी। हालांकि, बाद में सफाई देते हुए उन्होंने एक समाचार चैनल पर अपने बयान को संपादित करने का आरोप लगाया। समारोह को संबोधित करते हुए, शहजिल इस्लाम ने कहा था, पहले (2017-2022 तक) हमारे कम विधायक थे तो सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत भला बुरा कहा, बस मुंह से गाली नहीं दी बाकी सारे क्रिया कर्म कर दिए लेकिन अब हम लोगों की अच्छी संख्या है और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नेता प्रतिपक्ष हैं तो अब अगर योगी आदित्यनाथ अपशब्द कहेंगे तो हम लोग भी चुप बैठने वाले नहीं हैं। हम लोग करारा जवाब देंगे।

## क्विक न्यूज

### घर में आग लगने से फिजियोथेरेपिस्ट की मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा मे रविवार को एक घर मे आग लगने से 48 वर्षीय फिजियोथेरेपिस्ट की कथित तौर पर दम घुटने से मौत हो गई। शुरुआती जांच के मुताबिक आग इंवर्टर में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बालूगंज इलाके मे तड़के दो मंजिले मकान में घटी। पुलिस ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंची तो मृतक का बेटा, बेटी और पत्नी बेहोशी की हालत में मिले जिनका आगरा के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। रकाबगंज पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी राम कुमार ने बताया, घटना तड़के करीब तीन बजकर 15 मिनट पर रकाबगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत बालूगंज की दो मंजिला इमारत में घटी। आग इंवर्टर में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। धुंए की वजह से आशीष दीक्षित की दम घुटने से मौत हो गई। उन्होंने बताया, घर में आग लगने की घटना की जानकारी मृतक की पत्नी ने डायल 112 पर फोन कर दी। इसके बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और परिवार को बचाया। पुलिस ने मृतक के पिता को पहले तल से सीढ़ी की मदद से सुरक्षित बचाया। उन्होंने बताया कि मृतक के 17 वर्षीय बेटे अंशु, 20 वर्षीय बेटी खुशी और 45 वर्षीय पत्नी प्राची बाथरूम के फर्श पर बेहोशी की हालत में मिले। उन्होंने बताया कि उन्हें इलाज के लिए सरोजनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल ले जाया गया। राम कुमार ने कहा, आशीष दीक्षित को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के अन्य सदस्यों का चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में इलाज किया गया और बाद में उन्हें निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

### अलीगढ़ में पशुओं से क्रूरता के आरोप में मांस फैक्ट्री के 37 कर्मचारी गिरफ्तार

**अलीगढ़** । अलीगढ़ शहर की एक प्रमुख मांस निर्यात इकाई के 37 कर्मचारियों को पशु क्रूरता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां जारी एक बयान में बताया कि यहां जवां थाना क्षेत्र मे स्थित मांस निर्यात फैक्ट्री हिंद एग्रो इंडस्ट्रीज प्लांट की औचक जांच के बाद शनिवार शाम गिरफ्तारियां की गईं और इकाई के 37 कर्मचारियों पर पशु क्रूरता अधिनियम और अन्य संबंधित कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने बताया कि दिल्ली में रहने वाले इकाई के मालिक और उसके दो शीर्ष अधिकारी, जो छापेमारी के समय मौके पर मौजूद नही थे, उनके खिलाफ भी पुलिस ने 420 (जालसाजी) और 120 बी (साजिश) समेत भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अधिकारियों की टीम ने पशुओं को अवैध रूप से काटने में इस्तेमाल होने वाले आठ चाकू जब्त किए हैं। उसने बताया कि पशुओं के बड़ी मात्रा मे मांस को कथित तौर पर अस्वच्छ परिस्थितियो मे फर्श पर बिखरा पाया गया और उसके नमूने परीक्षण के लिए लखनऊ की सरकारी प्रयोगशाला मे भेजे गए हैं। मामले मे विस्तृत जांच की जा रही है।

### मार्ग दुर्घटनाओं में दो महिलाएं घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान 02 महिलाएं बुरी तरह घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा शंकरपुर निवासी श्याम बाबू अपनी 21 वर्षीय पत्नी रतना, 50 वर्षीय मां सदावती पत्नी मोहन के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी से वापस गांव जा रहे थे। बताते हैं कि आंबापुर के समीप पति व मां सड़क पार कर लिए। उसी बीच रतना सड़क पार कर रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी प्रकार बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी प्रकार बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव निवासी हसनू की 45 वर्षीय पत्नी हशमतुन निशा अपनी 13 वर्षीय नातिन के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में जा रही थी। बाइक जैसे ही गांव के समीप नहर पुलिया पर पहुंची तभी अनियंत्रित होकर खंती में गिर गई। जिससे हशमतुन निशा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने हशमतुन की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# मिशन शक्तिः सुरक्षा संबंधी उपाय बताकर किया जागरूक



**फतेहपुर।** मिशन शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपद में महिला बीट आरक्षियों व गठित एन्टी रोमियो स्क्वाएड द्वारा स्कूल/कॉलेजों, बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों में छात्र-छात्राओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन-1930 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टी रोमियो टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं/बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पडने पर सम्बन्धित थाना/एण्टी रोमियों टीम व पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

# अकूत संपत्ति जुटाने वाले ढाई दर्जन अधिकारी-कर्मचारी विजिलेंस की रडार पर

- एक दर्जन के करीब सरकारी विभागों के कर्मचारियों की गुपचुप तैयार हो रही कुंडली
- आय से अधिक संपत्ति के मिल रहे प्रमाण, तीन नर्सिंग होम संचालक भी आ सकते हैं कार्रवाई की जद में

संवाददाता। फतेहपुर

**विभिन्न सरकारी** विभागों में नाजायज तरीके से धन संपत्ति इकट्ठा करने वाले ढाई दर्जन से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों पर विजलेंस की निगाह टेढ़ी हुई है। खबर है कि मनमाने तरीके से अकूत संपत्ति इकट्ठा करने वाले अधिकारी, कर्मचारी बिजिलेंस की राडार पर आए हैं। जिनकी पगार तो परिवार के खर्चे चलाने के लिए ही काफी है लेकिन उनकी लग्जरियस लाइफने अफसरों का माथा ठनकाया है। एक दर्जन से अधिक ऐसे कर्मचारी है जो जिले में ही नहीं बल्कि लखनऊ व नोएडा, ग्रेटर नोएडा जैसे शहरों में आलीशान फ्लैट व भू-खंडों के मालिक हैं। एक की बात कौन करे कईयों के पास तो कई-कई लग्जरी वाहन हैं। इतना ही नहीं जिले में भी इनके आलीशान घर व भूखंड अकूत संपत्तियों की कहानियां बयां कर रहे हैं। ऐसे कर्मचारियों का पूरा सजरा गुपचुप तरीके से बिजिलेंस के अधिकारी इकट्ठा करने में लगे हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर भी खुफिया तंत्र को लगाया गया है जो चिन्हित इन अधिकारियों/कर्मचारियों की पूरी कुंडली तैयार कर रहा है। मोदी सरकार बनने के बाद ही काला धन रखने वालों पर कड़ी कार्रवाईयों का सिलसिला जो शुरू हुआ है वह अभी जारी है। सरकार की सख्ती का ही नतीजा रहा कि काला धन रखने वाले अनगिनत उद्योगपति व व्यापारी चपेट में आये और कई तो चूना लगाकर देश से ही रफूचक्कर हो गए। आय से अधिक संपत्ति के मामले भी अकेले प्रदेश में हजारों की तादाद में है तो फिर इससे फतेहपुर जिला अछूता कैसे रह सकता है। खबर आ रही है कि जिले के एक दर्जन के करीब सरकारी विभागों के ढाई दर्जन से अधिक अधिकारी/कर्मचारी बिजिलेंस की राडार पर हैं। सूत्रों की माने तो जिले में खनन, एआरटीओ, लोक निर्माण, विद्युत, चिकित्सा, सिंचाई, शिक्षा, पुलिस के अलावा ग्राम्य विकास विभाग के कर्मचारी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। तीन नर्सिंग होम संचालक भी विजिलेंस के निशाने पर हैं। सबसे खास बात यह है कि पंचायत राज विभाग में ग्राम पंचायत स्तर पर विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले कई सचिवों की भी कुंडली खंगाली जा सकती है। यह वह लोग हैं जिनकी सरकारी पगार से तो ऐसी लाइफ स्टाइल नहीं जी जा सकती है और ना इतनी दौलत इकट्ठा की जा सकती है। खबर है कि बिजिलेंस ने जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को जिले में चिन्हित करने का काम शुरू किया है उनमें आय से अधिक संपत्ति के ही मामले सामने आ रहे हैं। इनके जिले में ही कई-कई आवासीय भूखंड, आवास, हाई-फाई लग्जरियस लाइफ तथा कई-कई लग्जरी वाहनों ने विजिलेंस के जिम्मेदारों को सोचने के लिए मजबूर किया है। खबर तो यह भी है कि जिनको चिन्हित करने का काम किया गया है। उनकी लखनऊ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बंगलौर व उत्तराखंड में भी संपत्ति होने के दावे किए जा रहे हैं।

### बहराइच में तेंदुआ की मौत मामले में ग्रामीणों पर प्राथमिकी दर्ज कराएगा विभाग

**बहराइच (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के मटेरा थाना क्षेत्र के नबीनगर गांव में एक मादा तेंदुआ की मौत के मामले में ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्णय किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) मनीष सिंह ने रविवार को बताया, शुक्रवार को ग्रामीणों के हमले में एक मादा तेंदुए की मौत हो गई और विभाग आरोपी ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज कराएगा। उन्होंने दावा किया कि कथित तौर पर ग्रामीणों द्वारा किए गए हमले में मादा तेंदुए की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि तेंदुए का पीछा करने और उसे मारने में कम से कम दो दर्जन ग्रामीण शामिल थे। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# 30 मई तक शहर को चमका दीजिए

भाषा। उन्नाव




**जिलाधिकारी** रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद उन्नाव के सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में किया गया ।बैठक में जनपद की नगर पालिका परिषद में साफसफाई की व्यवस्थाए विद्युत व्यवस्थाए अवैध टैक्सी स्टैंडए अवैध बस स्टैंड आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारीए सफाई नायकए सफाई हवलदारए जेईए सफाई इंस्पेक्टर आदि को कड़े निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा शहर की साफ सफाई की व्यवस्था खराब होने पर रोष व्यक्त किया गया। उन्होंने प्रत्येक सफाई नायकए हवलदार को 1 सप्ताह के अंदर समस्त नालो की साफसफाईए सड़कों पर से कूड़ा हटानाए समस्त खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अगर 30 मई तक समस्त नगर पालिका परिषद उन्नाव के नालों आदि की साफ सफाई नहीं होती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त 32 वार्डों में लगे हुए समस्त सफाई नायक सफाई हवलदार सहित समस्त संबंधित को जल्द से जल्द साफसफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंहए उप जिलाधिकारी सदरध् अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नावए नगर पालिका के समस्त नगर पालिका के समस्त कर्मचारीए सफाई नायकए हवलदारए जेईए सफाई इंस्पेक्टर सहित समस्त संबंधित उपस्थित रहे।

# पुलिस कहानी से उलट मृतक के भाई ने हत्या का लगाया आरोप

भाषा। बांगरमऊ उन्नाव

**ग्राम काशीराम खेड़ा के निकट गत 15 मई को देर रात एक 35 वर्षीय युवक का रक्तरंजित शव बरामद हुआ था**

**बेहटा** मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम काशीराम खेड़ा के निकट गत 15 मई को देर रात एक 35 वर्षीय युवक का रक्तरंजित शव बरामद हुआ था। बेहटा पुलिस ने युवक की मौत का कारण नीलगाय और बाइक की टक्कर होना बताया था। लेकिन युवक के भाई ने बेहटा पुलिस को तहरीर देकर दलील दी है कि नीलगाय का शव घटना के 3 दिन पहले से पड़ा था। इसलिए बाइक और नीलगाय की टक्कर का कोई सवाल ही नहीं उठता । इसके अलावा घटना स्थल के पास पड़ी खाली शराब की बोतले और गिलास हत्या की दास्तां बयां कर रहे हैं ।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम गोवा पट्टी निवासी सोनू कुमार पुत्र दुलारे द्वारा पुलिस को सौंपी गई तहरीर के अनुसार उसका भाई रामजीवन 35 वर्ष गत 15 मई को आवश्यक कार्य से ग्राम सरेहरी थाना बेहंदर जिला हरदोई गया था। रात के समय उसका भाई बाइक से वापस घर आ रहा था। तभी रास्ते में ग्राम काशीराम खेड़ा के निकट गांव के ही तीन लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उसके भाई की जमकर पिटाई की। जिससे उसकी मौत हो गई। तीनों आरोपियों ने कुछ दिन पूर्व उसके भाई को जान से मार डालने की धमकी भी दी थी। उधर थाना बेहटा मुजावर पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर ही क्षतिग्रस्त बाइक बरामद हुई थी और बगल में ही नीलगाय का शव भी पड़ा था । पुलिस का मानना था कि बाइक और नीलगाय की जोरदार टक्कर से रामजीवन की मौत हुई है। लेकिन आज रविवार को भाई सोनू ने बेहटा पुलिस को एक और तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार घटना स्थल के पास पड़ा नीलगाय का शव 3 दिन पहले का था । इसलिए नीलगाय से टक्कर होने का कोई सवाल ही नहीं उठता । इसके अलावा घटनास्थल के पास ही शराब की बोतलें और खाली गिलास पड़े थे। जिससे प्रतीत होता है कि शराब पीने के बाद आरोपियों ने भाई रामजीवन की पीट.पीटकर हत्या की है ।

# आखिरी मैच में पंजाब किंग्स की जीत

## सनराइजर्स को पांच विकेट से हराया

भाषा। मुंबई


हरप्रीत बरार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए

**पंजाब किंग्स** ने आईपीएल के आखिरी लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया। इससे पहने पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने बेहद अनुशासित प्रदर्शन करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को रविवार को आठ विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। अर्शदीप सिंह ने भारतीय टीम में चयन का जश्न किफायती गेंदबाजी के साथ मनाते हुए चार ओवर में सिर्फ 25 रन दिए। वहीं हरप्रीत बरार ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने प्रियम गर्ग, राहुल त्रिपाठी और एडेन मार्कराम को पवेलियन भेजा। चार क्वालीफायर टीमें तय हो चुकी हैं लिहाजा यह मैच औपचारिकता मात्र बचा है। सनराइजर्स की टीम काफी थकी हुई नजर आई और खिलाड़ियों में प्रेरणा का अभाव साफ दिखा। सनराइजर्स के लिए इस सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एक बार फिर अच्छी शुरूआत की लेकिन उसे बड़ी पारी में नहीं बदल सके। उन्होंने 32 गेंद में 43 रन बनाए। त्रिपाठी ने इस सत्र में 400 रन पूरे किए लेकिन 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। भारतीय टीम में नहीं चुने जाने की टीस कहीं न कहीं उनके प्रदर्शन पर हावी थी और वह खुलकर स्ट्रोक्स भी नहीं खेल सके। रोमारियो शेफर्ड ने 15 गेंद में नाबाद 26 और वाशिंगटन सुंदर ने 19 गेंद में 25 रन बनाकर सनराइजर्स को 150 रन के पार पहुंचाया। दोनों ने 4 . 5 ओवर में छठे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। आखिरी चार ओवर में 50 से अधिक रन बने। नाथन एलिस ने चार ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिए लेकिन आखिरी ओवरों में महंगे साबित हुए। एलिस ने लगातार दो गेंदों पर विकेट चटकाए लेकिन भुवनेश्वर कुमार ने उन्हें हैट्रिक नहीं लेने दी। वह अगली गेंद पर हालांकि रन आउट हो गए।

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी** : प्रियम का अग्रवाल बो रबाडा 4, अभिषेकका लिविंगस्टोन बो बरार 43, त्रिपाठी का धवन बो बरार 20,मार्कराम स्ट शर्मा बो बरार 21, पूरन का शर्मा बो एलिस 5,सुंदर का धवन बो एलिस 25,शेफर्ड नाबाद 26,सुचित का मांकड़ बो एलिस 0, भुवनेश्वर कुमार रन आउट।, मलिक नाबाद 0, **अतिरिक्त** : 12 रन,**कुल योग** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 157 रन, विकेट पतन : । -14, 2- 61, 3 -76, 4-87, 5-96, 6-154, 7-154, 8-156, **गेंदबाजी** : लिविंगस्टोन 4-0 - 25-0, अर्शदीप 4 -0-25-0, रबाडा 4-0 -38-1, एलिस 4 -0-40 -3, बरार 4 -0-26-3

**पंजाब किंग्स पारी** : बेयरस्टॉ बो फारूकी 23, धवन बो फारूकी 39, शाहरूख खान का सुंदर बो मलिक 19, अग्रवाल का सुचित बो सुंदर।, लिविंगस्टोन नाबाद 49, शर्मा का गर्ग बो सुचित 19,मांकड़ नाबाद 4,**अतिरिक्त** : छह रन,**कुल योग** : 15.1 ओवर मे पांच विकेट पर 160 रन, **विकेट पतन** : । -28, 2-66, 3-71, 4 -112, 5-133, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 2- 0- 22-0,सुंदर 2-0-19 -।,फारूकी 4-0-32-2, सुचित 4-0-38-।, मलिक 2.1-0-24-।, शेफर्ड ।-0 -23- 0

## भारतीय दल ने बहरीन पैरा बैडमिंटन में 23 पदक जीते

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय पैरा** बैडमिंटन टीम ने मनामा में पहली बहरीन पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में सात स्वर्ण समेत 23 पदक जीते। प्रतिभाशाली युगल खिलाड़ी मनीषा रामदास ने दो स्वर्ण पदक जीते जबकि नित्या श्री सुमति सिवान (डब्ल्यूएस एसएच6) और डी पांडुरंगन तथा शिवराजन एस (युगल एसएच 6) ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किए। दुनिया के नंबर एक पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत और तरूण ढिल्लों ने भी स्वर्ण पदक जीते। भगत के साथ मनीषा ने थाईलैंड के सिरिपोंग टीमारोम और निपाडा साएनसुपा को 21-14, 21-11 से हराकर मिश्रित युगल में स्वर्ण जीता। मनीषा और मनदीप कौर ने महिला युगल फाइनल में पलक और पारूल परमार को 21-11, 21-11 से हराया। एशियाई युवा पैरा चैम्पियन नित्या ने इंग्लैंड की रशेल चूंग को 21-15, 21-15 से शिकस्त दी जबकि मनदीप को महिला एसएल3 फाइनल में तुर्की की हलीमे यिदिज ने 21-5, 21-17 से हराया। युगल एसएच6 में डी पांडुरंगन और शिवराजन ने हांगकांग के चु मान केइ और वोंग युन यिम के रिटायर होने के बाद स्वर्ण जीता। मुख्य कोच गौरव खन्ना ने कहा , हमारे पैरा खिलाड़ियों ने एक बार फिर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# धन्यवाद मुंबई, हम इसे याद रखेंगे : कोहली

भाषा। मुंबई



**मुंबई इंडियन्स** की दिल्ली कैपिटल्स पर पांच विकेट की रोमांचक जीत से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंच गया जिसके बाद विराट कोहली ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा, धन्यवाद मुंबई, हम इसे याद रखेंगे। मुंबई ने शनिवार को दिल्ली को हराकर चौथी जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया। इससे आरसीबी नॉकआउट चरण में पहुंच गया। कोहली ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, यह अविश्वसनीय था। भावनाओं का ज्वार उमड़ रहा था। धन्यवाद, मुंबई, हम इसे याद रखेंगे। आरसीबी ने अपने अंतिम लीग मैच में अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटन्स को आठ विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा था, लेकिन वह दिल्ली की मुंबई के हाथों हार पर ही आगे बढ़ पाते। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि पूरी टीम ने एक साथ मैच देखा और मुंबई की टीम के प्रत्एक अच्छे प्रदर्शन पर तालियां बजाई। डुप्लेसी ने कहा, यह बहुत अच्छा था। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि खेल की शुरूआत से ही हर कोई यहां था, इसलिए हमने इसे एक साथ देखा। उन्होंने कहा, हम सभी मुंबई को मिले हर विकेट विकेट का और बाद में जब वे लक्ष्य का पीछा कर रहे थे तो उनके हर शॉट का जश्न मना रहे थे। सभी के लिए यह अच्छा था कि हम साथ में मैच देख रहे थे। मैच समाप्त होने पर जश्न का हिस्सा बनना शानदार था। आरसीबी अब 25 मई को कोलकाता में एलिमिनेटर में तीसरे स्थान पर काबिज लखनऊसुपर जायंट्स से भिड़ेगा। आरसीबी ने अभी तक आईपीएल का खिताब नहीं जीता है और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि टीम यह सपना साकार करने के बहुत करीब है। मैक्सवेल ने कहा, हमारे लिए यह अद्भुत परिणाम है। हमने एक कदम आगे बढ़ाया है। हम इस टूर्नामेंट में आरसीबी के लिए इतिहास बनाने के करीब हैं।

### टिटमस ने 400मीटर फ्रीस्टाइल विश्व रिकॉर्ड बनाया

**एडीलेड।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता एरियन टिटमस ने ऑस्ट्रेलियाई तैराकी चैंपियनशिप में महिलाओं के 400 मीटर फ्रीस्टाइल ने नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। ऑस्ट्रेलिया की इस तैराक ने दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई एक्वेटिक सेंटर में रविवार को फाइनल में तीन मिनट, 56.40 सेकंड का समय लेते हुए केटी लेडेकी केरिकॉर्ड को तोड़ा। अमेरिका की केटी ने 2016 रियो ओलंपिक मे तीन मिनट 56.46 सेकंड के साथ विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। टिटमस ने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक के 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण जीता था।

### कलारीपयट्टू में दिखाया दम

**लखनऊ।** पंचकूला हरियाणा में आयोजित खेलो इंडिया में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली स्वदेशी मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू की उत्तर प्रदेश टीम के फाइनल चयन व प्रशिक्षण हेतु चौक स्टेडियम इंडोर हॉल में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसका उद्घाटन पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान केरला से आए कलारीपयट्टू प्रशिक्षक एक्सपर्ट्स व प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा खेल की विभिन्न तलवारबाजी, लाठी, उर्मी जैसी पारंपरिक विधाओं का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजापा नेत्री अपर्णा यादव, प्रदेश अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, प्रवीण गर्ग उपस्थित रहे। प्रदेश सीईओ प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब ढ़ाई सौ खिलाडी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### मोटरसाईकिल यात्रा शुरू

**लखनऊ।** स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव अवसर पर क्रीड़ा भारती द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र की अभिनव अर्चना कार्यक्रम के अन्तर्गत मोटरसाईकिल यात्रा राष्ट्र प्रदक्षिणा सह वंदना का कार्यक्रम सम्पूर्ण देश में एक समय पर 225 स्थानों से 75 - 75 मोटरसाईकिल का ग्रुप कुल 18 हजार किलोमीटर की प्रदक्षिणा एक साथ शुरू हुई। लखनऊ जिले में ये यात्रा के डी सिंह बाबू स्टेडियम से शुभारम्भ हुई। सर्वप्रथम भारत माता पूजन हुआ फिर सामूहिके राष्ट्र गान का गायन हुआ। इस राष्ट्र वंदना उपक्रम की संक्षिप्त जानकारी के सभी को क्रीड़ा भारती की शपथ दिलाई गई। क्रीड़ा भारती स्थानीय पदाधिकारी गोविंद पांडेय, अवनीश सिंह एवं अनुज तिवारी के उद्बोधन के पश्चात मुख्य अतिथि गिरीश यादव खेल मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का उद्बोधन हुआ।

### फीफा से भारत को समय देने की गुजारिश करूंगा: पटेल

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष पद से हटाए गए प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वह सोमवार को फीफा प्रमुख जियानी इन्फेंटिनो से बात करेंगे और देश पर प्रतिबंध नही लगाने के साथ चुनाव के लिए दो महीने का समय देने की मांग करेंगे। फीफा और एएफसी की एक संयुक्त टीम एआईएफएफ के रोजमर्रा का काम चलाने के लिए प्रशासकों की एक समिति (सीओए) के गठन के न्यायालय के आदेश के बाद मौजूदा स्थिति को समझने के लिए भारत का दौरा करने के लिए तैयार है। फीफा परिषद के सदस्य पटेल इन्फेंटिनो से आग्रह करने के अलावा विश्व फुटबॉल शासी निकाय के महासचिव फातमा समौरा से भी बात करेंगे। जल्द से जल्द चुनाव कराना जरूरी है। मै फीफा से बात करूंगा और उनसे कहूंगा कि चाहे जो भी परिस्थिति हो, अगर दो महीने में चुनाव होते है तो कृपया भारत को थोड़ी छूट दे।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 टीम में पुजारा और हार्दिक की वापसी

## उमरान टी-20 के लिए भारतीय टीम में शामिल किए गए

भाषा। नई दिल्ली







**जम्मू कश्मीर** के तेज गेंदबाज उमरान मलिक को उम्मीद के अनुरूप दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ जून से शुरू हो रही आगामी पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय घरेलू श्रृंखला के लिए रविवार को भारतीय टीम में चुना गया। उमरान ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 13 मैचों में 21 विकेट झटके हैं लेकिन उनके लगातार 95 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता ने सभी को आकर्षित किया जिससे उनके जल्द ही शीर्ष स्तर के क्रिकेट में चयन की बातें चलने लगीं।

उमरान के अलावा पंजाब किंग्स के डेथ ओवरों (अंतिम ओवरों) के विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह को भी पहली बार राष्ट्रीय टीम में चुना गया। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए आराम दिया गया है जिसमें ऋषभ पंत उप कप्तान होंगे। रोहित, कोहली और बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ एक से पांच जुलाई को एजबेस्टन में होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए 15 जून को इंग्लैंड के लिए उड़ान पकड़ेंगे तथा चेतेश्वर पुजारा उनके साथ जुड़ेंगे जिनकी ससेक्स के लिए इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद 17 सदस्ईय भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। आल राउंडर हार्दिक पंड्या की भी छोटे प्रारूप की टीम में वापसी हुई है जिन्होंने आईपीएल की नई फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स की सफलतापूर्वक अगुआई करते हुए उसे प्लेऑफ में पहुंचाया। वह तेजी से कुछ ओवर गेंदबाजी करने के अलावा टीम के लिए बल्ले से भी निरंतर प्रदर्शन करते रहे। उमरान ने भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में गेंदबाजों में मोहसिन खान को पछाड़ा तो वहीं बल्लेबाजों में राहुल त्रिपाठी जगह बनाने से चूक गए। पूर्व खिलाड़ियों और विशेषज्ञों सभी ने उमरान के राष्ट्रीय टीम में चुने जाने की वकालत की थी लेकिन लखनऊसुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान अगर पूरी तरह फिट होते तो उनके लिए चीजें आसान नहीं होती। उमरान ने अपने ज्यादातर विकेट आईपीएल के शुरूआती हिस्से में चटकाए जबकि बल्लेबाज उनकी रफ्तार के आदी हो रहे थे लेकिन समझा जा सकता है कि चयनकर्ता उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के गेंदबाज मोहसिन खान से कहीं ज्यादा प्रभावित थे जिन्होंने आठ मैचों में 5.93 के शानदार इकोनोमी रेट से 13 विकेट झटके थे जबकि उमरान ने 13 मैचों में 8.93 के इकोनोमी रेट से 21 विकेट झटके हैं। लेकिन मोहसिन के मांसपेशियों में खिंचाव ने चेतन शर्मा की समिति का काम आसान कर दिया जिन्होंने अर्शदीप को भी चुना, विशेषकर उनकी अंतिम ओवर की गेंदबाजी की वजह से। अर्शदीप ने भले ही 13 मैचों में केवल 10 विकेट झटके हैं लेकिन उनकी बदल बदल कर वाइड यॉर्कर और ब्लॉक-होल में गेंदबाजी करने की क्षमता ने उन्हें टीम में स्थान दिलाया। अर्शदीप बतौर नेट गेंदबाज पिछले साल श्रीलंका में उसके खिलाफ हुई श्रृंखला में भारतीय टीम के साथ थे जबकि उमरान संयुक्त अरब अमीरात में टी20 विश्व कप के दौरान राष्ट्रीय टीम के साथ नेट गेंदबाज थे। दिनेश कार्तिक ने 36 साल की उम्र में भारतीय टीम के लिए फिर से (कई बार) वापसी की है जबकि वह पहली बार भारत के लिए 18 साल पहले खेले थे। कार्तिक के शामिल होने से निश्चित रूप से पंत थोड़े दबाव में आ जाएंगे क्योंकि दोनों मध्यक्रम फिनिशर की भूमिका निभाते हैं जबकि तीसरे विकेटकीपर ईशान किशन के साथ ऐसा नहीं है जो विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज हैं। टीम शीट के अनुसार जहां तक संकेत मिलते हैं, कार्तिक दूसरे विकेटकीपर होंगे और ईशान पूर्ण रूप से बल्लेबाज। वहीं एक ऐसे खिलाड़ी राहुल त्रिपाठी हैं जो थोड़ा निराश महसूस करेंगे क्योंकि रविवार से पहले उन्होंने 160 से ज्यादा स्ट्राइक रेट से 393 रन बनाए थे और तीन बार 50 से ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं। त्रिपाठी आईपीएल में काफी निरंतर बल्लेबाजी करते रहे और उन्हें सत्र के दौरान कभी मौका मिल सकता है लेकिन सूर्यकुमार यादव हाथ की चोट के कारण टीम से बाहर हैं तो यह मुश्किल लगता है। वहीं हार्दिक पंड्या वापसी कैसे करेंगे, यह सवाल नहीं था बल्कि कब वापसी करेंगे, सवाल यह था। गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने 13 मैचों में 131 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 413 रन बनाए और इससे भी अहम चीज उन्होंने करीब 25 ओवर (24.3 ओवर) गेंदबाजी भी की जो प्रत्एक मैच दो ओवर के करीब रहे।

**भारतीय टेस्ट टीम** : रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), कोना भरत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और प्रसिद्ध कृष्णा।

**भारत की टी20 टीम** : लोकेश राहुल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (उप कप्तान, विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

## पूर्व चैम्पियन मुगुरूजा फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर

भाषा। पेरिस

**दो बार** की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन गार्बाइन मुगुरूजा फ्रेंच ओपन में लगातार दूसरे साल पहले दौर से बाहर हो गई। मुगुरूजा ने 2016 में रोलां गैरो पर खिताब जीता था। इस साल उन्हें दसवीं वरीयता दी गई थी लेकिन उन्हें एस्तोनिया की काइया कानेपी ने 2- 6, 6 -3, 6-4 से हराया। कानेपी अगले महीने 37 वर्ष की हो जाएंगे और पेरिस में महिला ड्रॉ में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्हें 46वीं रैंकिंग मिली है और वह 15वीं बार यहां खेल रही है। पुरूष वर्ग में दो बार के उपविजेता डोमिनिक थीम पहले दौर में ही बाहर हो गए जिससे उनका हार का सिलसिला 10 मैचों का हो गया है। उन्हें बोलिविया के 87वीं रैंकिंग वाले हुजो डेलिएन ने 6-3, 6-2, 6-4 से हराया। महिला वर्ग में छठी वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 56वीं रैंकिंग वाली पोलैंड की मागडा लिनेटे ने 3-6, 7-6, 7-5 से मात दी।

# कोई संदेह नहीं, पंत कप्तानी के लिए सही विकल्प हैं : पोंटिंग

भाषा। मुंबई



**दिल्ली कैपिटल्स** के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने ऋषभ पंत के टीम की अगुआई जारी रखने का समर्थन करते हुए कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी काफी युवा है और कप्तानी के गुर सीख रहा है जिससे वह इस पद के लिए सही विकल्प बना रहेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें चरण में इस युवा ने मैदान पर कुछ ऐसे फैसले किए जिससे पूरे सत्र में उनकी आलोचना होती रही। शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के सामने मुंबई इंडियंस के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला था लेकिन रणनीतिक चूक का टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे वह प्लेऑफ में जगह बनाने में असफल रही। मुंबई इंडियंस की टीम 14.3 ओवर में तीन विकेट पर 95 रन के स्कोर पर थी लेकिन पंत ने एक रणनीतिक गलती कर दी और टिम डेविड के अपनी पारी की पहली गेंद पर बल्ला छुआने के लिए डीआरएस लेने से इनकार कर दिया और मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट करार नहीं दिया। डेविड ने फिर महज 11 गेंद में चार छक्के और दो चौके से 34 रन जड़ दिए जिससे मैच दिल्ली कैपिटल्स के हाथों से निकल गया। दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस से पांच विकेट से हार मिली जिसके बाद पोंटिंग ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से, मेरे दिमाग में कोई संशय नहीं है कि ऋषभ कप्तानी के लिए सही पसंद हैं, यहां तक कि पिछले सत्र में भी कोई संशय नहीं था।

### थोड़े बदलाव करने से फॉर्म में वापसी कर लूंगा : रोहित



**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी मे काफी कुछ उनके अनुकूल नही रहा, लेकिन इस निराशाजनक सत्र के बावजूद उनकी रातो की नींद गायब नही हुई और थोड़े बदलाव करने से वह फिर से फॉर्म मे वापसी कर लेगे। रोहित के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का यह सत्र बेहद निराशाजनक रहा। आईपीएल के 2008 मे पहले सत्र मे पदार्पण करने से लेकर पहली बार ऐसा हुआ जबकि वह एक भी अर्धशतक बनाने मे नाकाम रहे। इस सलामी बल्लेबाज ने 14 मैचो मे 19.14 के औसत और 120.17 के स्ट्राइक रेट से केवल 248 रन बनाए। रोहित ने शनिवार को सत्र का अपना आखिरी मैच खेलने के बाद संवाददाताओ से कहा, बहुत सी चीजे जो मै करना चाहता था, उन्हे मै नही कर पाया। मै इस सत्र मे अपने प्रदर्शन से बहुत निराश हूं। लेकिन ऐसा मेरे साथ पहले भी हो चुका है, इसलिए यह ऐसा नही है जिससे मै पहली बार गुजर रहा हूं। उन्होने कहा, मै जानता हूं कि क्रिकेट यही खत्म नही होता, आगे हमे काफी क्रिकेट खेलनी है। इसलिए मुझे मानसिक पहलू पर ध्यान देने और इस पर विचार करने की जरूरत है कि मै फॉर्म मे कैसे लौट सकता हूं और कैसे अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। रोहित ने कहा, थोड़े बदलाव करने होगे और जब भी समय मिलेगा मै इन पर काम करने की कोशिश करूंगा। आईपीएल की सबसे सफल टीम मुंबई के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा। दिल्ली कैपिटल्स पर आखिरी मैच मे पांच विकेट की जीत के बावजूद वह अंतिम स्थान पर रही। मुंबई ने लगातार आठ हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और इसके बाद बाकी बचे छह मे से चार मैचो मे उसने जीत दर्ज की। रोहित ने कहा, यह सत्र हमारे लिए थोड़ा निराशाजनक रहा क्योंकि टूर्नामेंट की शुरुआत मे हम अपनी रणनीति पर अमल नही कर पाए। हम जानते है कि आईपीएल जैसे टूर्नामेंट मे आपको लय बनानी होती है।

### लीपजिग ने जर्मन कप जीता



**बर्लिन।** लीपजिग ने दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद शानदार वापसी करके फ्रीबर्ग को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर जर्मन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फ्रीबर्ग को मैक्समिलन एगसटीन ने 19वें मिनट में ही बढ़त दिला दी थी। ऐसे में 57वें मिनट में मार्सेल हेस्टनबर्ग को लाल कार्ड मिलने से लीपजिग को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लीपजिग के क्रिस्टोफर नाकुंकु ने 76वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय और पेनल्टी तक खींचा। पेनल्टी में फ्रीबर्ग के कप्तान क्रिश्चियन गुंटर और एर्मीडिन डेमिरोविक दोनों गोल करने में नाकाम रहे। लीपजिग का यह 2009 में स्थापना के बाद पहला खिताब है। क्लब पिछले साल बोरुसिया और 2019 में बायर्न म्यूनिख से फाइनल हार गया था।

### टी20 प्रारूप में सुधार के लिए मेहनत कर रही हूं: मंधाना

**पुणे।** भारतीय टीम की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को कहा कि वह अगले 12 महीने में टी20 मैचों की अधिक संख्या को देखते सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में अपने खेल को सुधारने और अधिक स्ट्रोक खेलने की कोशिश कर रही हैं। सोमवार से शुरु हो रही वुमेन टी20 चैलेंज लीग में गत चैम्पियन ट्रेलब्लेजर्स की अगुवाई कर रही मंधाना ने कहा, निजी तौर पर मैं अपने टी20 क्रिकेट पर काम कर रही हूं क्योंकि इस साल हमें बहुत सारे टी20 मैच खेलने हैं। मैं जितना शॉट खेलती थी उससे थोड़ा और अधिक शॉट खेलने की कोशिश कर रही हूं। महिला टी20 चैलेंज सोमवार से 28 मई तक यहां के एमसीए स्टेडियम में खेला जाएगा।


थामस कप में सफल खिलाड़ियों से मिलते पीएम नरेंद्र मोदी

### राष्ट्रमंडल खेलों के लिए जूडो टीम के चयन के लिए सात वजन वर्गों में होगा चयन ट्रायल

भाषा। नई दिल्ली

**साइ** ने कहा कि देश में जूडो चयन की देखरेख के लिए नामित समिति बर्मिंघम में होने वाले आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए 23 से 26 मई तक सात वजन वर्गों में अंतिम ट्रायल्स आयोजित करेगी। महिला खिलाड़ियों के लिए ट्रायल्स यहां 23 और 24 मई को कराए जाएंगे जबकि पुरूष जूडोका के लिए ट्रायल्स पटियाला में 25 और 26 मई को कराए जाएंगे। आयोजन समिति को 18 मार्च को महिलाओं के प्रत्एक 48 किग्रा, 57 किग्रा और 63 किग्रा वर्ग तथा पुरूषों के 60 किग्रा, 66 किग्रा और 100 किग्रा वर्ग में चार-चार जूडोका की लंबी सूची भेजी थी।

# पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में युवा भारतीय टीम को दबाव से निपटने की जरूरत

## एशिया कप हाकी

भाषा। जकार्ता



**भारत की** दूसरी श्रेणी की हॉकी टीम सोमवार को जब यहां एशिया कप में अपने खिताब के बचाव की शुरूआत करने के लिए पहले मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसे कुशलता से दबाव से निपटना होगा। पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में कुछ नए चेहरों को उतारा है तो भारत अनुभवी बीरेंद्र लाकड़ा की अगुआई में अपनी ये टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। लाकड़ा ने तोक्यो ओलंपिक के बाद संन्यास से वापसी की है। भारत के लिए एशिया कप व्यस्त सत्र से पहले अपनी बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का मंच प्रदान करेगा जिसमें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल और अगले साल एफआईएच विश्व कप शामिल है जिसके लिए तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने मेजबान देश के तौर पर पहले ही क्वालीफाई कर लिया है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान इस टूर्नामेंट से भुवनेश्वर में होने वाले 2023 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में है। एशिया कप से शीर्ष तीन टीमें सीधे जनवरी में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लेंगी। भारत और पाकिस्तान दोनों ही टीमें तीन तीन बार एशिया कप अपने नाम कर चुकी हैं। भारत ने पिछला चरण 2017 में जीता था और ढाका में हुए फाइनल में उसने मलेशिया को हराया था। भारत की 20 सदस्ईय टीम को पूर्व कप्तान सरदार सिंह कोचिंग दे रहे हैं। पहले टीम की अगुआई तोक्यो पदक विजेता रूपिंदर पाल सिंह को करनी थी जिन्होंने भी संन्यास से वापसी की है लेकिन कलाई की चोट के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारतीय टीम में एक और अनुभवी एसवी सुनील शामिल हैं जिन्होंने भी संन्यास से वापसी की और उन्हें मैदान में काफी चुस्त और फुर्तीला माना जाता है।